# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, सोमवार, 28 जुलाई 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 72 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

**1741:** कैप्टन बेरिंग ने माउंट सैंट एलियास, अलास्का की खोज की।

**1742:** प्रशिया और आस्ट्रिया ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।

**1821:** पेरू ने स्पेन से स्वतंत्रता की घोषणा की।

**1866:** अमेरिका में मापने की मीट्रिक प्रणाली को वैधानिक मान्यता मिली।

**1914:** प्रथम विश्व युद्ध की शुरुआत।

# गुमला के नक्सल क्षेत्र में आयी मत्स्य क्रांति : मोदी

### प्रधानमंत्री ने की संथाल की सिल्क साड़ियों की सराहना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें संस्करण में झारखंड के दो प्रेरणादायक उदाहरणों का जिक्र करते हुए गुमला जिले के ओमप्रकाश साहू और संथाल परगना की हैंडलूम सिल्क साड़ियों की विशेष रूप से सराहना की। प्रधानमंत्री ने इन दोनों उदाहरणों को स्थानीय संसाधनों के प्रभावशाली उपयोग और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने गुमला के ओमप्रकाश साहू की कहानी को साझा करते हुए कहा कि वह पहले नक्सलवाद की राह पर थे लेकिन उन्होंने हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में लौटने का साहसी फैसला लिया। आज वे मछली पालन के व्यवसाय से लाखों की आमदनी कर रहे हैं और दूसरों को भी आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे रहे हैं। मोदी ने कहा कि अंधेरे से उजाले की ओर बढ़ने की यह मिसाल दिखाती है कि अगर किसी को अवसर और सही दिशा मिले तो वह समाज के लिए बदलाव का वाहक बन सकता है। इस पहल से न केवल साहू समुदाय बल्कि पूरे गुमला जिले में ग्रामीणों की सोच में बदलाव आया है। पारंपरिक खेती



से आगे बढ़कर अब लोग जलस्रोतों का उपयोग कर मछली पालन जैसे स्थायी आजीविका साधनों को अपना रहे हैं जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार भी बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि गुमला जिले का बसिया प्रखंड एक समय माओवादी हिंसा के लिए जाना जाता था। लोग अपने घरों में डरे-सहमे दुबक के रहते थे। लोगों के पास कोई रोजगार नहीं था। जमीनें खाली पड़ी थी और नौजवान पलायन कर रहे थे। इसी बीच एक विकास का दीपक जला। बसिया प्रखंड निवासी ओम प्रकाश साहू ने हिंसा का रास्ता छोड़ मत्स्य पालन शुरू किया। उन्होंने न केवल खुद इस रास्ते को चुना बल्कि अपने साथियों को भी इसके लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से मछली पालन करने वाले लोगों को नयी ताकत मिली। योजना के तहत मत्स्य पालन का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही तालाब बनाने में भी लोगों को मदद मिली। देखते ही देखते गुमला में मत्स्य क्रांति की शुरुआत हुई। आज बसिया प्रखंड में 150 से अधिक परिवार मछली पालन से जुड़ चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र की प्रसिद्ध सिल्क हैंडलूम साड़ियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां की महिलाएं और कारीगर पारंपरिक बुनाई और रंगाई की कला को आज भी जीवित रखे हुए हैं। उन्होंने इसे भारत की सांस्कृतिक विरासत का सुंदर प्रतिबिंब बताया। पीएम मोदी ने लोगों से 'वोकल फॉर लोकल' अभियान के तहत संथाल की इन साड़ियों को अपनाने की अपील की और कहा कि इन साड़ियों को खरीदकर न केवल देश की संस्कृति को सहेजा जा सकता है बल्कि उन कारीगरों को भी आर्थिक सहयोग मिलेगा जो पीढ़ियों से इस कला को जीवित रखे हुए हैं।

## धनबाद में 27 जुलाई से 2 अगस्त तक अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टी रद्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर तैयारी कर रहा है। एक अगस्त को यहां राष्ट्रपति दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। कार्यक्रम को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी सरकारी अफसर और कर्मचारियों की छुट्टी 27 जुलाई से लेकर 2 अगस्त तक रद्द कर दी है। अब विशेष परिस्थिति में ही अधिकारी और कर्मचारियों की छुट्टी मिल पाएगी। सभी सरकारी कार्यालय में छुट्टी लेने के लिए जिला प्रशासन की अनुमति ली जाएगी। उपायुक्त के निर्देश के बाद ही छुट्टी के लिए अनुमति मिल पाएगी। 31 जुलाई से 2 अगस्त तक शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और सदर अस्पताल में डॉक्टर और कर्मचारियों को अलर्ट किया गया है। दोनों अस्पताल के इमरजेंसी में जीवन रक्षक दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके साथ ही दोनों जगह पर एंबुलेंस अलर्ट मोड पर रहेंगे। स्टील गेट से लेकर मेडिकल कॉलेज के रास्ते तक एक भी फुटपाथी दुकान नहीं रहेंगी। स्वास्थ्य विभाग ने अपने डॉक्टर और कर्मचारियों को अलर्ट जारी किया है। अस्पताल में समय पर पहुंचने और ड्रेस कोड में आने को कहा गया है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम तैनात रहेगी। इसमें डॉक्टर के अलावा प्रशिक्षित कर्मचारी भी रहेंगे। इससे पहले तीन निजी अस्पतालों से कार्डियोलॉजिस्ट और कार्डियक एम्बुलेंस लिए गए हैं। एक राष्ट्रपति, दूसरा राज्यपाल और तीसरा मुख्यमंत्री के लिए कार्डियोलॉजिस्ट और कार्डियक एम्बुलेंस तैनात होंगे। बता दें कि एक अगस्त को आईआईटी आईएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। 12 बजे आइएसएम में राष्ट्रपति आएंगी और एक बजे तक यहां रुकेंगी। 60 मिनट में राष्ट्रपति का भाषण तकरीबन 20 मिनट का होगा। वहीं शेष 40 मिनट में राष्ट्रपति विशेष अवार्ड से छात्रों और अन्य खास अतिथियों को सम्मानित भी करेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** एसपी निधि द्विवेदी के निर्देश पर पाकुड़ पुलिस ने अवैध गांजा कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। नगर थाना पुलिस ने छापेमारी के दौरान दुलाल रविदास को 726 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी निधि द्विवेदी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नगर थाना क्षेत्र के कुछ इलाकों में अवैध रूप से गांजा की खरीद-बिक्री की जा रही है।

### प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी के लिए सौंपा प्रस्ताव

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र को देखते हुए राज्य सरकार के सभी विभागों ने वित्त विभाग को प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी 2025-26 के लिए प्रस्ताव सौंप दिया है। विभागों ने भारत सरकार द्वारा केंद्र प्रायोजित योजनाओं व केंद्रीय सेक्टर स्कीम की हिस्सेदारी में परिवर्तन के फलस्वरूप बजट में संशोधन से संबंधित प्रस्ताव दिया है। गत और चालू वित्तीय वर्ष में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के मद में भारत सरकार से प्राप्त राशि के अपर्याप्त होने और केंद्र द्वारा निर्धारित शेयरिंग पैटर्न के अलावा टॉप-अप की जरूरत का उल्लेख करते हुए अतिरिक्त राशि की मांग की है।

### आठ वाहनों से वसूला जुर्माना

**बोकारो (नबिटा ब्यूरो)।** पेटरवार थाना क्षेत्र में शनिवार को डीटीओ वंदना सेजवलकर ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान आठ वाहनों से एक लाख 12 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। जांच अभियान में मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में आठ वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। डीटीओ के नेतृत्व में 29 वाहनों की जांच की गयी। फिटनेस सर्टिफिकेट, रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग व टैक्स की कागजात की जांच की गयी। इसके साथ ही डीटीओ के नेतृत्व में प्रखंड के विभिन्न चौक-चौराहों पर दोपहिया वाहनों सहित चारपहिया वाहनों की जांच की गयी। इसमें हेलमेट, रजिस्ट्रेशन, पॉल्यूशन, लाइसेंस, सीट बेल्ट, रिफ्लेक्टिव टेप सहित अन्य की जांच हुई।

### महिला ने की आत्महत्या

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महेशलुंडी गांव में शनिवार की देर शाम गणेश यादव की 36 वर्षीय पत्नी रंजू देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।गणेश पचंबा स्थित श्री गोयल गोशाला में काम करता है। उसने बताया कि दोपहर करीब दो बजे वह भोजन के लिए घर आया था। खाना खाने के बाद वापस अपने काम पर लौट गये। शाम में अचानक बेटे का फोन आया और घटना की जानकारी दी। घर पहुंचने पर उन्होंने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा खोला तो पत्नी को पंखे के सहारे फासी के फंदे से लटका देखा। उसे नीचे उतारकर सदर अस्पताल पहुंचाया लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## ट्रक से टकराई बाइक दो युवकों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गुमला।** जिले के बसिया में रांची-सिमडेगा मुख्य पथ पर बाइपास में हुई एक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई है। घटना में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार बसिया पेट्रोल पंप के पास स्थित पुरुषोत्तम राम चक्रवर्ती के फास्ट फूड होटल में काम करने वाले तीन मिस्त्री रविवार को छुट्टी मना रहे थे। इनमें गरई निवासी रामजीत महतो (30), नेपाल निवासी जीवन थापा और शिवपुरी बसिया निवासी रामा गोप उर्फ छोटू (30) शामिल थे। तीनों पहले रामजीत महतो के घर गए कोनबीर गए थे और वहां से खाना खाकर बसिया लौटे। बसिया पेट्रोल पंप में काम कर रहे रामजीत ने अपने भाई से बाइक ली और तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर कोनबीर की ओर गए। वापस लौटते समय मनोज साहू के घर के पास खड़े एक ट्रक से उनकी बाइक पीछे से जोरदार टक्कर मार गई। इस हादसे में रामजीत महतो और जीवन थापा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं रामा गोप उर्फ छोटू की स्थिति गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों की मदद से घायल को रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे गुमला रेफर कर दिया गया है। वही बसिया पुलिस पहुंच मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया है।

## व्यवसायी ने की आत्महत्या, फंदे से झूलता मिला शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** शहर के आईएमएस रोड स्थित कृष्णा अपार्टमेंट में एक व्यवसायी का शव फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान 45 वर्षीय सुदीप कपिसवे के रूप में हुई है। वह मूल रूप से कोलकाता के रहने वाले थे। सुदीप तीन-चार दिन पहले ही चुपचाप कोलकाता से गिरिडीह आए थे। बताया जा रहा है कि सुदीप ने गिरिडीह आने की जानकारी न तो अपने परिवार को दी थी और न ही किसी रिश्तेदार को। यहां तक कि कृष्णा अपार्टमेंट के पीछे ही रहने वाले उनके साले को भी इसकी भनक नहीं लगी। रविवार सुबह सुदीप का एक मैसेज उनके परिजनों के पास पहुंचा जिसे देखकर परिजन घबरा गए। तत्काल परिवार के सदस्य गिरिडीह स्थित उनके कमरे पर पहुंचे जहां दरवाजा तोड़कर देखा तो सुदीप का शव पंखे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मौके से पुलिस को चार पेज का सुसाइड नोट भी मिला है जो सुदीप ने आत्महत्या से पहले लिखा था। सुसाइड नोट में सुदीप ने कई व्यक्तिगत बातों का जिक्र किया है। साथ ही उन्होंने सिरसिया-सीहोडीह स्थित कबीर ज्ञान मंदिर से अपने गहरे जुड़ाव की बात भी लिखी है। नोट में मंदिर के 'साहेब जी' और 'साहेब बंदगी' का भी उल्लेख किया गया है। पुलिस ने सुसाइड नोट को जब्त कर लिया है और उसकी जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है लेकिन पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही सुदीप की पत्नी और बच्चे कोलकाता से गिरिडीह के लिए रवाना हो गए हैं। परिवार में मातम का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पति ने पत्नी पर चाकू से किया हमला

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र के लोवागड़ा गांव में एक पति ने प्रेम प्रसंग के शक में अपनी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। घायल महिला की पहचान अंजू देवी के रूप में हुई है। हमले में अंजू देवी के सिर पर गहरे जख्म आए हैं। डॉक्टरों ने उसके सिर पर 11 टांके लगाए हैं। गंभीर अवस्था में उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पुलिस कस्टडी से आरोपित फरार, दो निलंबित

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस कस्टडी से आरोपित के फरार होने के मामले में रामगढ़ पुलिस एक्शन मोड में दिख रही है। क्योंकि इस मामले को लेकर एक के बाद एक चार एफआईआर दर्ज हैं। इसमें महिला से यौन शोषण से लेकर मारपीट और लापता तक के मामले शामिल है। एक मामला कस्टडी से आरोपित के फरार होने का भी है। इन मामलों को लेकर स्थानीय लोगों के द्वारा आक्रोश भी जाहिर किया गया। एसपी अजय कुमार के द्वारा इन चारों मामलों पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की गयी है। पुलिस कस्टडी से फरार आरोपी के मामले में विभागीय कार्रवाई करते हुए एसपी ने रामगढ़ इंस्पेक्टर डा. पीके सिंह और ओडी पदाधिकारी सलीमुद्दीन खां को निलंबित कर दिया। वहीं प्रहरी संतरी में तैनात गृहरक्षक अजय करमाली और नीम चांदमाटो को रामगढ़ थाना से सेवामुक्त कर दिया गया है। इसके अलावा मारपीट के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा भुरकुंडा के रहने वाले आरोपित राजेश सिन्हा को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

## अफीम तस्करों से मिलीभगत के आरोप में पिपराटांड थाना प्रभारी निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पिपराटांड़ थाना प्रभारी राजवर्धन को एसपी रीष्मा रमेशन ने निलंबित कर दिया है। अफीम तस्करों के साथ मिलीभगत के आरोप में यह कार्रवाई की गई है। मेदिनीनगर शहर थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर सुबोध कुमार को पिपराटांड़ का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। बता दें कि पलामू पुलिस ने दो दिन पहले पंजाब और पलामू के आठ अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया था। इनके पास से 33 लाख रुपए नकद और 314 किलो डोडा बरामद हुआ था। जांच में पता चला कि अफीम तस्करों को पिपराटांड़ थाना से मदद मिल रही थी। थाना प्रभारी की जानकारी में यह तस्करी हो रही थी। मामले में एक रोचक मोड़ तब आया



राजवर्धन, थाना प्रभारी पिपराटांड़

जब पंजाब के रहने वाले एक अफीम तस्कर की बहन ने पलामू एसपी को सूचना दी कि उसके भाई का अपहरण हुआ है। उसने बताया कि फिरौती के रूप में 7.50 लाख रुपए दिए जा चुके हैं। एसपी की स्पेशल टीम ने जांच में पाया कि पंजाब के चार तस्कर अफीम खरीदने पलामू आए थे। उन्हें ट्रैप कर अपहरण की झूठी कहानी बनाई गई थी। इस पूरे मामले की जानकारी स्थानीय थाना को भी थी। इस इलाके में अफीम तस्करों का लगातार आना-जाना रहता है। पंजाब के तस्कर 20 लाख की दो होंडा सिटी कारों से आए थे। जंगली इलाके में महंगी गाड़ियां और अनजान लोगों की आवाजाही पर स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करना, पुलिस और तस्करों के बीच मिलीभगत को दर्शाता है। एसपी रीष्मा रमेशन ने मामले की गहन जांच के आदेश दिए हैं। जांच के बाद और भी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो सकती है। अफीम तस्करी में बड़ी मात्रा में कैश का लेन-देन होता है जिससे कुछ पुलिसकर्मी भी इस अवैध धंधे में शामिल हो जाते हैं।

### जमशेदपुर में धर्मांतरण रैकेट का खुलासा

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के औद्योगिक नगर जमशेदपुर में धर्मांतरण से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जिसने पूरे शहर को हिलाकर रख दिया है। गोलमुरी थाना क्षेत्र स्थित दो फ्लैटों में गुपचुप तरीके से धर्मांतरण की गतिविधियां संचालित की जा रही थीं जहां करीब 70 लोगों को विभिन्न प्रलोभनों के जरिए धर्मांतरण के लिए बरगलाया जा रहा था। यह खुलासा तब हुआ जब स्थानीय लोगों को इन फ्लैटों में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली। इसके बाद हिंदू संगठनों द्वारा विरोध जताया गया और मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल छापेमारी कर सात लोगों को हिरासत में ले लिया। फिलहाल इन सभी से थाने में पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला बेहद गंभीर और योजनाबद्ध प्रतीत होता है।

## हथियार और गोला-बारूद खरीदने के लिए नक्सलियों के ठिकाने से 35 लाख बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के चाईबासा जिले में नक्सलियों को तगड़ा झटका लगा है। हथियार और गोला बारूद खरीदने के लिए नक्सलियों के द्वारा जमा किए गए करीब 35 लाख रुपए सुरक्षाबलों ने बरामद कर लिया है। दरअसल झारखंड पुलिस नक्सलियों को हर दिन और हर मोर्चे पर पटकनी दे रही है। इसी कड़ी में रविवार को सारंडा में नक्सलियों को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। चाईबासा के कराइकेला के जंगली क्षेत्र में झारखंड जगुआर और केंद्रीय बलों के जवानों ने सटीक सूचना के आधार पर नक्सलियों के द्वारा डंप किए गए लाख रुपए बरामद किए हैं। रांची रेंज के पुलिस महीनरीक्षक मनोज कौशिक ने बताया कि सुरक्षाबलों को यह जानकारी



मिली थी कि पुलिस के हाथों लगातार पराजित हो रहे नक्सली हथियार खरीदने के लिए पैसा जमा कर रहे हैं। इसी सूचना पर कराइकेला इलाके में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान जंगली क्षेत्र में छुपाकर रखे गए 35 लाख रुपए बरामद किए हैं।

## विवाद नहीं संवाद की पत्रकारिता कीजिए : प्रो. संजय द्विवेदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** भारतीय जन संचार संस्थानके पूर्व महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी का कहना है कि भारतीय संचार परंपरा में हर संवाद लोक मंगल और संकटों के समाधान के लिए है जबकि पश्चिम में उपजी पत्रकारिता विवाद, संघर्ष और वितंडावाद पैदा करती है। हमें हमारी पत्रकारिता में भारतीय संचार परंपरा के मूल्यों को स्थापित करना होगा, ताकि मीडिया के संवाद से सुंदर दुनिया बने। वे यहां रांची विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के पूर्व विद्यार्थियों के संगठन जर्नलिज्म ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'स्पंदन' कार्यक्रम को मुख्य वक्ता की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। प्रो.द्विवेदी ने विभाग के शिक्षकों और विद्यार्थियों को 38 साल के शानदार सफर के लिए बधाई दी। उन्होंने पत्रकारों का आह्वान किया कि





वे विवाद की नहीं संवाद की पत्रकारिता करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे झारखण्ड के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि समाज, सरकार और प्रशासनिक तंत्र पर नजर रखना मीडिया की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में आज भी महिलाएं खून की कमी और बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। मीडिया समाज के ऐसे तमाम प्रश्नों पर सक्रियता से काम करते हुए सामाजिक दायित्व निभाए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के माध्यम से बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के इस विभाग ने कई गौरवशाली पत्रकार दिए हैं। साहित्यकार प्रो. ऋता शुक्ल ने कहा कि इस विभाग के मीडिया विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय का विभाग एक कमरे से प्रारम्भ जरूर हुआ है लेकिन अब इसे पत्रकारिता विश्वविद्यालय बनाने की जरूरत है। कार्यक्रम में श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति अंजनी कुमार मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा, पत्रकारिता संस्थान के निदेशक वसंत झा, उपनिदेशक डॉ.विष्णु महतो ने अपने विचार रखे। स्वागत भाषण जोसारू के अध्यक्ष चंदन मिश्र ने और संचालन सुधीर पाल ने किया। आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ प्रतिभाशाली पूर्व विद्यार्थियों और पिछले पांच साल के टापर्स विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में संजय खंडेलवाल ,अजय कुकरेती, डॉ. भीम प्रभाकर, अविनाश कुमार, प्रणव कुमार बब्बू, अभिषेक शास्त्री, मोमिता, गौरी की उपस्थिति रही।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001

Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# हनुमान बने रहने की क्या मजबूरी है, अफसोस जताने से कुछ नहीं होगा: तेजस्वी यादव





**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री और एलजेपी (रामविलास) पार्टी के सुप्रीमो चिराग पासवान ने हाल ही में बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर नीतीश सरकार पर निशाना साधा था। चिराग पासवान ने कहा था कि उन्हें अफसोस है कि वो एक ऐसी सरकार का समर्थन कर रहे हैं जो कानून-व्यवस्था को नियंत्रित करने में असमर्थ है। अब बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इसपर अपनी प्रतिक्रिया दी है। तेजस्वी यादव ने कहा कि सिर्फ बोलने या बयान देकर निकल जाने से कुछ नहीं होगा। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर हनुमान बने रहने की क्या मजबूरी है? एक साक्षात्कार में तेजस्वी यादव ने कहा कि जिनके पिता की तस्वीरों को तोड़ा गया। जिनका घर छीना गया। जिनके पार्टी में लड़ाई करवाई गई। जिनके पार्टी का अस्तित्व मिटाया गया। पार्टी का सिंबल 'बंगला' छीन लिया गया और पार्टी को दो भाग में कर दिया गया। फिर भी अगर वो हनुमान हैं, तो आखिर ऐसी क्या मजबूरी है। सिर्फ बोलने से, बयान देकर निकल जाएंगे तो ऐसे चलने वाला नहीं है।

इस इंटरव्यू में तेजस्वी यादव ने कहा कि वो बयान दे रहे हैं तो हो सकता है कि नीतीश कुमार से उनका ठीक-ठाक नहीं होगा। उनको मुख्यमंत्री खुद बनना है लेकिन उनके पास जिगर नहीं है ना मेरी तरह यह कहने की कि मेरे पास विजन है, रोडमैप और मुझे एक मौका दीजिए मुख्यमंत्री बनने का। हम तो बोल रहे हैं हर जगह। अगर उनको बनना है तो इधर-उधर कि बात क्या बोल रहे हैं, खुल कर बोलिए। चिराग पासवान यह बोल कर अपने आप को कमजोर साबित कर रहे हैं। हम गठबंधन में भी हैं, गठबंधन की बुराई भी कर रहे हैं सरकार की भी बुराई कर रहे हैं। मतलब आपकी यह हैसियत हो गई है कि आप कुछ नहीं कर सकते हैं। आप केंद्रीय मंत्री हैं और सरकार के गठबंधन में अहम साथी हैं लेकिन आप कुछ नहीं कर सकते हैं। आप अफसोस जताने के अलावा कुछ नहीं कर सकते तो यह तो आपकी कमजोरी दिखा रही है ना।

## चिराग पासवान ने क्या कहा था

यहां आपको बता दें कि चिराग पासवान कई मौकों पर खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हनुमान बता चुके हैं। शनिवार को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार सरकार पर अपराधियों के सामने नतमस्तक होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें नीतीश कुमार सरकार का समर्थन करने पर दुख हो रहा है। इस टिप्पणी पर नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) की ओर से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई और उसने लोजपा (रामविलास) अध्यक्ष चिराग पासवान से कहा कि पहले वह ये सुनिश्चित करें कि उनकी पार्टी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को पार्टी में शामिल न करे। भाजपा नीत राजग के घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख के गयाजी जिले में एक रैली को संबोधित करने के लिए रवाना होने से पहले पटना में पत्रकारों ने गयाजी में सामूहिक बलात्कार की घटना से जुड़ा सवाल पूछा था। इसपर चिराग पासवान ने कहा था कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। दोषियों को भले ही पकड़ लिया गया हो, लेकिन प्रशासन ऐसे अपराधों को रोकने में असमर्थ है। ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस अपराधियों के सामने नतमस्तक है। स्थिति भयावह है और अफसोस होता है कि मैं एक ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं जो कानून-व्यवस्था को नियंत्रित करने में असमर्थ है। हमें ऐसी घटनाओं के पीड़ितों की पीड़ा के बारे में सोचना चाहिए।



## सीएम नीतीश कुमार ने अब सफाई कर्मचारी आयोग के गठन का दिया आदेश, सदस्यों में ट्रांसजेंडर भी शामिल

**पटना, एजेंसी।** बिहार में अब सफाई कर्मचारियों के लिए आयोग का गठन किया जाएगा। राज्य में इसी साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। बिहार चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक और बड़ा ऐलान किया है। सीएम नीतीश कुमार ने एक्स पर बताया है कि सफाई कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा और उनकी शिकायतों को सुनने के लिए बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन का निर्देश दिया गया है। सीएम नीतीश कुमार ने एक्स पर बताया, मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बिहार राज्य में सफाई कर्मचारियों के अधिकारों एवं हितों की सुरक्षा, कल्याण, पुनर्वास, सामाजिक उत्थान, शिकायतों के निवारण तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की निगरानी सुनिश्चित करने के लिए मैंने बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन का विभाग को निर्देश दिया है। यह आयोग सफाई कर्मियों के हितों से संबंधित सुझाव, उनके अधिकारों की सुरक्षा के संबंध में सरकार को सुझाव देगा तथा सफाई कार्यों में लगे लोगों से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा कर उसे लागू करवाने हेतु समुचित कार्रवाई करेगा। बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष एवं पांच सदस्य होंगे, जिनमें एक महिला/ट्रांसजेंडर होंगे। यह आयोग राज्य में सफाई कार्यों से जुड़े समाज के वंचित वर्ग के लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने तथा उनके सामाजिक एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### संक्षिप्त समाचार

## भोजपुर में दीवार से नीचे गिरने से बुजुर्ग की मौत

### निर्माणाधीन घर में पानी डाल रहे थे, सिर में चोट लगने से गई जान



**आरा (भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में निर्माणाधीन दीवार से नीचे गिरने से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए परिजन अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक की पहचान संदेश गांव निवासी मो. अलाउद्दीन अंसारी (60) के तौर पर हुई है। घटना टाउन थाना क्षेत्र के नजीरगंज मोहल्ले की है। रिश्तेदार मो. अख्तर आलम ने बताया कि अलाउद्दीन अंसारी कुछ दिन पहले नजीरगंज मोहल्ले में जमीन खरीदा था। उसी जमीन पर मकान बनवा रहे थे। निर्माणधीन दीवार पर पानी डाल रहे थे। इस दौरान असंतुलित होकर दीवार से नीचे गिर पड़े। गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद परिवार के सदस्य सदर अस्पातल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सिर में चोट लगने से जान चली गई।

**घर में मचा कोहराम:** मृतक के परिवार में तीन पुत्री संजीदा, सलमा, रुखसाना, तीन पुत्र कफिरुद्दीन, गयासुद्दीन और परवेज है। छोटा बेटा परवेज रेलवे में नौकरी करता है। मंझला बेटा गयासुद्दीन ओमान में रहकर काम करता है। 20 साल पहले पत्नी की मौत हो गई थी। मौत के बाद परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## गुप्ता धाम में कांवरिया की डूबने से मौत

### सीताकुंड में स्नान करते समय पैर फिसला, गहरे पानी जाने से डूबे



**सासाराम, रोहतास, एजेंसी।** सासाराम के चेनारी थाना क्षेत्र स्थित गुप्ता धाम में जलाभिषेक करने आए एक कांवरिया की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पटना जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कोड़ना गांव निवासी प्रदुमन कुमार के रूप में हुई है। वह अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ गुप्ता धाम में जलाभिषेक करने पहुंचा था। घटना उस समय हुई जब प्रदुमन सीताकुंड में स्नान कर रहे थे। स्नान के दौरान उनका पैर फिसल गया और वह पानी में डूब गए। काफी मशक्कत के बाद उनका शव निकाला गया और पोस्टमॉर्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल लाया गया।

**दोस्तों के साथ गुप्ता धाम आया था**

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि प्रदुमन अपने दोस्तों के साथ गुप्ता धाम मंदिर में दर्शन करने आया था। मंदिर जाने से पहले वह सीता कुंड में स्नान कर रहा था। अचानक पानी बढ़ जाने से वह बह गया और चट्टान से टकराने के कारण उसकी मौत हो गई। चिनारी थाना के माध्यम से मृतक का शव नदी से निकालकर पोस्टमार्टम के बाद उसके दोस्तों को सौंप दिया गया है।

गौरतलब है कि गुप्ता धाम जाने का रास्ता पहाड़ और जंगल से होकर गुजरता है जो काफी दुर्गम है। सावन के महीने में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इससे पहले भी कई कांवरियों की मौत हो चुकी है। स्थानीय लोगों का मानना है कि जिला प्रशासन को ऐसे स्थानों पर अधिक पुलिस बल तैनात करना चाहिए और झरने के आसपास न जाने की अपील करनी चाहिए ताकि कोई बड़ी दुर्घटना न हो।

## केदारनाथ यात्रा के नाम पर 1.76 लाख की ठगी: पटना से अपराधी गिरफ्तार

### फर्जी वेबसाइट बनाकर करवाते थे टिकट बुकिंग



**बक्सर, एजेंसी।** बक्सर में केदारनाथ धाम और चार धाम यात्रा के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाकर टिकट बुकिंग के जरिए लाखों रुपए की ठगी करने वाले एक साइबर अपराधी को बक्सर साइबर थाना की पुलिस ने पटना से गिरफ्तार किया है। डीएसपी, साइबर थाना, अविनाश कुमार कश्यप ने शनिवार रात लगभग 9 बजे बताया कि चार धाम यात्रा के नाम पर बक्सर जिले के कई लोगों को ठगी का शिकार बनाया गया था। पीड़ितों से कुल 1.76 लाख रुपए वसूले गए थे। जब लोग यात्रा पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तब उन्हें पता चला कि उनके टिकट फर्जी हैं। इसके बाद पीड़ितों ने बक्सर साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। जांच के दौरान जिस बैंक खाते में ठगी की राशि ट्रांसफर की गई थी, उसके आधार पर खाते के मालिक को ट्रैक किया गया। आरोपी की पहचान अमन कुमार (पिता - अरुण कुमार), ग्राम - मधुबन कॉलोनी, थाना - रामकृष्णा नगर, पटना के रूप में हुई है। अमन के खाते में करीब 93 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए थे। शेष राशि अन्य बैंक खातों में भेजी गई थी। पुलिस अब बाकी खातों और ठगी में शामिल अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

**कई राज्यों तक फैला नेटवर्क :** डीएसपी ने बताया कि साइबर अपराधियों का यह नेटवर्क कई राज्यों तक फैला हो सकता है। अन्य सहयोगियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में पुलिस निरीक्षक विजय कुमार तिवारी और अवर निरीक्षक श्रीकांत की अहम भूमिका रही। उन्होंने तकनीकी विश्लेषण और बैंक ट्रांजैक्शन की मदद से आरोपी तक पहुंचने में योगदान दिया। यह साइबर ठगी तब उजागर हुई जब पीड़ित लोग यात्रा की तारीख करीब आने पर वास्तविक टिकट की पुष्टि कराने लगे। जांच में पता चला कि वेबसाइट पूरी तरह फर्जी थी और सभी बुकिंग धोखाधड़ी से की गई थीं।

## बिहार में एसआईआर का पहला चरण पूरा, 7 करोड़ से ज्यादा फॉर्म हुए जमा



**पटना, एजेंसी।** चुनाव आयोग के निर्देश पर बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का पहला चरण शनिवार को पूरा हो गया। इसके साथ ही, पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ या आम मतदाताओं द्वारा ऑनलाइन गणना फॉर्म अपलोड किए जाने को लेकर चुनाव आयोग का विंडो ईसीआई नेट बंद कर दिया गया। बिहार में 24 जून से 26 जुलाई तक एसआईआर का पहला चरण पूरा किया गया। इसमें चुनाव मशीनरी के साथ 12 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों एवं नगर निकाय के कर्मियों एवं अन्य लोगों का सहयोग लिया गया।

चुनाव आयोग के अनुसार, शुक्रवार तक बीएलओ एवं बीएलए से मिली रिपोर्ट के तहत 65.2 लाख मतदाताओं के नाम कटने तय हैं। बिहार के 99.8 प्रतिशत मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण में शामिल हुए हैं। राज्य में 7.90 करोड़ मतदाताओं में से 7.23 करोड़ के फॉर्म जमा हो चुके हैं और इन्हें डिजिटल रूप से अपलोड भी किया जा चुका है। आयोग के मुताबिक, इन सभी 7.23 करोड़ मतदाताओं के नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार, एसआईआर के पहले चरण का कार्य पूरा होने के बाद प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन की तैयारी शुरू हो गई है। इसके तहत कंट्रोल टेबुल पर स्थित आंकड़ों को अपडेट करने का काम होगा। इसके तहत बूथवार आंकड़ों को अद्यतन किया जाएगा। इसके बाद, एक अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। एक अगस्त से दस्तावेज अपलोड करने की प्रक्रिया शुरू होगी

अब, चुनाव आयोग द्वारा एक से 30 अगस्त के बीच दावा-आपत्ति प्राप्त करने, दस्तावेज अपलोड करने एवं दावा-आपत्ति के निबटारे का कार्य होगा। इसके तहत जिन मतदाताओं के नाम प्रारूप सूची में शामिल नहीं हो सकेंगे, उन्हें भी नए सिरे से निर्धारित फॉर्म भरकर आवेदन करना होगा और उसके साथ दावा करते हुए आवश्यक दस्तावेज देने होंगे। यह प्रक्रिया ऑनलाइन और बीएलओ दोनों माध्यमों से पूरी की जाएगी।

## जातिवाद खत्म किए बिना बदलाव संभव नहीं: वैभव

### मुजफ्फरपुर में आईपीएस विकास वैभव बोले- बिहार में चेंज के लिए पॉलिटिकल पार्टी ज्वाइन करूंगा




**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर पहुंचे मशहूर आईपीएस विकास वैभव ने शनिवार को कहा कि हम तो अभी भी बिहार के लिए ही काम कर रहे हैं, पर बिहार में बदलाव के लिए पॉलिटिकल पार्टी ज्वाइन करूंगा। प्रशांत किशोर के बिहार बदलाव अभियान के सवाल पर उन्होंने कहा कि अच्छी बात है, सभी को बिहार के बदलाव में साथ आने की जरूरत है। आईपीएस विकास वैभव इन दिनों अपने आइए बिहार को प्रेरित करें अभियान के माध्यम से बिहार के नवनिर्माण की यात्रा पर निकले हैं। इसी कड़ी में वे मुजफ्फरपुर पहुंचे थे। विकास वैभव ने कहा कि मैं आइए बिहार को प्रेरित करें अभियान के माध्यम से बिहार में सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक बदलाव के लिए लोगों को जोड़ने का काम कर रहा हूं।

**बोले- बिहार के विकास में जातिवाद सबसे बड़ी बाधा :** विकास वैभव ने कहा कि बिहार के विकास में सबसे बड़ी बाधा जातिवाद है, हम सब को मिलकर इस जातिवाद जैसे गंभीर बीमारी को बिहार से निकाल फेंकना होगा। आचार्य चाणक्य ने चंद्रगुप्त के योग्यता देखी थी न कि जाति।बिहार की सांस्कृतिक इतिहास काफी पुराना है जिसे पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है।

## पैसेंजर ट्रेन में घुसकर यात्रियों को पीटा, प्लेटफॉर्म पर दौड़ा-दौड़ाकर मारा, दरभंगा में उपद्रवियों का तांडव



**दरभंगा, एजेंसी।** बिहार के दरभंगा जिले में हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। जब दरभंगा-पटना पैसेंजर (ट्रेन नंबर 63265) शनिवार को शिशो हॉल्ट पर खड़ी थी। इसी बीच छात्रों और यात्रियों पर स्थानीय युवकों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। कोच में लाठीबाजी हुई। कुछ लोग हमले से बचने के लिए ट्रेन से बाहर प्लेटफार्म पर निकल गए। जिसके बाद बदमाशों ने प्लेटफार्म पर भी मारपीट की। डंडों और बेल्टों से दौड़ाकर मारा। जब ट्रेन खुली तब कहीं जाकर उपद्रवी वहां से भाग गए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि वीडियो की पुष्टि नहीं है। वीडियो में उपद्रवी युवक बेल्ट और लाठी-डंडे से हमला करते दिख रहे हैं। मारपीट में कई छात्र घायल हो गए हैं। इस घटना से प्लेटफॉर्म पर भी अफरातफरी मच गई। कोई कुछ समझ ही नहीं पाया कि आखिर क्या हो रहा है। घटना दरभंगा-सीतामढ़ी रेलखंड की है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम होते ही सिसो हाल्ट पर अपराधी किस्म के युवक जमघट लगाते हैं और अक्सर यात्रियों से छीना-झपटी और मारपीट करते हैं। पीड़ितों का कहना है कि इस घटना को लेकर आवेदन देंगे। और प्रशासन से कार्रवाई की मांग करेंगे। लेकिन इस घटना ने ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

## शाही लीची, जर्दालू आम, मखाना, बिहारी प्रॉडक्ट का एक्सपोर्ट होगा

**पटना, एजेंसी।** बिहार के कृषि उत्पादों जैसे मखाना, शाही लीची, जर्दालू आम, कतरनी चावल का इंगलैंड, अमेरिका, यूरोप में एक्सपोर्ट आसान हो जाएगा। इससे बिहार के किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी। केंद्र सरकार ने इसकी व्यवस्था की है। बिहार के कृषि उत्पादों को निर्यात के लिए अब पटना से ही हरी झंडी मिल जाएगी। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) का क्षेत्रीय कार्यालय खोलने की मंजूरी केंद्र से मिल गई है। मीठापुर कृषि भवन परिसर के एनेक्सी भवन में जगह आवंटित कर दी गई है।

जल्द ही इसका उद्घाटन होगा। एपीडा का क्षेत्रीय कार्यालय खुलने के बाद बिहार से कृषि निर्यात में वृद्धि होगी। अगले तीन साल में इसे तिगुना करने का लक्ष्य है। पहले वर्ष में 50 एफपीओ को ऑनबोर्ड किया जाएगा। 20 हजार किसानों को निर्यात संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। 10 पैक हाउस का प्रमाणन किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय सिन्हा ने शनिवार को कहा कि अब किसानों, उत्पादक संगठनों, प्रोसेसरों और निर्यातकों को प्रशिक्षण, प्रमाणन, पैकेजिंग, मानकीकरण तथा निर्यात संबंधी सुविधाएं पटना में ही मिल जाएंगी। इससे बिहार के कृषि और बागवानी उत्पादों का अंतरराष्ट्रीय बाजार में उचित मूल्य मिलेगा। किसानों की आय बढ़ेगी।

### वाराणसी कार्यालय से मिलता है प्रमाणपत्र

अभी वाराणसी स्थित एपीडा कार्यालय से बिहार के कृषि उत्पादों को प्रमाणपत्र लेना पड़ रहा था। फाइटो सेनेटरी लैब के लिए कोलकाता और लखनऊ की ओर देखना पड़ता था। वहां से प्रमाणपत्र मिलने के बाद ही निर्यात को हरी झंडी मिलती थी। इस प्रक्रिया में काफी विलंब होता था। ऐसे में निर्यातक बिहार से कच्चा माल ले जाकर दूसरे राज्यों में पैकिंग करते थे। इस तरह उत्पाद बिहार का होने के बावजूद वह दूसरे राज्य के निर्यात खाते में चला जाता था।

### नई व्यवस्था से निर्यात में वृद्धि होगी

कृषि प्रधान राज्य होने के बावजूद कृषि निर्यात में बिहार की हिस्सेदारी अभी बहुत कम है। वर्ष 2023 में यहां 17.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर निर्यात हुआ। बिहार देश में शाही लीची उत्पादन में 71 फीसदी, मखाना में 85 फीसदी, सब्जियों में 9 फीसदी और मक्का उत्पादन में 7 फीसदी का योगदान देता है। नए क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना से प्रमाणन, ट्रेसेबिलिटी, पैकहाउस मानकों जैसी प्रमुख खामियों को दूर करने में मदद मिलेगी। इससे निर्यात में वृद्धि होगी।



# नवीन सिन्हा बने राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**बरही (हजारीबाग)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश महामंत्री पद पर नवीन सिन्हा की नियुक्ति के उपलक्ष्य में बरही स्थित इख पैलेस में एक भव्य सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस गरिमामयी आयोजन में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, राष्ट्रीय महासचिव संजय सुमन, राष्ट्रीय विधि सचिव आत्मानंद कुमार पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष (झारखंड) कृष्ण प्रजापति, प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, प्रदेश संगठन सचिव बिपिन बिहारी पाण्डेय एवं स्टेट वेलफेयर सेक्रेटरी सोमेन बनर्जी ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसके बाद संगठन के कार्यों, उद्देश्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर नवीन सिन्हा को प्रदेश महामंत्री (झारखंड) के रूप में नियुक्त किए जाने की औपचारिक घोषणा की गई, जिसे सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि नवीन सिन्हा जैसे कर्मठ और समर्पित व्यक्तित्व के हाथों में प्रदेश की कमान सौंपकर संगठन को मजबूती मिलेगी। राष्ट्रीय महासचिव संजय सुमन ने बताया कि झारखंड राज्य में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता अभियान और मज़बूत किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण प्रजापति ने नवीन सिन्हा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके अनुभव और सामाजिक सक्रियता से राज्य संगठन को नई दिशा मिलेगी। वहीं नवीन सिन्हा ने अपने प्रथम भाषण में कहा कि वे संगठन की नीति व सिद्धांतों का पालन करते हुए हर जिले में मानवाधिकार की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

# सोहराई-कोहबर कला को राष्ट्रीय मंच पर सम्मान

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जोराकाठ गांव की महिला कलाकारों को किया सम्मानित
## 'लोकल से ग्लोबल' बनी पारंपरिक कला, सांसद भवन तक पहुंची हजारीबाग की पहचान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत जोराकाठ गांव की महिला कलाकारों ने पारंपरिक सोहराई और कोहबर कला के क्षेत्र में अद्भुत योगदान देकर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। उनकी इसी सांस्कृतिक प्रतिभा को सम्मान देते हुए देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिल्ली में आयोजित एक समारोह में उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने वाली महिला कलाकारों में सजवा देवी (पति मुंशी महतो), अनिता देवी (पति अमित महतो), मालो देवी (पति लालमोहन महतो), रुद्रा देवी (पति भरत महतो), मोहनी देवी, आशा देवी (पति कमल महतो) एवं मोहनी देवी (पति स्व. रविंद्र महतो) शामिल हैं। जोराकाठ गांव की गलियों से निकली सोहराई और कोहबर कला ने न केवल क्षेत्रीय लोक संस्कृति को संजोने का कार्य किया है, बल्कि इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाया है।



आज यही पारंपरिक कला हजारीबाग के सरकारी भवनों, सांसद भवन और देश के अन्य प्रतिष्ठानों की दीवारों पर अपनी लोक सौंदर्य की अमिट छाप छोड़ चुकी है। इस अवसर पर जेएलकेएम प्रखंड सचिव गौतम कुमार ने सभी सम्मानित महिला कलाकारों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने सरकार से मांग की कि इन सभी कोहबर कला से जुड़ी महिला कलाकारों को प्रतिमाह एक सम्मानजनक प्रोत्साहन राशि दी जाए, जिससे उनका मनोबल बढ़े और वे अपनी कला को और आगे ले जा सकें। गौरतलब है कि सोहराई और कोहबर कला झारखंड की प्राचीन आदिवासी परंपरा से जुड़ी हुई है, जिसमें दीवारों पर प्राकृतिक रंगों से बनाए गए चित्रों के माध्यम से जीवन, संस्कृति और प्रेम का सुंदर चित्रण किया जाता है। इस सम्मान ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि लोक कला में भी वैश्विक पहचान की शक्ति निहित है, जरूरत है उसे संजोने और संवारने की।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का झारखंड दौरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रही हैं- राष्ट्रपति 31 जुलाई और 1 अगस्त को झारखंड में रहेंगी- राष्ट्रपति के दौरे को लेकर झारखंड पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। राजधानी रांची, धनबाद और देवघर तीनों ही जिलों की पुलिस अलर्ट पर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय दौरे पर देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी, इसके बाद राष्ट्रपति धनबाद में आईआईटी (आईएसएम) के दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी। ऐसे में देवघर, रांची और धनबाद में राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तैयारियों के साथ-साथ पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।

# जिप सदस्य सरजू पटेल बने जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**विष्णुगढ़ (हजारीबाग)।** झारखंड लोक कल्याण मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने विष्णुगढ़ प्रखंड के पूर्वी जिला परिषद सदस्य सरजू पटेल को संगठन का केंद्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अहम जिम्मेदारी के मिलने के बाद संगठन के जिला और प्रखंड इकाई में हर्ष का माहौल है। जगह-जगह से सरजू पटेल को बधाइयों का तांता लग गया है। नवनियुक्त केंद्रीय उपाध्यक्ष सरजू पटेल ने संगठन प्रमुख डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह न केवल सम्मान की बात है, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है, जिसे मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। उन्होंने बताया कि वे भाषा आंदोलन की शुरुआत से ही सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं और विष्णुगढ़ प्रखंड में आंदोलन के सबसे बड़े मंच का नेतृत्व किया था। सरजू पटेल ने कहा कि वे लगातार युवाओं को सामाजिक न्याय, विकास और अधिकारों के प्रति जागरूक करते रहे हैं। बिचौलियों के खिलाफ आवाज उठाने और युवाओं को संगठित करने का कार्य वे आगे भी जारी रखेंगे। उन्होंने कहा मुझे जो दायित्व सौंपा गया है, मैं उसे पूरी पारदर्शिता और कुशल नेतृत्व के साथ निभाऊंगा। संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त करने और युवाओं को जोड़ने का हरसंभव प्रयास करूंगा। उनके केंद्रीय उपाध्यक्ष बनने की घोषणा के बाद जेएलकेएम की हजारीबाग जिला कमेटी, विष्णुगढ़ प्रखंड इकाई और संगठन के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। बड़ी संख्या में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने सरजू पटेल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

# 28 से 30 जुलाई तक पूर्वोत्तर और मध्य झारखंड में भारी वर्षा की आशंका, मौसम केंद्र ने दी चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में बीते दिनों अच्छी बारिश कराने वाला डिप्रेशन सिस्टम अब राज्य से काफी दूर जा चुका है और उत्तर-पश्चिम मध्यप्रदेश में जाकर कमजोर हो गया है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ पूर्वानुमान वैज्ञानिक एससी मंडल के अनुसार यह डिप्रेशन अब प्रभावहीन हो चुका है, लेकिन राज्य में दो अन्य मानसूनी सिस्टम के प्रभाव से आने वाले दिनों में कई जिलों में झमाझम बारिश देखने को मिलेगी।

**27 जुलाई तक भारी बारिश की संभावना नहीं**

एससी मंडल ने बताया कि वर्तमान में झारखंड के ऊपर एक मानसून टर्फ लाइन सतह पर और दूसरा ऊपरी वायुमंडल में सक्रिय है, लेकिन फिलहाल ये दोनों सिस्टम ज्यादा प्रभावी नहीं हैं। इसी कारण 27 जुलाई तक राज्य के किसी भी हिस्से में भारी बारिश की संभावना नहीं है। हालांकि, इस अवधि में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होती रहेगी।

**28 जुलाई को नॉर्थ ईस्ट झारखंड के लिए येलो अलर्ट**

28 जुलाई को मानसून टर्फ लाइन उत्तर की ओर बढ़ेगा, जिससे राज्य के अधिकांश हिस्सों में वर्षा की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि दुमका, साहेबगंज, पाकुड़, गोड्डा, देवघर और जामताड़ा जैसे पूर्वोत्तर जिलों में भारी बारिश की आशंका को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**29 जुलाई को मध्य झारखंड भी रहेगा प्रभावित**

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, 29 जुलाई को भी राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके अलावा, हजारीबाग, रामगढ़, रांची, बोकारो, कोडरमा और गिरिडीह सहित राज्य के मध्यवर्ती जिलों में भारी वर्षा की संभावना है। इन क्षेत्रों के लिए भी येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**30 जुलाई तक बारिश जारी, 31 से मिलेगी राहत**

मौसम विभाग के अनुसार, 30 जुलाई को भी राज्य के कई इलाकों में बारिश का दौर जारी रहेगा, विशेषकर पूर्वोत्तर जिलों में भारी बारिश हो सकती है।

## झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज ने रंजीत कुमार राणा को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के बगोदर प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश राणा एवं सचिव नंदलाल राणा के द्वारा मिठाई खिलाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर जेपीएससी में चयनित विष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम नवादा निवासी रंजीत कुमार राणा पिता स्वर्गीय राजेंद्र राणा को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना कर आशीर्वाद दिया गया। बता दें कि रंजीत कुमार राणा को जेपीएससी की परीक्षा में 139वां रैंक हासिल हुआ है। जिसमें उन्हें झारखंड फाइनेंस सर्विस आवंटन हुआ है। उनके सफल होने पर पूरे प्रखंड में खुशी की लहर है। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। सम्मान करने के दौरान समाज के लोगों ने कहा कि रंजीत कुमार राणा ने अपने समाज का मान सम्मान बढ़कर पूरा क्षेत्र में खुशी दी है एवं गौरवांतित किया है।

# रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय को स्थायी संबंधन की सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** शिक्षा के क्षेत्र में जहानाबाद जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। नौरू स्थित रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय को बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक स्तर पर स्थायी संबंधन प्रदान कर दिया गया है। यह संबंधन शैक्षणिक सत्र 2025-29 से प्रभावी होगा, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत शुरू हो रहे चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम को मजबूती प्रदान करेगा। सरकार द्वारा मिले इस निर्णय के तहत महाविद्यालय को कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय में कुल 25 विषयों में प्रतिष्ठा स्तर पर स्थायी स्वीकृति प्राप्त हुई है। इससे जहां छात्रों को डिग्री की वैधानिकता और देशभर में मान्यता मिलेगी, वहीं महाविद्यालय को यूजीसी और राज्य सरकार की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं के तहत वित्तीय




सहायता भी उपलब्ध हो सकेगी। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) संजय कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह सिर्फ एक औपचारिक स्वीकृति नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत, समर्पण और विद्यार्थियों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पहचान है। अब हमारा फोकस गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को और सशक्त करने पर रहेगा। उन्होंने कहा कि स्थायी संबंधन मिलने से संस्थान न केवल राज्य और राष्ट्रीय स्तर के अकादमिक नेटवर्क से जुड़ेगा, बल्कि छात्रों को देशभर में उच्च शिक्षा और प्लेसमेंट के बेहतर अवसर भी मिलेंगे। महाविद्यालय के सचिव श्री चन्द्र प्रकाश ने इस फैसले को 'ऐतिहासिक निर्णय' बताते हुए बिहार सरकार, शिक्षा विभाग और मगध विश्वविद्यालय के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह हमारे शिक्षकों, संसाधनों और समर्पित टीम की निरंतर मेहनत का परिणाम है। स्थायी संबंधन को लेकर हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रो. संजीव कुमार, प्रो. विनय शंकर पाठक, डॉ. अवधेश प्रसाद, प्रो. शिवराम प्रसाद, डॉ. उमेश कुमार, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. रामप्रीत प्रसाद, डॉ. आर.के. चौधरी, प्रो. अवधेश सिंह, डॉ. बी.एन. यादव, प्रो. एम.एन. प्रसाद, प्रो. राघवेंद्र कुमार, प्रो. जितेंद्र कुमार, डॉ. बीना कुमारी, प्रो. विनोद कुमार, ललित शंकर पाठक, डॉ. अजय कुमार, डॉ. अजीत यादव, विजय प्रकाश, साधु शरण प्रसाद, कौलेश्वर यादव, बबलू शर्मा, रवि कुमार, योगेंद्र यादव, सुनील कुमार समेत कई गणमान्य लोग शामिल हैं। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के पूर्व व वर्तमान शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, छात्र और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे जिले के शिक्षा क्षेत्र की बड़ी सफलता बताया है।

# जब तक जिला हरा-भरा न हो जाए, पौधारोपण जारी रहेगा : गायत्री परिवार

## बराबर थाना परिसर में गायत्री परिवार के प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ द्वारा 217वां साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ, जहानाबाद द्वारा रविवार को 217वां साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन बराबर थाना परिसर में किया गया। इस अवसर पर फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि पेड़ प्रकृति की सबसे कीमती देन हैं, जो न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि जीवन के लिए आवश्यक शुद्ध वायु, वर्षा और तापमान को नियंत्रित करने में भी सहायक हैं। उन्होंने कहा कि आज वनों की अंधाधुंध कटाई और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। ऐसे में अधिक से अधिक वृक्षारोपण समय की आवश्यकता है। प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के सक्रिय सदस्य रंगेश कुमार ने बताया कि गायत्री परिवार द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक पूरा जिला हरियाली से आच्छादित नहीं हो जाता। उन्होंने युवाओं से



आह्वान किया कि पृथ्वी की देखभाल हमारी जिम्मेदारी है, और इसके लिए हर व्यक्ति को वृक्षारोपण जैसे सकारात्मक कदमों में भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण, विलुप्त हो रही वनस्पतियों और प्रजातियों पर चिंता जताते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपने ग्रह को पुनः हरा-भरा और जीवंत बनाएं। इस अवसर पर रंगेश कुमार, कौशल कुमार, श्यामनारायण कुमार, शिशुपाल सिंह, धर्मेंद्र कुमार, विजय कुमार, भारती जी, मनोज मिश्रा सहित बराबर थाना के एएसआई सोनू कुमार एवं कई पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाई, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को सुदृढ़ किया।

## रफीगंज में एबीवीपी का सदस्यता अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की रफीगंज इकाई द्वारा शनिवार को विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने परिषद की सदस्यता ग्रहण कर संगठन के साथ अपनी वैचारिक निष्ठा जताई। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हार्दिक सिंह राजपूत ने बताया कि एबीवीपी का यह सदस्यता अभियान 21 जुलाई से 16 अगस्त तक चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सिर्फ एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि यह राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए समर्पित वैचारिक आंदोलन है। परिषद विद्यार्थियों के बौद्धिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य प्रांशु सिंह राजपूत, नगर सह मंत्री उज्जवल मिश्रा, रोहन गुप्ता, सनी कुमार, सत्यम कुमार, रिया कुमारी और प्रियंका कुमारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बारिश के बाद जहरीले जीव-जंतुओं का बढ़ा खतरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

जहानाबाद। जिले में हाल ही में हुई बारिश के बाद उत्पन्न उमस भरे मौसम और जलजमाव के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में सांप और बिच्छुओं के निकलने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। इसका सीधा असर आम लोगों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। बीते 24 घंटे में सर्पदंश के कई मामले सामने आए हैं, जिनमें दर्जनों लोगों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार, कई मरीजों की हालत गंभीर थी, लेकिन समय पर उपचार मिलने से उनकी जान बच गई। डॉक्टरों ने बताया कि यह स्थिति मुख्यतः बारिश के बाद खेतों, गलियों और घरों के आसपास हुए जलजमाव के कारण उत्पन्न हो रही है। ग्रामीण इलाकों में जहरीले जीवों का सक्रिय होना अब आम बात हो गई है, जिससे महिलाएं और छोटे बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के बाद खेतों और घरों के पास



जलजमाव के चलते सांप-बिच्छुओं का डेरा लग गया है। कई गांवों से लगातार सर्पदंश की शिकायतें मिल रही हैं। इसके बावजूद अभी तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि वे रात को मच्छरदानी का उपयोग करें, घरों के आसपास साफ-सफाई रखें और जलजमाव को यथाशीघ्र हटाने की कोशिश करें। डॉक्टरों ने यह भी सलाह दी है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक के बजाय तुरंत अस्पताल पहुंचे, ताकि समय रहते उपचार मिल सके।

वहीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि वे गांवों में जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त करें और सांप-बिच्छू भगाने वाली दवाओं का छिड़काव कराएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

प्रत्येक वर्ष वर्षा ऋतु में इस तरह की घटनाएं जहानाबाद जिले में सामने आती रही हैं, लेकिन इस बार लगातार हो रही बारिश, जलजमाव और उमस भरे मौसम ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया है।

# शिक्षा ही सर्वांगीण विकास की कुंजी : प्रधानाध्यापक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय नावाडीह में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक कुमारी सुनीता ने की। इस अवसर पर विद्यालय में पढ़ाई के माहौल को बेहतर बनाने और छात्रों के सर्वांगीण विकास को लेकर शिक्षक एवं अभिभावकों के बीच विचार-विमर्श हुआ।



संगोष्ठी में प्रधानाध्यापक ने सभी अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना विकास अधूरा है और इसके लिए छात्रों को प्रतिदिन समय पर स्कूल यूनिफॉर्म में स्कूल भेजना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यदि विद्यालय और घर स्वच्छ रहेगा तो पूरा गांव सुंदर और स्वास्थ्यवर्धक दिखेगा।

बैठक में विद्यार्थियों के लर्निंग गैप को दूर करने, उन्हें व्यवसायिक शिक्षा से जोड़ने, तथा अनुशासन और नियमितता जैसे मुद्दों पर भी गंभीर चर्चा की गई। अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रशासन को सहयोग देने और बच्चों की पढ़ाई में रुचि बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं रेशमा यादव, उर्मिला कुमारी, मीणा कुमारी, आरती कुमारी, शिक्षक राजकुमार प्रसाद, ग्रामीण बिरेन्द्र कुमार, संतोष प्रसाद सहित कई अभिभावक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक ने सभी को विद्यालय और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। संगोष्ठी सकारात्मक संवाद और सहभागिता का एक सशक्त माध्यम साबित हुई।

## एआईएमआईएम की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** एआईएमआईएम की एक बैठक शनिवार को शहर के ब्लॉक रोड स्थित एक निजी भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के भावी प्रत्याशी शाने अली खां ने की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम का मकसद समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना है। पार्टी में भेदभाव नहीं, बल्कि इंसानियत और समानता की बात होती है। उन्होंने कहा कि एआईएमआईएम में सभी धर्म, जाति और समुदायों के लोगों का स्वागत है और पार्टी का विस्तार लगातार हो रहा है। बैठक में उपस्थित लोगों से पार्टी को नीतियों और विचारधारा के आधार पर मजबूत करने का आह्वान किया गया।

# सिन्हा कॉलेज में एनसीसी का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज परिसर में कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप कुमार तक्षक के द्वारा 26 जुलाई से 4 अगस्त 2025 तक चलने वाले 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। 13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद के तत्वाधान में यह शिविर लगाया गया है। बटालियन के कैंप कमांडेंट ने बताया कि सभी कैडेट्स को जोश और समर्पण के साथ इस प्रशिक्षण में भाग लेने की प्रेरणा दी जाएगी। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र सेवा, एकता और अनुशासन की भावना को और मजबूत करना है। शिविर में



औरंगाबाद, रोहतास एवं अरवल जिले के विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालय के लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं जिसमें छात्र एवं छात्राएं दोनों शामिल हैं।

कैंप कमांडेंट ने बताया कि एनसीसी का आदर्श वाक्य 'एकता और अनुशासन' केवल शब्द नहीं बल्कि जीवन का मूल मंत्र है। इस कैंप में सभी एनसीसी कैडेटो को लाइव सीक्लस, डिजास्टर मैनेजमेंट, मैप रीडिंग, सामाजिक सहभागिता और गण हैंडलिंग जैसे जरूरी क्षमताओं का अभ्यास कराया जा रहा है। इस प्रकार के सभी प्रशिक्षणों से बच्चों में शारीरिक और मानसिक क्षमता का विकास होगा और वह समाज के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक नागरिक बन सकेंगे। सभी कैडेट्स के लिए जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम भी बनेगा। इस शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सभी एनसीसी कैडेटो में नई ऊर्ज़ा और उत्साह का भी विकास होगा। इसके उपरांत एनसीसी कैडेट भारतीय सेना में शामिल होने के लायक होंगे एवं अन्य प्रकार के प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगा।

बटालियन के सुबेदार मेजर रमेश पात्रा ने बताया कि सभी कैडेट्स की अच्छी स्वास्थ्य के लिए मेडिकल टीम की भी तैनाती की गई है। मौके पर शिविर के डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट सच्चिदानंद सिंह, कॉलेज एवं बटालियन के सभी सैन्य एवं असैन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# पांच वर्षों बाद खुदाई में मिली विनष्ट की गयी शराब की बोतलें

## प्रशासनिक महकमे पर उठ रहे सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मधेपुरा।** बिहार के मधेपुरा जिले के गम्हरिया थाना परिसर में चल रहे महिला बैरक भवन निर्माण के लिए जेसीबी से खुदाई के दौरान जमीन के नीचे दबाई गई शराब की सीलबंद बोतलें बरामद हुई। खुदाई के दौरान एक-एक कर कई शराब की बोतलें बाहर निकलने लगीं, जो पूरी तरह भरी हुई और सील अवस्था में थी। इस घटना ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली और शराबबंदी को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। थाना परिसर में इस तरह से शराब का मिलना हैरान करने वाला है। बताया जा रहा है कि जब्त शराब को नष्ट करने की प्रक्रिया में लापरवाही बरती गई थी।

बताया कि वर्ष 2021 में इसी थाना परिसर में हजारों लीटर जब्त शराब को जेसीबी के माध्यम से नष्ट किया गया था। नियमों के तहत, शराब की बोतलें तोड़कर उसे नष्ट किया जाना था, लेकिन खुदाई में मिली बोतलों की स्थिति देखकर साफ है कि कुछ बोतलें कभी नष्ट नहीं की गई और मिट्टी में ही दबा दी गई। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर यह शराब किसी आम व्यक्ति के घर से बरामद होती, तो उस पर कड़ी कार्रवाई होती। लेकिन थाना परिसर से बरामद होने के बाद भी केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। गम्हरिया थानाध्यक्ष ने बताया कि उस समय लगभग 4 से 5 हजार लीटर शराब को जेसीबी से नष्ट किया गया था। शनिवार को महिला बैरक निर्माण के लिए हो रही खुदाई के दौरान जो बोतलें मिलीं, उन्हें अब नष्ट कर दिया गया है। एएसपी प्रवेंद्र भारती ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि 2021 में यहां शराब विनष्ट की गई थी, संभवतः उसी दौरान कुछ बोतलें दब गई होंगी। अब जो बोतलें मिली हैं, उन्हें तत्काल विनष्ट कर दिया गया है।

# चांदी के झूले पर झूलेंगें श्रीहरि विष्णु

## त्रेता काल से चली आ रही परंपरा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** भगवान विष्णु की नगरी गयाजी के विष्णुपद मंदिर में झूलनोत्सव पांच अगस्त से प्रारंभ होकर नौ अगस्त तक चलेगा। पांच दिनों तक विष्णुपद मंदिर में चांदी के झूला पर भगवान श्रीहरि विष्णु झूलेंगे।

सावन मास के एकादशी से लेकर पूर्णिमा तक झूलन महोत्सव का आयोजन होता है। इस पांच दिनों में प्रत्येक दिन भगवान विष्णु के चरण का विशेष श्रृंगार और गर्भगृह में महाआरती और विशेष पूजा किया जाएगा।

कई धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। विष्णुपद मंदिर में वर्षों से झूलनोत्सव मनाया जाता है। सावन शुक्ल एकादशी के दिन झूलनोत्सव शुरू होता है। यह पांच दिनों तक चलती है।

सावन मास में झूला झुलाने की परंपरा त्रेता काल से ही चली आ रही है। वैसे भी सनातन धर्म में झूलनोत्सव का विशेष महत्व है। इस अवसर पर हर कोई भगवान को झूला झुलाने का लालायित रहते है। विष्णुपद में 51 किलो के चांदी के झूला पर विष्णु के सोने के चरण विराजमान रहता है। पांच दिनों तक विष्णुपद मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालुओं के भीड़ होती है। झूलनोत्सव को लेकर पूरे विष्णुपद मंदिर को रंग-बिरंगे लाइट और फूलों से सजाया जाता है।

झूलनोत्सव को लेकर विष्णुपद मंदिर परिसर के रंग-रोगन का काम का काम किया रहा है। श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शंभू लाल बिठ्ठल ने कहा कि झूलनोत्सव को लेकर मंदिर में तैयारियां चल रही है।

पांच दिनों तक मंदिर में विशेष आयोजन होता है। चांदी की झूला पर सोने के विष्णु चरण को सजा-धजा कर रखा जाएगा। फूल-माला और तुलसी पत्ते से चांदी के चौकी को सजाया जाता है। विष्णु चरण की विशेष पूजा और मंगल आरती की जाती है।

उसके के बाद झूला पर रखे विष्णु चरण चिन्ह को झुलाया जाता है। झूलनोत्सव को लेकर मंदिर की विशेष रूप से साफ-सफाई का काम किया जा रहा है। पांच दिवसीय महोत्सव में हर दिन विशेष पूजा एवं भोग लगता है।

झूलनोत्सव में विष्णुपद मंदिर में भजन गायन का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें देवी अनुराधा सरस्वती द्वारा भजन गायन से श्रद्धालुओं के मन विभोर करेंगे।

साथ ही वाराणसी, कोलकाता एवं लखनऊ के कलाकारों द्वारा नृत्य एवं शास्त्रीय गायन प्रस्तुति होगी। वहीं, भगवान श्रीकृष्ण लीला पर आधारित कई तरह झांकियां भी प्रस्तुत किया जाएगा।

# देह व्यापार में संलिप्त छह महिलाओं को छुड़ाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शहर के कंकड़बाग इलाके के चिरैयाटाड़ पुल करबिगहिया स्थित कृष्णा होटल में देह व्यापार की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम ने छापेमारी की। पुलिस ने दो नाबालिग सहित छह महिलाओं को मुक्त करवाया गया है। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस को लगातार सूचनाएं मिल रही थीं कि लड़कियों को बुलाकर देह व्यापार करवाया जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने टीम का गठन किया और मजिस्ट्रेट की तैनाती के साथ कार्रवाई की।

पूछताछ के दौरान महिलाओं ने बताया कि उन्हें उत्तर प्रदेश और बिहार के अलग-अलग जिलों से रुपये का लालच देकर पटना में बुलाकर देह व्यापार के धंधे में शामिल किया जा रहा था। एएसपी अभिनव ने बताया कि करबिगहिया इलाके के होटलों में देह व्यापार की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। इसके बाद महिला मजिस्ट्रेट की नियुक्ति करते हुए छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान छह महिलाएं और दो पुरुष पकड़े गए हैं, जिन्हें पूछताछ के लिए कंकड़बाग थाना लाया गया है। पूछताछ में दो लड़कियां नाबालिग पाई गईं। सभी की देह व्यापार के धंधे में संलिप्तता पाई गई है। पुलिस को होटल में छापेमारी के दौरान कई आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिलीं। महिलाओं ने बताया कि उन्हें रुपये का लालच देकर इस धंधे में शामिल किया जा रहा था। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चंदन कुमार होटल के मैनेजर हैं। इसके अलावा एक अन्य होटल के मैनेजर और मालिक की भी संलिप्तता थी, जो सभी फरार हैं। पुलिस गिरफ्तारी के लिए विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। बता दें कि पिछले छह माह से इस होटल को लीज पर लेकर देह व्यापार चलाया जा रहा था। एजेंट के माध्यम से महिलाओं को रुपये का लालच देकर होटल में लाया जा रहा था। पुलिस द्वारा बरामद की गई महिलाओं ने बताया कि वह दो माह से इस होटल में आ रही थीं।

# श्रद्धालुओं से भरी नाव पलटी, हड़कंप

## दो लापता, 18 को रेस्क्यू कर निकाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फतुहा।** फतुहा के सबलपुर स्थित पुनपुन नदी में श्रद्धालुओं से भरी नाव पलट गई। नाव पर सवार 20 श्रद्धालु नदी में डूबने लगे लेकिन स्थानीय लोग और अन्य नाविकों की मदद से 18 को लोगों को बाहर निकाल लिया गया। वहीं दो लोग नदी की तेज धार में बहकर लापता हो गए। सभी लोग गंगा नदी के त्रिवेणी घाट पर जा रहे थे। लेकिन तेज बहाव के कारण नाव पीपा पुल से टकराकर अनियंत्रित हो गई। जब तक नाविक संभल पाता तब तक नाव डूब गई। घटना के बाद हड़कंप मच गया। फौरन लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने कड़ी मशक्कत कर 18 लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। वहीं दो लोग नदी के तेज बहाव में डूब कर लापता हो गए। घटना के बाद परिवार वालों के बीच कोहराम मच गया।

घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर लोगों की काफी तादाद में भीड़ जुड़ गई। इसकी सूचना लोगों ने स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ समेत गोताखोर को दी। इस बड़ी घटना को लेकर लोगो के बीच अफरा तफरी की स्थित बनी रही। बताया जाता है कि फतुहा गोविंदपुर स्थित पुनपुन नदी के घाट से श्रद्धालुओं का जत्था एक छोटी नाव पर सवार होकर गंगाजल लाने के लिए सबलपुर स्थित त्रिवेणी घाट जा रहे थे। नाव पर करीब 20 लोग सवार थे। इस दौरान पुनपुन नदी के बीच धारा में श्रद्धालुओ से भरी नाव जाकर गोता खाने लगी। इसके बाद नाव पर सवार श्रद्धालुओं के बीच हड़कंप मच गया। रेस्क्यू किए गए लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिनका इलाज अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि डूबकर लापता हुए लोगों की पहचान सम्मसपुर के रहने वाले महेश पासवान का 10 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार और नालंदा के रहने वाले रतन देव रजक के 18 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में की जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ गोविंदपुर स्थित पुनपुन घाट के पास भीड़ जुट गई। इस बात की सूचना लोगों ने स्थानीय पुलिस से लेकर एसडीआरएफ की टीम को दी है। लापता दोनों लोगों की तलाश में स्थानीय गोताखोर जुटे रहे।

# पांच वर्षीया मासूम से हैवानियत

## दवा लेने निकली थी बच्ची, शौचालय में मिली लाश

*नवबिहार टाइम्स संवाददाता*

***गयाजी।*** *डोभी थाना क्षेत्र में शनिवार को वन विभाग के नर्सरी में खंडहरनुमा शौचालय में पांच वर्षीय नाबालिग लड़की मिली। दुष्कर्म करने के बाद गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई है। घटना का खुलासा देर रात हुआ।*

*जानकारी के अनुसार उक्त लड़की अपनी बड़ी बहन के साथ घर से पीपरघटी बाजार दवाई लेने आई थी। उसकी बड़ी बहन घर लौट गई। वह देर शाम तक नहीं लौटी तो इसकी जानकारी पिता को दी गई।*

*ग्रामीणों के सहयोग से स्वजनों ने खोजबीन शुरू की। देर रात वन विभाग के नर्सरी स्थित खंडहरनुमा शौचालय में लोग पहुंचे। वहां लड़की मिली। उसके गला में गमछा लगा हुआ था। लड़की मृत थी। घटनास्थल पर खून के धब्बे मिले। स्वजनों ने शव को घर लाया। घटना की जानकारी डोभी थाना को दिया गया।*

*थानाध्यक्ष मुकेश कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पूरी तहकीकात किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया भेज दिया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस ने स्वजनों को सौंप दिया। शव को स्वजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।*

*स्वजनों की शिकायत पर गांव के एक 13 वर्षीय नाबालिग लड़के को पुलिस ने पकड़ा है। उसका पैंट और टी-शर्ट जब्त कर लिया गया है।*

*स्वजनों ने बताया कि उक्त नाबालिग लड़का इस लड़की को परेशान कर रहा था। लड़के को कई बार समझा चुके थे।*

*पीड़ित पिता के बयान पर उक्त नाबालिग लड़के के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इधर, डोभी थाना की पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाया है। फोरेंसिक टीम के सदस्यों ने घटनास्थल से कई साक्ष्य इकट्ठा किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि नाबालिग लड़के को निरुद्ध कर दिया गया है।*

# लोगों ने सड़क पर रोपा धान, नेताओं को सुनाई खरी-खोटी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 स्थित कृष्णा नगर के लोगों का गुस्सा रविवार को सड़क पर फूट पड़ा। लगभग दो दशक से जलजमाव और टूटी सड़कों की समस्या झेल रहे स्थानीय निवासियों ने कीचड़ भरी सड़क पर धान की रोपाई कर विरोध जताया।

यह दृश्य किसी खेत का नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्र की सड़क का था, जहां पानी और दलदल के कारण जीवन बेहाल हो गया है।

स्थानीय महिलाओं और पुरुषों की बड़ी संख्या में भागीदारी के साथ हुए इस अनोखे प्रदर्शन में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नाराजगी दिखाई दी। लोगों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द सड़क और नाले का निर्माण नहीं हुआ तो वे आगामी चुनावों में वोट का बहिष्कार करेंगे।

कृष्णा नगर के धनपुरवा मौजा में सड़क और नाले के अभाव ने आम जनजीवन को मुश्किलों से भर दिया है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि न तो आज तक यहां सड़क का निर्माण हुआ, न ही जल निकासी की कोई व्यवस्था। बरसात आते ही इलाका तालाब में तब्दील हो जाता है और कीचड़ भरी सड़कें दलदल का रूप ले लेती हैं।

महिला प्रदर्शनकारी ने बताया कि बारिश के दिनों में जलीय जीव घरों में घुस जाते हैं और उनके काटने का खतरा बना रहता है। वहीं, काशीनाथ तिवारी ने कहा कि सड़क और खेत में कोई अंतर नहीं रह गया है, बच्चों को कंधे पर उठाकर स्कूल पहुंचाना पड़ता है।

अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इलाके के लोग कई बार मेयर, वार्ड पार्षद और नगर आयुक्त तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि न सिर्फ सड़क और नाले का अभाव है, बल्कि बिजली के खंभों पर स्ट्रीट लाइट भी नहीं लगी है, जिससे अंधेरे में लोग पानी से भरी सड़कों पर गिरकर घायल हो रहे हैं।

# प्राचीन दुर्गा मंदिर से स्वर्णाभूषणों की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कैमूर।** सावन जैसे पवित्र महीने में जब श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना में लीन रहते हैं, उस दौरान कैमूर जिले के दुर्गावती स्टेशन रोड स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में चोरी की घटना ने आस्था को झकझोर कर रख दिया। शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर मां दुर्गा की प्रतिमा से सोने के आंख, नथिया, मंटीका और चांदी के छागल सहित मंदिर में रखी साउंड मशीन चोरी कर ली। रविवार की सुबह जब स्थानीय श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो देखा कि मंदिर का मुख्य द्वार खुला पड़ा है और ताले टूटे हुए हैं। भीतर जाकर देखा तो मां दुर्गा की प्रतिमा से कीमती आभूषण गायब थे। इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगों ने तुरंत इस बात की सूचना मंदिर के पुजारी अनमोल बाबा को दी। पुजारी अनमोल बाबा ने बताया कि सुबह स्थानीय लोग उनके घर पहुंचे और चोरी की सूचना दी। वे जब मंदिर पहुंचे, तो पाया कि ताला टूटा हुआ था और प्रतिमा से सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। साथ ही मंदिर में रखी अहूजा कंपनी की साउंड मशीन भी चोरी कर ली गई थी। पुजारी ने तत्काल दुर्गावती थाने को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी।

चोरों ने सिर्फ मां दुर्गा मंदिर तक ही अपनी हरकत नहीं सीमित रखी। मंदिर से महज 100 मीटर दूर स्थित बाबा परमार्थ गिरी मंदिर की दान पेटी का ताला भी चोरों ने तोड़ दिया और उसमें रखे पैसे चोरी कर लिए। इस संबंध में दुर्गावती थाने के सब इंस्पेक्टर विक्रमा सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मंदिर के पुजारी की ओर से थाने में आवेदन देने की बात कही गई है। जैसे ही आवेदन प्राप्त होगा, अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की जाएगी।

# अतिरिक्त कक्षाएं की गयी आयोजित

**अररिया।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल के छात्रों की शैक्षणिक प्रगति और कक्षा 10वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया ने एक महत्वपूर्ण पहल की थी, जिसके अंतर्गत प्रत्येक रविवार को विशेष और अतिरिक्त कक्षाएं निःशुल्क आयोजित की जानी थीं। इसी क्रम में रविवार को इस विशेष कक्षा का सफल आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। कक्षा में छात्रों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया।

इन कक्षाओं में स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, कटिहार से आए विषय विशेषज्ञ और विभागाध्यक्ष शिक्षकों ने छात्रों को बोर्ड परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने की रणनीतियाँ सिखाईं।

कक्षा के पश्चात एक संक्षिप्त परीक्षण भी लिया गया ताकि यह परखा जा सके कि छात्रों की शंकाओं का समाधान हुआ है या नहीं। इस अवसर पर स्कॉटिश ग्रुप के निदेशक श्री अनुप कुमार ने कहा कि हमारे इस प्रयास का उद्देश्य था कि औसत छात्र अच्छा प्रदर्शन करें, अच्छे छात्र टॉपर बनें और टॉपर छात्र उच्च उपलब्धियों को प्राप्त करें।

# जमीन विवाद में जमकर चलीं गोलियां, दो घायल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली जिला के राघोपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मिजार्पुर गांव मे जमीनी विवाद मे दो पक्षों के बीच आधा दर्जन से अधिक राउंड फायरिंग हुई। इस घटना में दो युवक गोली लगने से घायल हो गये। बताया गया है कि दरवाजे पर खड़े एक युवक को पैर में गोली लगी है। वही दूसरे युवक के हाथ मे गोली लगी है। घायल युवकों में रामनाथ राय के पुत्र प्रदुम्न कुमार और दूसरे पक्ष से लक्ष्मण राय के पुत्र जितेंद्र कुमार (20) है। प्रदुम कुमार की दाहिना पैर में गोली लगी है। वही जितेंद्र कुमार की हाथ में गोली लगी है। घटना के बाद परिजनों ने घायल युवक को इलाज के लिए पीएचसी फतेहपुर लाया। जहा प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने घायल प्रदुम्न कुमार को एन एम सी एच रेफर कर दिया।

घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि लक्ष्मण राय एवं सुरेंद्र राय चनरदीप राय के बीच जमीनी विवाद था। उसी विवाद को लेकर शनिवार शाम दोनों पक्ष मे गाली गलौज होने लगा। उसी झगडा को देखने के लिए प्रदुम्न कुमार दरवाजे पर खड़ा हो गया। इसी दौरान विकास कुमार, जयनाथ कुमार पिस्टल से फायरिंग करने लगा,जिसमें प्रदुमन के दाहिने पैर मे गोली लग गई। वही दूसरे पक्ष के जितेंद्र को दाहिने हाथ मे गोली लगी है। घटना मे घायल युवक प्रदुम्न ने बताया कि उसका झगडा से कोई लेना-देना नही है। वह अपने दरवाजे पर खड़ा था। इसी दौरान गोली मार दिया। इस संबंध मे घायल के परिजन संजीत कुमार ने बताया कि पूर्व विवाद को लेकर गोलीबारी की गई है। उसने बताया कि प्रदुम्न अपने दरवाजे पर खड़ा था। इसी दौरान विकास, जयनाथ सब गोली चलाने लगा। करीब दस राउंड फायरिंग की गई है। वही घटना मे घायल दूसरे पक्ष के जितेंद्र ने बताया कि जमीनी विवाद मे हुआ है। सुरेंद्र राय दारू पीकर गाली गलौज कर रहा था। मना करने पर फायरिंग करने लगा। घटना के संबंध में राघोपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया है कि मिजार्पुर गांव में जमीनी विवाद मे घटना हुई है। मौके पर पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है। गोलीबारी मे शामिल आरोपियों के खिलाफ छापेमारी की कारवाई की जा रही है।

# बीमा भारती फिर विवादों में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** जिले के रुपौली विस क्षेत्र की पूर्व विधायक और राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष बीमा भारती एक बार फिर विवादों में घिर गई है।

इस बार उनकी सौतन गुड़िया मंडल ने मारपीट, जान से मारने की धमकी देने और मोबाइल छीनने जैसे आरोप लगाते हुए भवानीपुर थाना में आवेदन दी है। पुलिस ने मामले की जांच भी शुरू कर दी है। कुछ दिन पूर्व भी पति के एक विवाद को लेकर वे चर्चा में रही थी।

गुड़िया मंडल ने रविवार को भवानीपुर थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया कि शनिवार की शाम करीब 4:30 बजे बीमा भारती अपने सहयोगियों के साथ भवानीपुर नगर पंचायत वार्ड संख्या नौ भवन देवी टोला स्थित आवास पर पहुंची और थार गाड़ी की चाबी मांगने लगीं।

गुड़िया मंडल के अनुसार चाबी उनके पति अवधेश मंडल के पास थी। यह बात बताने पर बीमा भारती आग बबूला हो गई और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगी।

गुड़िया मंडल ने बताया कि बीमा भारती के साथ आए उनके सहयोगी संजय कुमार, पंकज कुमार और बिजली कुमार ने उनका हाथ पकड़ जबरन मोबाइल छीन लिया। जाते वक्त मोबाइल फेंक कर सभी वहां से चले गए। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में भी बीमा भारती उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज कर चुकी हैं।

आवेदन के अनुसार, घटना के दौरान मौजूद अशोक शर्मा की पुत्री गुड़िया शर्मा को भी बीमा भारती ने चप्पल से पीटा और धमकी दी कि अगर वह गुड़िया मंडल के साथ उनके घर में सोई तो जान से मरवा देगी।

गुड़िया शर्मा ने भी बीमा भारती और उनके सहयोगियों पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया और कहा कि इस पूरे मामले के पीछे रामचंद्र मंडल का हाथ है। उन्होंने आरोप लगाया कि रामचंद्र मंडल आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिसकी जांच होनी चाहिए।

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वे वरीय अधिकारियों से शिकायत करेंगी।

# एमजीएम अस्पताल में चल रही बड़े बदलाव की तैयारी

## आउटसोर्स कर्मियों के लिए ड्रेस कोड व आईकार्ड होगा अनिवार्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** डिमना चौक स्थित महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नए परिसर के प्रभावी संचालन और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ, आउटसोर्स एजेंसियों के प्रतिनिधि और भवन निर्माण निगम के अभियंता शामिल हुए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल के नए भवन में चल रही शिफ्टिंग प्रक्रिया की समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिया कि आगामी 15 दिनों में एक्स-रे मशीन की स्थापना, पीएसए ऑक्सीजन प्लांट और एलएमओ यूनिट की शिफ्टिंग पूरी की जाए, साथ ही डायलिसिस सेंटर की सेवा भी शुरू कर दी जाए। बैठक में एमजीएम प्रिंसिपल डॉ. दिवाकर हांसदा, अधीक्षक डॉ. आरके मंधान, उपाधीक्षक डॉ. नकुल प्रसाद चौधरी, डॉ. जुझार माझी, सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल सहित अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि अस्पताल में उपलब्ध तकनीकी और मानव संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो और किसी प्रकार की कमी के कारण मरीजों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही होनी चाहिए।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट 24 घंटे के भीतर जारी की जाए और जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने में अनावश्यक विलंब न हो। अस्पताल परिसर की नियमित सफाई सुनिश्चित करने और अस्पताल के सामने हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए सीओ मानगो को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

बैठक में आउटसोर्स कर्मियों के लिए आई कार्ड पहनना और निर्धारित ड्रेस कोड अपनाना अनिवार्य किया गया। अस्पताल स्टाफ की उपस्थिति अब बायोमीट्रिक सिस्टम के माध्यम से दर्ज की जाएगी। चिकित्सकों की उपस्थिति, दवाओं की आपूर्ति, आपातकालीन सेवाओं की तत्परता और बिस्तरों की उपलब्धता पर भी विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने दोहराया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन को अस्पताल में उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं मिले, इसके लिए सभी स्तर पर समन्वय और निरंतर निगरानी जरूरी है।

# महिला की सिरकटी लाश बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** जिले में उस वक्त सनसनी फैल गई जब अलीपुर थाना क्षेत्र के इटहोरी गांव के पास बहने वाली एक नदी से एक महिला का सिर कटा शव बरामद किया गया। महिला का सिर, हाथ और पैर गायब होने के कारण मामला और भी रहस्यमय बन गया है। क्षत-विक्षत हालत में मिले शव को देखकर ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल है। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुटी है।

घटना की जानकारी अलीपुर थाना अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने इटहोरी गांव स्थित डाक बाबा के पास नदी में एक शव पड़े होने की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया।

# अखिल भारतीय पान महासंघ की सभा में आरक्षण वापस करने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** पान समाज स्वजातीय को अनुसूचित जाति का दर्जा छीने जाने के विरोध में समाज के लोगों में व्यापक आक्रोश है, पान समाज को फिर से आरक्षण में लाने के लिए जो करना होगा हमलोग मिलकर करेंगे। उक्त बातें रविवार को जिला मुख्यालय के शिवपुरी मुहल्ले स्थित संगठन कार्यालय परिसर में आयोजित अखिल भारतीय पान महासंघ के जिला अध्यक्ष डॉ रामनरायण भारती ने जिला कार्यकारिणी सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि सड़क से सदन तक पान समुदाय को फिर से अनुसूचित जाति में शामिल करने को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जाता रहेगा। इस सम्मेलन से पान समाज की ताकत को अब राजनीति में नया रास्ता मिलेगा, और बिहार की सियासत में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

जिला अध्यक्ष डॉ रामनरायण भारती ने कहा कि जबतक पान समुदाय को फिर से आरक्षण में शामिल नहीं किया जाता,तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पान महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर आईपी गुप्ता व प्रदेश अध्यक्ष राम सकल दास जी के दिशा निर्देश में यह सम्मेलन बुलाई गई । जिसमें जातिगत आरक्षण की पुनः बहाली की मांग को लेकर अखिल भारतीय पान महासंघ का महाआंदोलन आयोजित हुआ । सम्मेलन में जिले भर से लगभग हजारों लोगों के जुटान देखा गया। उन्होंने बताया कि पिछले 13 अप्रैल 2025 को भी पटना के गांधी मैदान से पान समुदाय को फिर से आरक्षण में शामिल होने को लेकर एक बड़ा जुटान हुआ था। जिसके माध्यम से आरक्षण छीने जाने का विरोध दर्ज किया गया था।उसको लेकर पान समाज के नेता गण अब सरकार से आर या पार के मूड में दिख रहे हैं। वहीं युवा जिला अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ततमा ने कहा कि पान जाति को पुनः आरक्षण और सत्ता में भागीदारी दिलाने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह सम्मेलन ऐतिहासिक रही । वही जिला अध्यक्ष श्री भारती ने कहा कि पान महासंघ की बैठक में सभी छ विधानसभा के प्रखंड अध्यक्ष , पंचायत अध्यक्ष व बूथ अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता बैठक में भाग लिए,जिसे नई जिम्मेदारी सौंपी गई । जहां संगठन विस्तार वो मजबूती को लेकर रणनीति तय की गई । उन्होंने बताया कि स्वजातीय संगठन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें जिसकी जितनी संख्या होगी, उनकी उतनी राजनीति में भागीदारी होगी, थीम को लेकर भी बातें किया गया । पान समुदाय को अनुसूचित जाति में पुनः शामिल करने को लेकर राज्य वो केंद्र सरकार तक आवाज बुलंद करेगी । अध्यक्ष डॉ रामनारायण भारती ने बताया कि बीते दस जुलाई 2024 में पान समाज को अनुसूचित जाति से हटाना भी एक सोची समझी साजिश है। इन साजिशों को नाकाम किया जाएगा।

जिला अध्यक्ष डॉ रामनरायण भारती ने यह भी कहा के पान समाज की पूरे बिहार में 80 लाख से लेकर एक करोड़ के बीच की लगभग आबादी है, लेकिन आज तक यह समाज पूर्ण रूप से काफी पिछड़ा हुआ है,जिसे आरक्षण छीने जाने का काफी दर्द है । यहां यह बता देना लाजमी है कि 9 साल से आरक्षण में रहने के बावजूद 10 जुलाई 2024 को पान समुदाय के आरक्षण को समाप्त कर दिया गया है। मौके पर पान महासंघ जिला अध्यक्ष के इलावे,युवा जिला अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ततमा,जिला सचिव पप्पू कुमार ततमा, कोषाध्यक्ष संजय दास, उपाध्यक्ष शिबू दास, विनोद ततमा , डॉ कृष्ण लाल, अमित कुमार, प्रवीण दास, मंटू कुमार तात्मा, प्रेम कुमार,विनोद ततमा , वीआईपी जिला अध्यक्ष राजेश बहरदार , प्रेम कुमार दास, चंदेश्वरी चौपाल, लक्ष्मण ततमा ,पूर्व मुखिया ललन ततमा, संजय दास, मनीष दास ,अमोद कुमार शर्मा अमित कुमार निराला, डॉक्टर दिलीप कुमार, राजेंद्र दास, संजय झा,आदि सम्मेलन में शामिल थे।

CMYK

## संपादकीय

# 29 करोड़ भूखे, 53 देश संकट में

दुनिया भर में विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। बुनियादी ढांचे से लेकर प्रौद्योगिकी के विकास में नई-नई मिसाल कायम की जा रही हैं। इसी का दंभ भरकर किसी अन्य ग्रह पर जीवन की खोज करने या फिर भविष्य में चांद पर बस्ती बसाने के दावे भी किए जा रहे हैं। मगर, क्या वास्तव में विकास का पैमाना यही है? समाज के समग्र उत्थान का तत्त्व विकास की इस धारा में कहां है? यह कैसा विकास है कि एक तरफ विभिन्न देश तकनीक के बूते खुद के ताकतवर एवं साधन संपन्न होने का राग अलाप रहे हैं, तो दूसरी ओर दुनिया में करोड़ों लोग भुखमरी के कारण अपने शरीर की ताकत भी खो रहे हैं।विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन की 'वैश्विक खाद्य संकट' पर एक हालिया रपट में किए गए खुलासे चिंताजनक है। इसमें कहा गया है कि दुनिया भर में उनतीस करोड़ से अधिक लोग ऐसे हालात में जी रहे हैं, जहां उनके लिए एक वक्त का भोजन जुटा पाना भी मुश्किल है। साफ है कि समाज का सबसे कमजोर तबका आज भी संघर्ष, महंगाई, प्राकृतिक आपदा और जबरन विस्थापन जैसी समस्याओं के चक्रव्यूह में उलझा हुआ है।संसाधनों के अभाव और संकटग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन की डगर ज्यादा कठिन हो गई है। रपट में सामने आया है कि 2024 में लगातार छठे वर्ष दुनिया में गंभीर खाद्य संकट और बच्चों में कुपोषण बढ़ा है। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले वर्ष 53 देशों या क्षेत्रों के 29.5 करोड़ लोग गंभीर खाद्य संकट से जूझ रहे थे। यह आंकड़ा वर्ष 2023 के मुकाबले 1.37 करोड़ अधिक है। यानी सुधार के बजाय स्थिति पहले से कहीं अधिक खराब हो गई है। भुखमरी के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें दो देशों के बीच युद्ध और आंतरिक संघर्ष प्रमुख हैं।भूख, भुखमरी और भोजन का संकट, एक अरब आबादी की जरूरत का खाना रोजाना हो रहा बर्बाद !इन दो कारणों से ही बीस देशों में करीब 14 करोड़ लोग भुखमरी का शिकार हैं। जाहिर है, अंतरराष्ट्रीय संघर्षों की वजह से हालात और ज्यादा बदतर हो रहे हैं। युद्ध के दौरान प्रभावित लोगों को राहत के तौर पर खाद्य सामग्री पहुंचाने पर रोक लगा देने की खबरें भी आती रहती हैं। इस तरह के प्रयास वास्तव में मानवीय संवेदनाओं के दम तोड़ देने की ओर इशारा करते हैं।महंगाई और बेरोजगारी से उपजी विकट आर्थिक स्थितियां भी भुखमरी के लिए जिम्मेदार हैं। रपट में कहा गया है कि इन दोनों कारणों से पंद्रह देशों में 5.94 करोड़ लोगों का जीवन संकट में है।

इसके अलावा, सूखा और बाढ़ ने 18 देशों में 9.6 करोड़ लोगों को खाद्य संकट में धकेल दिया है। इस पर तुर्रा यह है कि इन लोगों को खाद्य एवं पोषण सहायता के लिए मिलने वाली अंतरराष्ट्रीय वित्तीय मदद में भी भारी गिरावट आई है। ऐसा लगता है कि वैश्विक मदद और राजनीतिक इच्छाशक्ति की सांसें धीरे-धीरे उखड़ रही हैं। ऐसे में जबरन विस्थापन भुखमरी के संकट को और बढ़ा रहा है।

**भारत के ग्रामीण अंचलों से हल्दी, दाल, अचार जैसे उत्पाद अब ब्रिटिश बाजारों में अपनी महक फैलाएंगे। मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में जिस प्रकार से गुणवत्ता, प्रतिस्पर्धा और पारदर्शिता पर जोर दिया, उसी का परिणाम है यह करार। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि अब भारत केवल बाजार नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति बन चुका है, जो अपने हितों की रक्षा करते हुए विश्व से संवाद करता है। यह समझौता सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, यह सेवा क्षेत्र, शिक्षा, वित्तीय सेवाएं, निवेश, सामाजिक सुरक्षा, और दोहरे कराधान जैसे क्षेत्रों में भी भारतीयों के लिए नए दरवाज़े खोलता है।**

# भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता: एक क्रांतिकारी कदम

(ललित गर्ग )

मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में जिस प्रकार से गुणवत्ता, प्रतिस्पर्धा और पारदर्शिता पर जोर दिया, उसी का परिणाम है यह करार। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि अब भारत केवल बाजार नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति बन चुका है, जो अपने हितों की रक्षा करते हुए विश्व से संवाद करता है।

भारत और ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की अंतिम स्वीकृति ने न केवल वैश्विक व्यापार जगत में हलचल मचा दी है, बल्कि भारत के आर्थिक भविष्य को भी एक नई दिशा दी है। दोनों देशों के बीच आखिरकार फ्री ट्रेड एग्रीमेंट होने का फायदा दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मिलेगा। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से संरक्षणवाद बढ़ा है, उसमें ऐसे व्यापार समझौतों की भूमिका और भी अहम हो जाती है। इस समझौते से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल अमेरिका बल्कि अन्य देशों को भी भारत की मजबूत होती स्थिति का आइना दिखाया है, जो उनकी दूरगामी एवं कूटनीतिज्ञ राजनीति का द्योतक है। इस समझौते को मौजूदा दौर में दुनियाभर में जारी बहुस्तरीय तनाव, दबाव एवं दादागिरी की राजनीति के बीच एक बेहतर एवं सूझबूझभरी कूटनीतिक कामयाबी के तौर पर देखा जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने शुल्क के मोर्चे पर एक बड़ा द्वंद्व एवं संकट खड़ा कर दिया था। लेकिन भारत ने इस द्वंद्व के बीच झूकने की बजाय नये रास्ते खोजे हैं। निश्चित ही यह व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) महज एक कागज़ी करार नहीं, बल्कि 'विकसित भारत 2047' के स्वप्न को मूर्त रूप देने की ठोस रणनीति है। जहां एक ओर यह समझौता 99 प्रतिशत टैरिफ को समाप्त कर वस्त्र, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, कृषि व रत्न-आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को नई उड़ान देगा, वहीं दूसरी ओर छोटे उद्यमों, मछुआरों और किसानों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाएगा। भारत के ग्रामीण अंचलों से हल्दी, दाल, अचार जैसे उत्पाद अब ब्रिटिश बाजारों में अपनी महक फैलाएंगे।

मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में जिस प्रकार से गुणवत्ता, प्रतिस्पर्धा और पारदर्शिता पर जोर दिया, उसी का परिणाम है यह करार। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि अब भारत केवल बाजार नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति बन चुका है, जो अपने हितों की रक्षा करते हुए विश्व से संवाद करता है। यह समझौता सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, यह सेवा क्षेत्र, शिक्षा, वित्तीय सेवाएं, निवेश, सामाजिक सुरक्षा, और दोहरे कराधान जैसे क्षेत्रों में भी भारतीयों के लिए नए दरवाज़े खोलता है। खासकर ब्रिटेन में काम कर रहे भारतीय पेशेवरों के लिए यह राहत का संदेश है, जिन्हें सामाजिक सुरक्षा अंशदान से छूट मिल सकेगी। यह समझौता इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि अब तक अमेरिका की ओर से पैदा किये गये किसी दबाव के आगे भारत ने झुकना स्वीकार नहीं किया और उसने भारत-ब्रिटेन जैसे नये विकल्पों को खड़ा करने और पुराने को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाये हैं।



ब्रिटेन के साथ यह एफटीए एक उदाहरण है कि कैसे भारत न्यायसंगत और समावेशी व्यापार समझौते कर सकता है, जिसमें न तो अपने किसानों, न ही डेयरी क्षेत्र या छोटे उत्पादकों को नुकसान होता है। भारत ने संवेदनशील क्षेत्रों को समझौते से बाहर रखकर आत्मनिर्भरता और खाद्य सुरक्षा की अपनी नीति को बरकरार रखा है। वर्तमान में भारत का वैश्विक व्यापार लगभग 21 अरब डॉलर है, जो इस समझौते के बाद 2030 तक 120 अरब डॉलर तक पहुँचने की संभावना रखता है। यह न केवल विदेशी निवेश को आकर्षित करेगा, बल्कि भारत की मैन्युफैक्चरिंग हिस्सेदारी को 17 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक बढ़ाने में सहायक होगा। इस करार के साथ, मोदी सरकार ने साबित कर दिया है कि जब नियोजित दृष्टिकोण, वैश्विक प्रतिष्ठा और साहसिक निर्णय साथ चलते हैं, तो भारत जैसे विकासशील देश भी वैश्विक मंच पर निर्णायक बन सकते हैं।

भारत और ब्रिटेन के बीच सीईटीए के अस्तित्व में आने से एक नये आर्थिक सूर्य का उदय हुआ है, जिससे रोजगार सहित अनेक उन्नत राष्ट्र-निर्माण के अवसर सृजित होंगे। सीईटीए की संकल्पना आस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात और कुछ अन्य देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों के अनुरूप ही है। यह मोदी सरकार की भारत को 2047 तक विकसित बनाने की संकल्पना से जुड़ी रणनीति का एक हिस्सा है। मोदी सरकार ने भारत को तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने के अपने संकल्प में नये पंखों को जोड़ते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास को फिर से स्थापित करने तथा इसे भारतीय और विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक बनाने के लिए एक दृढ़ रणनीति अपनाई है। विकसित देशों के साथ एफटीए इस रणनीति के केंद्र में है। ऐसे समझौते व्यापार नीतियों से जुड़ी अनिश्चितताओं को दूर करके निवेशकों का विश्वास बढ़ाते हैं। पिछली यूपीए सरकार ने भारत के व्यापारिक दरवाजे प्रतिद्वंद्वी देशों के लिए खोलकर भारतीय व्यवसायों को खतरे में डालने वाला रवैया अपनाया था, लेकिन अतीत की उन बड़ी भूलों को सुधारा जा रहा है, जो नये भारत-विकसित भारत का आधार है।

मोदी के मेड इन इंडिया संकल्प की दृष्टि से यह डील बेहद अहम है। इससे करीब 99 प्रतिशत निर्यात यानी यहां से ब्रिटेन जाने वाली चीजों पर टैरिफ से राहत मिलेगी। इसी तरह ब्रिटेन से आनी वाली चीजें भारत में सस्ती मिल सकेंगी। जिससे आम लोगों को अधिक गुणवत्ता वाला सामान सस्ते में सुलभ होगा और जीवनस्तर में व्यापक सुधार होगा। डील से एक बड़ा फायदा होगा टेक्सटाइल्स, लेदर और इलेक्ट्रॉनिक्स को। इनसे मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। अभी ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.8 प्रतिशत है, जबकि चीन की 28.8 प्रतिशत। इसी तरह, देश की जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग का योगदान 17 प्रतिशत है और सरकार इसे 25 प्रतिशत तक बढ़ाना चाहती है। इस तरह की डील से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय, दोनों स्तर पर प्रदर्शन में सुधार होगा। कृषि सेक्टर को भी उन्नत बनाने एवं अधिक उत्पाद की दृष्टि से व्यापक फायदा होगा। इसके लिए इस समय भारत की बातचीत अमेरिका से भी चल रही है। लेकिन वहां कृषि और डेयरी प्रॉडक्ट्स को लेकर रस्साकशी है। अमेरिका इन दोनों क्षेत्रों में खुली छूट चाहता है, जबकि अपने लोगों के हितों को देखते हुए भारत ऐसा नहीं कर सकता। ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार होने से भारत के कृषि उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

क्रांतिकारी सुधारों, नवाचार, तकनीक, कारोबारी सुगमता और प्रधानमंत्री के वैश्विक व्यक्तित्व ने भारत को एक आर्थिक सूरज के रूप में उभारने में मदद की है, जहां विपुल संभावनाएं हैं। आज दुनिया भारत की ओर आशाभरी नजरों से देख रही है और भारत की अद्भुत विकासगाथा का हिस्सा बनना चाहती है। प्रमुख देशों द्वारा एक के बाद एक एफटीए इसी मान्यता की पुष्टि करते हैं। ब्रिटेन के साथ यह व्यापार समझौता बाजार पहुंच और प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के एफटीए वस्तुओं और सेवाओं से कहीं आगे तक सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं नागरिक हितों तक जाते हैं। आस्ट्रेलियाई एफटीए के साथ भारत ने दोहरे कराधान का मुद्दा सुलझाया, जो आईटी कंपनियों की परेशानी बढ़ा रहा था। ब्रिटेन के साथ समझौते का एक अहम बिंदु दोहरे अंशदान से जुड़ा है। यह ब्रिटेन में नियोक्ताओं, अस्थायी भारतीय कर्मियों को तीन वर्षों के लिए सामाजिक सुरक्षा अंशदान से छूट देता है। इससे भारतीय सेवा प्रदाताओं की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

# भारत और ब्रिटेन के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से ऐसे दूरगामी वैश्विक असर पड़ेंगे

(कमलेश पांडे )

आंकड़े बताते हैं कि भारत और ब्रिटेन के बीच पुराने व्यापारिक रिश्तों के बावजूद 2023-24 में केवल 21.34 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था। जो दोनों देशों के अर्थव्यवस्था के आकार को देखते हुए यह आंकड़ा बहुत कम है। हाल ही में भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) केंद्र में सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अंतरराष्ट्रीय मायने बेहद अहम हैं, क्योंकि इसका फायदा दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मिलेगा। इस प्रकार भारत और ब्रिटेन के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से आने वाले वर्षों में दूरगामी वैश्विक असर भी देखने को मिलेंगे।

यह कहना गलत नहीं होगा कि अमेरिका प्रेरित भूमंडलीकरण और निजीकरण की नीतियों पर आधारित मुक्त वैश्विक अर्थव्यवस्था के दौरान, पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से कारोबारी संरक्षणवाद बढ़ा है, उसमें ऐसे व्यापार समझौतों की भूमिका और भी अहम हो जाती है। देखा जाए तो भाजपा नीत एनडीए सरकार ने 2014 में केंद्रीय सत्ता में आने के बाद भारत ने मॉरिशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और ईएफटीए के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया है।

लिहाजा, भारत-ब्रिटेन में बीच हुआ एफटीए उसी की एक अगली कड़ी है। जबकि यूरोप से हमारी बातचीत जारी है, जिसे जल्द से जल्द अंजाम तक पहुंचाया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए कि अर्थव्यवस्था (इकॉनमी) के मोर्चे पर आने वाली संभावित चुनौतियों से निपटने में ऐसी ही द्विपक्षीय व्यापारिक डील सहायक होती हैं।

आंकड़े बताते हैं कि भारत और ब्रिटेन के बीच पुराने व्यापारिक रिश्तों के बावजूद 2023-24 में केवल 21.34 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था। जो दोनों देशों के अर्थव्यवस्था के आकार को देखते हुए यह आंकड़ा बहुत कम है। लिहाजा माना जा रहा है कि ट्रेड डील से सालाना व्यापार 34 बिलियन डॉलर तक बढ़ जाएगा। जबकि दोनों देश साल 2030 तक इसे 120 बिलियन डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचाना चाहते है।

इससे साफ है कि अब दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ेगा और कारोबारी संतुलन लाने में भी आशातीत मदद मिलेगी। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आधुनिक भारत के निर्माण में इंग्लैंड का बहुत बड़ा योगदान है, क्योंकि 1947 से पहले इंडिया पर उसी का शासन था। कॉमनवेल्थ देशों के सदस्य के नाते उससे भावनात्मक लगाव भी है। देखा जाए तो इस समझौते को लेकर लंबे समय से भारत-ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड डील की बातचीत चल रही थी। इसकी वजह से ही अमेरिका की टैरिफ सम्बन्धी बातचीत भी चल रही थी और हाल में ही इसमें भी तेजी आई है। इसके पीछे एक नीति है। क्योंकि डॉनल्ड ट्रंप की ट्रेड पॉलिसी ने पूरी दुनिया में आर्थिक व सैन्य अनिश्चितता बढ़ा दी है। ऐसे में इस तरह के द्विपक्षीय समझौते से दोनों देशों को इस अनिश्चितता को घटाने और व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी।

भारत के मेक इन इंडिया के लिहाज से भी यह डील बेहद अहम है। इससे करीब 99 प्रतिशत निर्यात यानी यहां से ब्रिटेन जाने वाली चीजें पर टैरिफ से राहत मिलेगी। इससे वहां पर हमारा व्यापार बढ़ेगा। इसी तरह ब्रिटेन से आनी वाली चीजें भारत में सस्ती मिल सकेगी। लिहाजा इस डील से भारत के टेक्सटाइल्स, लेदर और इलेक्ट्रॉनिक्स को एक बड़ा फायदा होगा। इनसे हमारे मैन्युफैक्चरिंग उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा।

बता दें कि अभी ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.8 फीसदी है, जबकि चीन की 28.8 फीसदी। इसी तरह, देश की सकल राष्ट्रीय उत्पाद (जीडीपी) में मैन्युफैक्चरिंग का योगदान 17 प्रतिशत है और सरकार इसे 25 प्रतिशत तक बढ़ाना चाहती है। इसलिए इस तरह की डील से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय, दोनों स्तर पर प्रदर्शन में सुधार होगा।

भारत-इंग्लैंड के बीच हुए एफटीए सेवकृषि सेक्टर को भी फायदा पहुंचेगा। इसी तरह के व्यापारिक समझौते के लिए इस समय भारत की बातचीत लम्बे समय से अमेरिका से भी चल रही है। लेकिन वहां कृषि और डेयरी प्रॉडक्ट्स को लेकर रस्साकशी है। क्योंकि अमेरिका इन दोनों क्षेत्रों में खुली छूट चाहता है, जबकि अपने लोगों के हितों को देखते हुए भारत ऐसा कदापि नहीं कर सकता है। इसलिए ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार होने से भारत के कृषि उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

इस बीच, अगर भारत की अमेरिका के साथ अच्छी व्यापार डील हो जाती है तो उससे भी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की ओर हमारे कदम आगे बढ़ेंगे। हालांकि, भारत की गुटनिरपेक्षता की नीति, पिछले एक दशक के आशातीत आर्थिक विकास आदि से अमेरिका चिढ़ा हुआ है। उसकी नीति रही है कि अमेरिकी कम्पनियां चीन में सस्ता माल बनाएंगी और उसे भारत में खपायेंगी। लेकिन मनमोहन सरकार की इस राष्ट्रविरोधी नीति को नरेंद्र मोदी सरकार ने पलट दी है और मेक इन इंडिया, मेक फ़ॉर द वर्ल्ड जैसी ठोस राष्ट्रवादी नीतियों को बढ़ावा दिया है। भारत से अमेरिका की चिढ़ की एक मौलिक वजह यह भी है कि वह भारत को रूस से दूर करके चीन से लड़ाना चाहता है, भारत के पड़ोसी देशों को चीन-पाकिस्तान की मदद से इंडिया से उलझाना चाहता है, ताकि अरब देशों की तरह भारतीय उपमहाद्वीप के देशों में भी उसका दबदबा बढ़े और हथियार खपे। लेकिन वसुधैव कुटुम्बकम का भाव रखने वाले भारत के साथ अमेरिका की एक नहीं चली।

# अचानक इस्तीफे का विचार, लोकतंत्र का श्रृंगार

**पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ उनके विवाद की कोई हदबंदी नहीं थी। पश्चिम बंगाल में राज्यपाल के रूप में उनकी भूमिका बीजेपी और केंद्र सरकार को इसलिए सूट कर रही थी क्योंकि इससे ममता बनर्जी को परेशानी हो रही थी. एक कानूनविद होने के कारण उनके एक्शन अवैधानिक नहीं होते थे, लेकिन उनका प्रैक्टिकल रूप वैधानिकता को कई बार कटघरे में खड़ा कर देता था। पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने ही उपराष्ट्रपति के लिए उम्मीदवार के रूप में चुना और वह उपराष्ट्रपति बने. सामान्य प्रक्रिया में उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति बनने की इच्छा रखता है. पूर्व उपराष्ट्रपति हर कंट्रोवेंशियल मुद्दे पर अपनी राय रखते थे. सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ उनके वक्तव्य विवादास्पद बने थे. राज्यसभा सदन में कृषि मंत्री को जिस तरह से किसान मुद्दे पर आसंदी से टिप्पणी की थी, उसको लेकर भी सरकार असहज हुई थी।**

(सरयूसुत मिश्रा)

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अचानक इस्तीफा चौंकाने वाला लगता है. विपक्षी दलों द्वारा मानसून सत्र में सरकार को घेरने के लिए तैयारी का पटाखा तो हर बार जैसा ही नारेबाजी में फुस्स हो गया. लेकिन धमाका धनखड़ ने कर दिया..!! राज्यसभा के सभापति के रूप में पूरे दिन कार्यवाही का संचालन किया. पूरी तरह से सक्रिय दिखाई पड़े. दूसरे दिन के लिए बैठकों को स्थगित किया. फिर अचानक देर शाम राष्ट्रपति से मिलकर इस्तीफा दिया और खुद ही एक्स पर पोस्ट कर ऐलान कर दिया। उपराष्ट्रपति संवैधानिक पद है. अगर इस्तीफा देना है तो निश्चित रूप से जिस सरकार ने उन्हें उपराष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाया, उसको तो जरूर विश्वास में लिया गया होगा. अगर इस्तीफे के पहले प्रधानमंत्री को विश्वास में नहीं लिया गया तो फिर यह स्पष्ट ही है कि, इस्तीफा स्वाभाविक नहीं बल्कि मजबूरी में दिया गया है. पूरा घटनाक्रम इसी और इशारा कर रहा है।

उपराष्ट्रपति अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को सौंपने के बाद बिना मंजूरी के उसको सोशल मीडिया पर पोस्ट कैसे कर सकते हैं? क्योंकि धनखड़ ने ऐसा किया है इसलिए ऐसा लगता है कि, सरकार की नाराजगी के चलते उनके द्वारा त्यागपत्र दिया गया है. इसीलिए शायद वह स्वयं इसे सार्वजनिक कर संदेश देना चाहते होंगे. अब तो उनका त्यागपत्र राष्ट्रपति द्वारा मंजूर कर लिया गया है. गृह मंत्रालय की ओर से इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिक्रिया भी सामने आ गई है. पीएम ने पूर्व उपराष्ट्रपति के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है. जितनी छोटी प्रतिक्रिया पीएम की ओर से दी गई है, वह भी अगर डीकोड की जाएगी तो सरकार और उपराष्ट्रपति के बीच नाराजगी का ही इशारा करती है। पूर्व उपराष्ट्रपति ने यह इतिहास तो बना ही लिया है कि आजादी के बाद अब तक किसी भी उपराष्ट्रपति ने पहली बार कार्यकाल पूरा होने के पहले अपना पद छोड़ा है. इसके पहले उपराष्ट्रपतियों ने जब भी त्यागपत्र दिया तब राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने के लिए ऐसा किया गया।

पूर्व उपराष्ट्रपति का व्यक्तित्व आउट स्पोकन रहा है. पेशे से वह वकील हैं. बुद्धिजीवी के रूप में उनकी छवि है. राजनीति में लोकदल, जनता दल और कांग्रेस से होते हुए बीजेपी में आए. पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा ही उन्हें राज्यपाल बनाया गया था. पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ उनके विवाद की कोई हदबंदी नहीं थी।



पश्चिम बंगाल में राज्यपाल के रूप में उनकी भूमिका बीजेपी और केंद्र सरकार को इसलिए सूट कर रही थी क्योंकि इससे ममता बनर्जी को परेशानी हो रही थी. एक कानूनविद होने के कारण उनके एक्शन अवैधानिक नहीं होते थे, लेकिन उनका प्रैक्टिकल रूप वैधानिकता को कई बार कटघरे में खड़ा कर देता था।

पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने ही उपराष्ट्रपति के लिए उम्मीदवार के रूप में चुना और वह उपराष्ट्रपति बने. सामान्य प्रक्रिया में उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति बनने की इच्छा रखता है. पूर्व उपराष्ट्रपति हर कंट्रोवेंशियल मुद्दे पर अपनी राय रखते थे. सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ उनके वक्तव्य विवादास्पद बने थे. राज्यसभा सदन में कृषि मंत्री को जिस तरह से किसान मुद्दे पर आसंदी से टिप्पणी की थी, उसको लेकर भी सरकार असहज हुई थी।

उनके वक्तव्य उनके संवैधानिक पद और राजनीतिक सोच की सीमाओं से परे होते थे. जब से उन्होंने इस्तीफा दिया है तब से विपक्षी दलों द्वारा यही जानने की कोशिश हो रही है कि उन्होंने इस्तीफे में लिखे अनुसार स्वास्थ्य कारणों से ही पद छोड़ा है या कारण कुछ और है? लगता तो यही है कि, स्वास्थ्य का कारण तो बहाना है. असली कारण सरकार और उनके बीच नाराजगी रही है. अगर ऐसा है तो इसके लिए सरकार से ज्यादा पूर्व उपराष्ट्रपति स्वयं जिम्मेदार कहे जाएंगे. वह जाट समाज से आते हैं. उनका राजनीतिक जनाधार उतना महत्वपूर्ण नहीं है. उनकी योग्यता और कानूनविद होने की विशेषज्ञता के कारण उन्हें इस पद के लिए चुना गया था. उनका आउट स्पोकन होना, उनके लिए घातक साबित हो गया। त्यागपत्र के बाद विपक्ष जहां इसका कारण खोज रहा है, वही उनका पुरज़ोर समर्थन भी कर रहा है. इसे राजनीति की विडम्बना ही कहा जाएगा कि, जो विपक्ष आज धनखड़ में सारी खूबियां देख रही है, वहीं विपक्ष उनके खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव लेकर आया था. उपराष्ट्रपति का पद केवल राज्यसभा के सभापति के रूप में ही उपयोगी हो सकता है बाकी तो सरकार के लिए इसकी बहुत सीमित उपयोगिता ही है।

जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग के मामले में राज्यसभा का घटनाक्रम भी धनखड़ की बड़ी भूल के रूप में देखा जा रहा है. जब एनडीए सरकार विपक्ष के साथ मिलकर इस पर प्रस्ताव लोकसभा में ला रही है तो फिर राज्यसभा में केवल विपक्ष के प्रस्ताव को उनके द्वारा क्यों स्वीकार किया गया. यह या तो उन्होंने अपनी नाराजगी प्रकट करने के लिए किया।

इसके साथ ही विपक्ष का एक और महाभियोग प्रस्ताव जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ पहले से ही राज्यसभा के सभापति के पास विचाराधीन है. इस पर भी उन्होंने राज्यसभा में चर्चा का आश्वासन दिया था. जस्टिस यशवंत वर्मा के महाभियोग पर सरकार आगे बढ़ रही है लेकिन जस्टिस शेखर यादव के खिलाफ महाभियोग के पक्ष में सरकार नहीं थी. उनकी इस भूल ने भी नाराजगी बढाने की भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त समाचार

### नरेंद्र सिन्हा चिल्ड्रेन पार्क में स्वैछिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सह समाजसेवी स्व. नरेंद्र सिन्हा (छोटन) की पुण्यतिथि के मौके पर नरेंद्र सिन्हा मेमोरियल फाउंडेशन के तत्वाधान में नरेंद्र सिन्हा चिल्ड्रेन पार्क में स्वैछिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. ।शिविर में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य सोनू समेत शहर के कई गणमान्य लोग व कांग्रेसी नेता शामिल हुए।. इस दौरान सबों ने सबसे पहले स्व. नरेंद्र सिन्हा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया ओर फिर उनके द्वारा समाज के प्रति किये गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया. ।इस शिविर के कई लोगों ने रक्तदान कर स्व. नरेन्द्र सिन्हा को श्रधांजलि दी. इस मौके पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा की रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता है, उन्होंने कहा की रक्तदान किसी के जीवन बचाने का सरल ओर सहज उपाय है, आज नरेंद्र सिन्हा मेमोरियल फाउंडेशन के द्वारा यह शिविर लगाया गया है जिसकी में सराहना करता हूं.। इस मौके पर अजय सिन्हा मंटू,अंजनी सिन्हा,विकास सिन्हा,रेड क्रॉस के चेयरमैन अरविंद कुमार,राकेश सिन्हा,सतीश कुंदन,अंजनी सिन्हा,मदनलाल विश्वकर्मा,यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुमार गौरव,राकेश बंटी, शिवम श्रीवास्तव,सुमित कुमार समेत कई लोग मौजूद थे.



### सुधांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी पर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश वासियों के लिए गर्व की बात

**गिरिडीह /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज अपने बूथ संख्या 243 पंचायत भवन सिरसिया के नजदीक गिरिडीह के निवर्तमान मेयर सुनील पासवान ने अपने आवासीय कार्यालय में अपने लोगों के बीच में इस देश के यशस्वी प्रधानमंत्री परम आदरणीय नरेंद्र भाई मोदी जी की मन की बात के कार्यक्रम को सुनने का काम किया आज के कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी ने खेल और विज्ञान पर चर्चा किए ,साथ ही साथ अंतरिक्ष यात्री सुधांशु शुक्ला के अंतरिक्ष से वापसी पर प्रधानमंत्री जी ने कहा कि देश वासियों के लिए गर्व की बात है। साथ ही साथ इस अंतरिक्ष यात्रा से हम सभी पूरे देशवासी गौरवपूर्ण क्षण महसूस कर रहे हैं ,आज के कार्यक्रम में आने वाले प्रमुख पर्व त्योहारों की भी माननीय मोदी जी ने देश की जनता को बधाई और शुभकामनाएं देने का काम किया है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनु कुशवाहा रणजीत राम चंदन पासवान राजीव रंजन बसंत राम एवं शुभम पासवान उपस्थित



### झारखंड मुक्ति मोर्चा के महिला मोर्चा की बैठक कर पार्टी का विस्तार किया गया

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रविवार को गिरिडीह के सिकदारडीह गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के महिला मोर्चा का बैठक कर पार्टी का विस्तार किया गया । इस अवसर पर सिकदारडीह पंचायत के सात गांव के महिलाओं ने इस बैठक में भाग लिया। वंही सिकदारडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि के उपस्थित में यह बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष मुन्नी देवी और सचिव सोनी खातुन को बनाया गया वंही, कमला देवी उपाध्यक्ष, दुलारी देवी कोषाध्यक्ष, सुनीता देवी संगठन सचिव चुनी गयी जबकि कार्यकारिणी समिति सदस्यों में कमली देवी, सीता देवी का चयन किया गया।



### डाक बम की की सेवा ईश्वर की सेवा है : प्रो विनीता

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कांवरियों का जत्था बाबा धाम देवघर रवाना आज गिरिडीह के भंडारी डीह स्थित राधाकृष्ण मंदिर के प्रांगण से श्रद्धालुओं का जत्था बाबा नगरी के लिए रवाना हुई। श्रावण के इस पावन महिने में प्रो विनीता कुमारी एवं उनकी टीम द्वारा लगभग 30-35 की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु को अंगवस्त्र एवं फल देकर उन्हें ससम्मान रवाना किया विनीता ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी श्रद्धालुगण बहुत ही भक्ति भावना और उत्साह के साथ सुल्तानगंज से जल उठाकर बाबा भोलेनाथ को अर्पित करने इन कांवरियों का जत्था जाता है और हम सभी का सौभाग्य है कि हमें इनकी सेवा करने का अवसर मिलता है। इसमे एक महिला और चार बच्चे भी कांवर बम उठाकर बाबा को जल अर्पित करेंगे।मौके पर नगर मंत्री समीर दीप,अमित आर्या, सुरेश गुप्ता,शुभ दीप,सोनु साई,रितिक पासवान,बीरु वर्मा, मुकेश मंडल, मुकेश कुमार रोमण पाठक आदि के साथ सैकड़ों श्रद्धालु गण उपस्थित रहे। भगवान भोलेनाथ सभी पर अपनी कृपा सदैव बनाए रखें।



### रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ग्रेटर के द्वारा निःशुल्क कावरिया सेवा शिविर का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ग्रेटर के द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों के तहत रंगा मोड, खजुरिया कांवरिया पथ ,देवघर में एक निःशुल्क कावरिया सेवा शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में क्लब के द्वारा दवाई, फल ,पानी ,जूस ,ओ आर एस घोल और कांवरिया का ड्रेसिंग का व्यवस्था किया गया। इस शिविर मे लगभग 5000 कांवरियों ने सेवा का लाभ लिया शिविर को सफल बनाने मे अध्यक्ष सीए शंकर अग्रवाल, सचिव सीए रवि गाड़िया, कोषाध्यक्ष सीए दीपक संथालिया ,संयोजक अनिल मिश्रा,पूर्व अध्यक्ष सुजय राज गुप्ता,आईपीपी सीए ब्रह्मदेव प्रसाद ,राजेंद्र तर्वे, पूर्व अध्यक्ष ज्योति प्रकाश गुप्ता ,मनीष गुप्ता ,गौरव सिंघानिया ,अजय गुप्ता ,सीए आकाश रोशन ,सीए सुमित अग्रवाल, गौतम खेतान, विशाल जैन,अनिल गुप्ता, मनीषी गुप्ता ,निक्की गाड़िया रितु संथालिया, सरिता जैन तेजसी गुप्ता ,आदित्य गाड़िया, अदिति गाड़िया एवं कंपाउंडर संदीप पांडे इत्यादि का भरपूर सहयोग मिला। इस शिविर के आयोजन से कांवरियों लोगों ने बहुत ही खुशी जताई और सेवा हमेशा के लिए देने की बात कही।



# असिमता खेलो इंडिया योगासन सिटी लीग संपन्न पूरे झारखंड से 200 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीह के इनडोर स्टेडियम में खेलो इंडिया के तहत चल रहे स्मिता खेलो इंडिया वूमेंस लीग का आयोजन किया गया जिसमें गिरिडीह के अलावा झारखंड के विभिन्न जिलों से लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया उद्घाटन समारोह में अतिथि के रूप में गिरिडीह कॉलेज की प्रोफेसर विनीता कुमारी, जीवा स्टेट प्रेसिडेंट पूनम सहाय,सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल की रमनप्रीत सलूजा ,भारत विकास परिषद के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, सीसीएल डीएवी की वाइस प्रिंसिपल शबाना रब्बानी, के अलावा मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड योगासन संघ के विपिन कुमार पांडे जी उपस्थित हुए सभी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर इस एक दिवसीय प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने अपना उम्दा प्रदर्शन करते हुए लोगों को दांतों तले उंगलियां दबाने पर मजबूर कर दिए इस प्रतियोगिता में गिरिडीह जिला के खिलाड़ियों ने अपना दबदबा बनाए रखा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गिरिडीह जिला योगासन संघ के राजेश जलन, बबलू सिन्हा, संतोष शर्मा, अमित स्वर्णकार, सोनी कुमारी, मुक्त कुमारी, पुष्पा शक्ति, नितेश नंदन, रोहित श्रीवास्तव, आकाश स्वर्णकार, उत्कर्ष गुप्ता, दयानंद जायसवाल, अनिल सिंह, हर्ष सिंह राजपूत, बी एन सहाय का अहम योगदान रहा।




## अधिवक्ता जया कुमार बनी लायंस क्लब ऑफ गोविंदपुर की अध्यक्ष

**गोबिंदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोबिंदपुर लायंस क्लब ऑफ गोविंदपुर द्वारा क्लब के 47वें चार्टर नाइट सह 48वें पदस्थापना समारोह जी.टी. रोड स्थित एक होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायन संदीप विश्वकर्मा ने किया !। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पीएमजेएफ लायन संजय कुमार जिला गवर्नर, जिला 322 ए की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्थापना अधिकारी के रूप में पीएमजेएफ लायन कमल जैन मल्टीपल काउंसिल ट्रेजरर, एमडी 322 तथा शपथ ग्रहण अधिकारी के रूप में एमजेएफ लायन कंचन साहू द्वितीय वी.डी.जी., जिला 322 ए ने समारोह की शोभा बढ़ाई विशिष्ट अतिथि आर पी सरिया , रीजन चेयरपर्सन लायन प्रकाश ठक्कर मौजूद थे। सर्वप्रथम सभी सम्मानित अतिथियों का क्लब द्वारा अंगवस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के चेयरपर्सन एमजेएफ लायन रोशन अग्रवाल तथा लायन अमन कुमार यादव थे । सर्वप्रथम क्लब के चार्टर सदस्य एम जे एफ लायन शंभू नाथ अग्रवाल एवं पीडीजी आर पी सरिया के सम्मान में उपस्थित सभी सदस्य खड़े होकर उनका सम्मान किए, साथ ही मुख्य अतिथि ने उन्हें सम्मानित किया। नव निर्वाचित लायन जया कुमार, अध्यक्ष, लायन राजेश जायसवाल, प्रथम उपाध्यक्ष, लायन अनूप सरिया द्वितीय उपाध्यक्ष, लायन कैलाश दुदानी तृतीय उपाध्यक्ष, लायन रोशन अग्रवाल, लायन सपना लिख्मानिया, लायन एस के रॉय लायन संतोष सोनी, लायन कुमार कांत जायसवाल ( सह कोषाध्यक्ष) सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नौतन में मृतिका के घर पहुंचे ई. प्रमोद मल्ल, परिजनों को दिया हर संभव मदद का भरोसा

**आकाशीय बिजली गिरने से हो गई थी युवती की मौत, शोक में डूबा है बरईपट्टी गांव**

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नौतन प्रखंड के बरईपट्टी गांव में 25 जुलाई को हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। गांव के भोला पंडित की 22 वर्षीय पुत्री नेहा कुमारी की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हो गई। बताया गया कि नेहा किसी जरूरी काम से बाहर निकली थी, तभी अचानक तेज गरज और चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरी और वह उसकी चपेट में आ गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना की खबर मिलते ही ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही सामाजिक संस्था "आपन सिवान" के संस्थापक ई० प्रमोद कुमार



मल्ल रविवार को मृतका के घर पहुंचे। उन्होंने शोकसंतप्त परिवार से मिलकर गहरी संवेदना प्रकट की और उन्हें ढांढ़स बंधाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संस्था पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। ई० मल्ल ने प्रशासन से भी आग्रह किया कि नेहा कुमारी के परिवार को आपदा राहत कोष से शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि इस कठिन समय में उन्हें सहारा मिल सके।

# रोटरी गिरिडीह का 68वां पद ग्रहण समारोह उत्सव उपवन रिसॉर्ट में आयोजित किया गया






**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को देर शाम रोटरी गिरिडीह का 68 वां पदस्थापना समारोह उत्सव उपवन रिसॉर्ट में आयोजित किया गया इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नम्रता विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटरी असिस्टेंट गवर्नर डॉ मोहम्मद आजाद उपस्थित रहे। सर्व प्रथम छोटे बच्चों द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत किया गया,उसके बाद अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित की गई।

कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से की गई तत्पश्चात रोटरी गिरिडीह निवर्तमान अध्यक्ष रवि चूड़ीवाला के नेतृत्व में पिछले रोटरी सत्र 2024-25 में क्लब द्वारा किए कार्यों का विवरण निवर्तमान सचिव मयंक राजगढ़िया द्वारा प्रस्तुत किया गया उसके बाद पिछले वर्ष रोटरी गिरिडीह के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उसके बाद रोटरी सत्र 2025-26 के नए अध्यक्ष पियूष मुसद्दी एव सचिव रोहित जैन को मुख्य अतिथि द्वारा पदभार ग्रहण कराया गया इसके बाद रोटरी गिरिडीह के नए अध्यक्ष पियूष मुसद्दी द्वारा अपनी पूरी टीम की घोषणा कर मंच पर बुलाया गया,इस अवसर पर उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए रोटरी गिरिडीह द्वारा आगामी सत्र में होने वाले कार्यों की रूपरेखा सबके सामने रखी साथ ही रोटरी गिरिडीह में तीन नए सदस्यों को शामिल किया गया,जिनको मुख्य अतिथि द्वारा रोटरी लेपल पीन लगा कर क्लब की सदस्यता दिलाई गई। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नम्रता द्वारा रोटरी गिरिडीह द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सराहना की एव रोटरी के उद्देश्यों को विस्तार पूर्वक बताया।मंच का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद अग्रवाल द्वारा दिया गया समारोह में मुख्य रूप से पूर्व रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शिव प्रकाश बगड़िया गिरिडीह के प्रसिद्ध उद्योगपति सुरेश जालान,राजेंद्र बगड़िया,गुणवंत सिंह मोंगिया,विजय सिंह,प्रकाश सहाय, लक्खी गौरीसरिया,शंभू जैन,संतोष अग्रवाल, मनीष तर्वे,आशीष तर्वे,राजेश जालान, अमित गुप्ता, देवेंद्र सिंह, प्रभाष दत्ता,नरेंद्र सिंह,प्रदीप अग्रवाल, प्रमोद कुमार, मनीष वर्णवाल,राजन जैन,सिद्धार्थ जैन,अमित अग्रवाल,अभिषेक जैन, नबीन सेठी,चरणजीत सिंह,संतोष गोयनका, विकास बगड़िया,संजय शर्मा,विकास बसईवाला, शरद रुंगटा, राजेंद्र भारतीया,सारंग केडिया,तरनजीत सिंह, अमित तुलस्यान,प्रशांत बगड़िया,मनीष केडिया, सुमित बगड़िया अमित डे,रतन डोकानिया, ओम प्रकाश डोकानिया,गुरुप्रीत सिंह,डॉ विनय गुप्ता,डॉ शशि भूषण चौधरी, डॉ विकास लाल, डॉ विकास माथुर,पूनम सहाय,रंजना बगड़िया,जगजीत कौर,मंजीत सिंह,रवि बगड़िया,भूपेंद्र सिंह सहित शहर के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोग सहित शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# देवरी में राजद की बैठक में प्रखण्ड कमेटी का हुआ गठन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामकिशुन हाजरा बने राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष जबकि मुमताज अंसारी सचिव आज देवरी प्रखण्ड के प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय प्रांगण में आयोजित राष्ट्रीय जनता दल की बैठक में अध्यक्षता पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामकिशुन यादव ने किया जबकि संचालन युवा राजद जिला उपाध्यक्ष अतुल कुमार चौधरी ने किया बैठक में सर्व सम्मति से प्रखण्ड अध्यक्ष के रूप में रामकिशुन हाजरा को चयन किया गया जबकि मुमताज अंसारी को प्रखण्ड सचिव बनाया गया बैठक में मुख्य अतिथि बतौर राष्ट्रीय जनता दल किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गिरेंद्र प्रसाद यादव, विशिष्ट अतिथि बतौर राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष इरफान आलम उपस्थित थे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर गिरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि जमुआ विधान सभा राजद का पुराना गढ़ रहा है जहां सामाजिक न्याय की आवाज हमेशा गूंजती रही है।।गरीबों का मसीहा जननायक लालू प्रसाद यादव के विचारधारा और सामाजिक समरसता को कभी झुकने नहीं दिया जाएगा और गरीब गुरबों दलित पिछड़ों अल्पसंख्यकों आदिवासियों एवं समाज के सभी लोगों के हक और अधिकार के लिए जन संघर्ष में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने में राजद सुप्रीमों के प्रेरणाश्रोत पर जमुआ विधान सभा में राजद का परचम लहराया जाएगा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद के जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल गरीब गुरबों दलित पिछड़ों और महिलाओं के सम्मान के लिए राजद हर कुबार्नी देने को तैयार हैं गरीबों को हक अधिकार व इंसाफ दिलाने में गरीबों की आवाज आदरणीय लालू प्रसाद यादव एवं बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम युवाओं के धड़कन तेजस्वी यादव के विचारधारा और सामाजिक न्याय के अमूल्य धरोहर को घर घर तक पहुंचाने में सफल साबित होगा बैठक में पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामकिशुन यादव व जमुआ प्रखण्ड अध्यक्ष ललन यादव, युवा राजद के जिला उपाध्यक्ष अतुल कुमार चौधरी ने भी संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार, शोषण के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान किया मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर रामकिशुन हाजरा ने भी राजद का सांगठनिक ताकत मजबूत बनाने का संकल्प लिया और संगठन के प्रति वफादारी कर्तव्यनिष्ठा एवं दृढ़ इच्छाशक्ति से सशक्त बनाया जाएगा इसके अलावा राजद के जमुआ प्रखण्ड अध्यक्ष ललन यादव, महिला मोर्चा की वरिष्ठ नेत्री सुनीता देवी, नव निर्वाचित प्रखण्ड अध्यक्ष रामकिशुन हाजरा, सचिव मुमताज अंसारी, मनोज हाजरा ने भी संबोधित किया।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी, रामकिशुन हाजरा, मनोज हाजरा, चन्दन हाजरा,मिठू तुरी, मुरारी हाजरा, बलदेव तुरी, देवराज हाजरा, सुखदेव हाजरा,प्रमोद हाजरा, पप्पू कुमार दास, जमाल अंसारी, ऐनल अंसारी, पंकज कुमार, जसीम अंसारी, मासूम अंसारी, मंजूर अंसारी, मुंशी राणा,एमडी नूर आलम, रमजान अंसारी, भुना राम, जाहिर अंसारी, बूंदी साव, मकबूल अंसारी, जाकिर अंसारी, अकली देवी, कुंती देवी, लखिया देवी, शांति देवी, पाबिया देवी, ढलिया देवी, हलीम अंसारी,सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे उक्त महत्वपूर्ण बैठक में प्रखण्ड अध्यक्ष के मनोनयन से संबंधित प्रमाण पत्र सौंपा गया। शेष पदों पर एक सप्ताह के भीतर प्रखण्ड कमिटी की बैठक में विस्तार किया जाएगा।



## भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने को लेकर तेज हुआ अभियान

**भोजपुरी विकास मंडल की बैठक में बनी रणनीति, जनजागरूकता और सदस्यता अभियान चलाने पर जोर**

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भोजपुरी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने को लेकर भोजपुरी विकास मंडल की अभियान समिति की बैठक रविवार को प्रभा निवास, पकड़ी मोड़ में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रजापति त्रिपाठी ने की। बैठक में भोजपुरी आंदोलन को नई गति देने, जनजागरण अभियान तेज करने तथा सदस्यता अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया।

**पुराने प्रयासों की समीक्षा, भविष्य की योजना पर चर्चा**

बैठक की शुरूआत सचिव मार्कण्डेय के वक्तव्य से हुई। उन्होंने अब तक के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की मांग काफी पुरानी है। कई मंचों से इसके लिए प्रस्ताव पारित होते रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने भोजपुरी के नाम पर राजनीति में ऊंचे पद प्राप्त किए, लेकिन भाषा की दिशा और दशा में सुधार नहीं आया। अब समय आ गया है कि भोजपुरी भाषियों में व्याप्त जड़ता को तोड़ते हुए निर्णायक लड़ाई लड़ी जाए।

**डिजिटल प्रचार, जनसंपर्क और अकादमी गठन पर बल**

युगल किशोर दुबे ने बैठक में सुझाव दिया कि व्यापक स्तर पर पर्चे बांटने और डिजिटल माध्यम से प्रचार-प्रसार की रणनीति अपनाई जाए। पूर्व प्राचार्य अखिलेश पांडेय ने मांग की कि जहां-जहां भोजपुरी भाषी बड़ी संख्या में रहते हैं, उन राज्यों में भोजपुरी अकादमी का गठन किया जाए।

**भाषा आंदोलन को जन-आंदोलन बनाने की अपील**

इंजीनियर गणेश प्रसाद ने भोजपुरी विकास मंडल की सदस्यता बढ़ाने पर बल दिया, वहीं पूर्व प्राचार्य गोरखनाथ गुंजन ने स्कूल-कॉलेज और समाज के हर वर्ग को आंदोलन से जोड़ने की बात कही। डॉ. संदीप कुमार यादव और विज्ञान शिक्षक रामनरेश सिंह ने भिखारी ठाकुर, राहुल सांकृत्यायन और महेन्द्र मिश्र की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया।

**लेखकों के लिए सरकारी सहयोग की मांग**

अधिवक्ता धीरज कुमार ने भोजपुरी लेखकों की पुस्तकों को पुस्तकालयों में शामिल करने हेतु सरकारी खरीद सुनिश्चित करने की मांग की। बैठक के अंत में कोषाध्यक्ष प्रो. उपेंद्र नाथ यादव ने सभी अतिथियों का आभार जताया। बैठक डॉ. त्रिपाठी के अध्यक्षीय संबोधन के साथ संपन्न हुई।




# मजदूरों के हक को मारने वाले को छोड़ना नहीं है : अशोक पासवान

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** औद्योगिक इलाकों में बबार्दी कर रहे है पूंजीपति सरकार उसको सहन नहीं करेंगे - पूरण महतो भाकपा माले गिरिडीह प्रखण्ड कमिटी और असंगठित मजदूर मोर्चा की बैठक गिरिडीह प्रखण्ड के गादी श्रीरामपुर पंचायत के महुआ टांड़ के प्रखण्ड कार्यालय में हुई. बैठक की अध्यक्ष मंडली में राजेश सिन्हा,कन्हाई पांडेय, मसूदन कोल,हुबलाल राय,सनातन साहू,किशोर राय ने की।यह बैठक कॉमरेड ए. के. राय और कॉमरेड चारु मजुमदार के शहादत दिवस के अवसर पर दस दिवसीय कार्यक्रम सदर प्रखंड,नगर,और पीरटांड़ के अन्तर्गत किया गया आज के मुख्य अतिथि माले के जिला सचिव अशोक पासवान और विशिष्ट अतिथि में माले के वरिष्ठ नेता पूरण महतो और नगर कमिटी के सचिव राजेश सिन्हा थे,कार्यक्रम की शुरूवात में शहीद वेदी के सामने दर्जनों कि संख्या में मौन रहकर श्रद्धांजलि दी गई नारे लगाए गए जिला सचिव कॉमरेड अशोक पासवान ने कहा कि हमलोग गाँव गाँव में जाकर मजदूरों के खिलाफ लाए गए चार लेवर कानून के बारे में जागरुकता अभियान चलाया जाएगा. हमारे देश के गरीबों का मौलिक अधिकारों का सरकार हनन कर रही है. बैठक में उन्होंने कहा कि गरीबों के खिलाफ जो भी कानून लाया जाएगा उसका हमलोग विरोध करेंगे,किसान महासभा और माले के वरिष्ठ नेता पूरण महतो ने कहा कि गिरिडीह को बहुत आगे बढ़ाना है,इसके लिए भाकपा के गरीब विरोधी के नीतियों को खत्म करना होगा बैठक में भाकपा माले के नगर कमिटी के सचिव कॉमरेड राजेश सिन्हा,भाकपा माले के जिला कमीटी सदस्य कॉमरेड कन्हाय पाण्डेय प्रखण्ड सचिव कॉमरेड मसूदन कोल्ह ने कहा कि पूरे इलाको को लाल झंडा ही जल्द दिखने वाला है, राजेश सिन्हा और कन्हाई पांडेय ने कहा कि गिरिडीह के मजदूरों को तंग करने वाले को बक्सा नहीं जाएगा,मोदी सरकार के चार लेबर कोर्ड लागू करने के लिए जितना परेशान देखे गए है, उनको चिन्हित कर गिरिडीह से दूर करने की जरूरत है,सनातन साहु, केदार राय, भिखारी राय, अभिषेक गुप्ता,पवन यादव, किशोर राय, डिलचंद कोल्ह, राजन तुरी, लखन कोल्ह, राजू दास, रजा आलम, फिरोज,चुन्नू तबारक,विजय दास, प्रसादी राय, मोहन कोल्ह, धनेश्वर कोल्ह, हेमन्ती देवी, सुनीता देवी, सुगमी कुमारी सुनीता देवी, गीता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, पार्वती देवी, करमी देवी, मालती देवी, मीना देवी, बहामुनी सोरेन, अंजली देवी, कोमल कुमारी, सुनीता देवी, सुशीला देवी, कुलिया देवी, रतनी देवी, लक्ष्मी देवी , मो आलम, मनीषा देवी, पैरु कोल्ह, टुना कोल्ह, दिगम्बर कोल्ह, किसुन कोल्ह, अल्पना देवी, यशोदा देवी उदय कोल्ह, प्रकाश कोल्ह, टेटू कोल्ह, दीपक कुमार गोस्वामी उपस्थित थे.




## मानदेय भुगतान को लेकर स्वच्छता कर्मियों ने बीडीओ से लगाई गुहार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के चमुआ पंचायत में स्वच्छता कर्मियों का मानदेय लंबे समय से लंबित होने के चलते उनकी पारिवारिक स्तिथि भुखमरी के कगार पर है। मानदेय भुगतान को लेकर स्वच्छता कर्मियों ने बीडीओ से गुहार लगाई है। स्वच्छता कर्मी कुश्मी देवी, उमरावती देवी, किशोरी राम आदि ने बताया कि हमलोग पंचायत में स्वच्छता कर्मी के रूप में बहाल हुए। बहाली के समय बोला गया कि हर महीने मानदेय मिलेगा लेकिन अबतक एक रुपया नही मिल पाया है। जिसके चलते परिवारिक हालात भुखमरी के कगार पर है। और काम करने से भी मनोबल टूट रहा है। स्वच्छता कर्मियो ने कहा कि एक तो इतना कम मानदेय में कचड़े का काम काम करना है। घर घर से कचड़ा का उठाव करना उसपर से डब्लूपीयू तक लाना है।

## महावीरी झंडा को शांति समिति की बैठक

**साठी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नाग पंचमी महावीरी झंडा पर्व को लेकर थाना परिसर में रविवार को थानाध्यक्ष बिनय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियो, समाजसेवी व गणमान्य लोगों को सम्बोधित करते हुए थानाध्यक्ष बिनय कुमार ने बताया कि अपने पर्व को शांति व सद्भाव के साथ मनाए। हुड़दंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। शांति के साथ पर्व मनाने की अपील की गई।

# 8 साल में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड ने दिया 250 प्रतिशत का रिटर्न

## निवेशकों को किया मालामाल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से जारी किए जाने वाले सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की दूसरी किस्त की रिडेम्पशन प्राइस जारी को कर दिया गया है। आरबीआई ने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड 2017-18 सीरीज के लिए रिडेम्पशन प्राइस 9924 प्रति ग्राम तय किया है। यह सीरीज 28 जुलाई 2025 को मैच्योर हुआ था। बीते 8 साल में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड ने 250.67 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इसमें 2.5 प्रतिशत का ब्याज (सेमी एनुअली भुगतान होता था) शामिल नहीं है। बता दें, यह रिडेम्पशन प्राइस 21 जुलाई से 25 जुलाई के बीच इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिशिएन का औसत दाम है।

**2017 में जारी हुआ था सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की यह सीरीज-** सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जुलाई 2017 में जारी किया गया था। तब कीमत 2830 प्रति ग्राम था। वहीं, डिजिटल एप्लिकेशन वाले निवेशकों को 50 रुपये प्रति ग्राम की छूट मिली थी। बता दें, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड ने निवेशकों को अच्छा रिटर्न के साथ-साथ कई सुविधाएं दी हैं। निवेशकों को मैच्योरिटी के वक्त पर टैक्स में छूट मिलती है। साथ ही यह गोल्ड बॉन्ड फिक्सड रिटर्न की भी गारंटी लेता है।

### सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के क्या फायदे हैं


आज के समय में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड फिजिकल बॉन्ड का एक विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। साथ ही सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के साथ शुद्धता और उसके स्टोरेज की भी चिंता नहीं करनी होती है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड को निवेश के 5 साल के बाद रिडेम्पशन करवाया जा सकता है। वहीं, सेकेंड्री मार्केट में इसे ट्रेड किया जा सकता है।

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड जहां निवेशकों को मोटा रिटर्न दिया है। वहीं सरकार भी फिजिकल गोल्ड की जगह सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड को बढ़ावा देना चाह रही है। इससे सरकार पर एक्सपोर्ट का दबाव घटेगा। बता दें, सरकार ने डिजिटल तरीके से सॉवरेन गोल्ड में निवेश करने वाले इंवेस्टर्स को 50 प्रति ग्राम की छूट मिलती है।

## अमेरिका ने लगाया बैन तो तस्करों ने कर दिया यह कारनामा!

# चीन को कैसे बेचे 1 अरब डॉलर के एआई चिप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की ओर से चिप निर्यात पर नियंत्रण कड़ा करने के बाद तीन महीनों में तस्करों ने कम से कम 1 अरब डॉलर के एनवीडिया के उन्नत एआई चिप्स चीन को बेच दिए। माना जा रहा है कि यह तस्करी थाईलैंड के रास्ते की गई। फाइनेंशियल टाइम्स ने गुरुवार को अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया।




रिपोर्ट में कहा गया है कि एनवीडिया के उच्च-स्तरीय बी200 प्रोसेसर, जिनकी चीन में बिक्री पर प्रतिबंध है, वहां के काला बाजार में व्यापक रूप से उपलब्ध हैं। रिपोर्ट्स में बिक्री अनुबंधों, कंपनी के दस्तावेजों और सौदों की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले कई लोगों के हवाले से यह दावा किया गया है।

उधर, तस्करी की खबरों के बाद दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी एनवीडिया ने डेटा केंद्रों में अनधिकृत चिप्स के इस्तेमाल के खिलाफ कड़ी चेतावनी जारी की है। तस्करी की खबरों के बाद कंपनी ने बयान जारी कर कहा है कि अवैध तरीके से ऐसे चिप्स खरीदना तकनीकी और आर्थिक दोनों ही दृष्टि से घाटे का सौदा है। एनवीडिया ने कहा है कि डेटासेंटरों को सर्विस की जरूरत होती है, जो हम केवल अधिकृत एनवीडिया उत्पादों को ही प्रदान करते हैं। वहीं, अमेरिकी वाणिज्य विभाग, व्हाइट हाउस और थाई सरकार ने इस मामले में फिलहाल टिप्पणी नहीं की है। रिपोर्ट के अनुसार, मई में चीन के कई वितरकों ने चीन के एआई समूहों को सेवा देने वाले वाले डेटा केंद्रों के आपूर्तिकर्ताओं को क्व200ह्य बेचना शुरू कर दिया था।

## 4 कंपनियां ट्रेड करेंगी इस हफ्ते एक्स-बोनस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में इस हफ्ते 4 कंपनियां एक्स-बोनस ट्रेड करने जा रही हैं। इन कंपनियों की लिस्ट में एक पेनी स्टॉक भी है। आइए जानते हैं कि कौन सी कंपनी निवेशकों को कितना बोनस शेयर दे रही है। आइए डीटेल्स में जानते हैं इन कंपनियों के विषय में -

**मुराए ऑर्गनाइजर लिमिटेड-** एक रुपये से कम



की कीमत वाला यह स्टॉक एक्स-बोनस ट्रेड करने जा रहा है। कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा है कि 10 शेयर पर 1 शेयर बोनस देने का फैसला किया है। बता दें, बीते एक साल में कंपनी के शेयरों की कीमतों में 23 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

**एबेट ऐज़ इंडस्ट्रीज लिमिटेड-** कंपनी पहली बार बोनस शेयर दे रही है। एबेट ऐज़ इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने निवेशकों को एक शेयर पर एक शेयर बोनस देने का फैसला किया है। इस बोनस इश्यू के लिए रिकॉर्ड डेट 31 जुलाई 2025 की तारीख तय किया है। बता दें, शुक्रवार को कंपनी के शेयरों में 2 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा है। कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 50.53 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था। बीते एक महीने में स्टॉक का भाव 116 प्रतिशत बढ़ा है।

**जोंजुआ ओवरसीज लिमिटेड-**कंपनी कल यानी सोमवार को एक्स-बोनस ट्रेड करेगी। कंपनी ने 20 शेयर पर एक शेयर बोनस देने का फैसला किया है। शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का भाव 9.53 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था।

## यूपीआई पर टैक्स की अटकलें, सरकार ने अपना इरादा साफ-साफ बता दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले कुछ दिनों से 2000 रुपये से ज्यादा के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगने की अटकलें तेज थीं। इससे आम लोगों और दुकानदारों में काफी कन्फ्यूजन था। खासकर कर्नाटक में कुछ दुकानदारों को यूपीआई (यूनफिाइड पेमेंट इंटरफेस) ट्रांजैक्शन डेटा के आधार पर जीएसटी डिमांड नोटिस मिलने के बाद ये अटकलें और तेज हो गईं थीं। अब केंद्र सरकार ने इन सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है।




उसने इस मामले पर अपना रुख पूरी तरह से साफ कर दिया है। सरकार ने साफ किया है कि वह 2000 रुपये से ज्यादा के यूपीआई ट्रांजैक्शन पर जीएसटी लगाने की कोई योजना नहीं बना रही है। वित्त मंत्रालय ने राज्यसभा में यह जानकारी दी। उसने बताया कि जीएसटी काउंसिल की ओर से ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं आया है।

### सरकार ने दी ये जानकारी

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा के मॉनसून सत्र में एक सवाल का जवाब देते हुए बताया कि जीएसटी दरें और छूट जीएसटी काउंसिल तय करती है। इसमें केंद्र और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सदस्य शामिल होते हैं। यह स्पष्टीकरण तब आया है जब कर्नाटक में कुछ छोटे दुकानदारों को यूपीआई लेनदेन डेटा के आधार पर लगभग 6,000 जीएटी डिमांड नोटिस मिले थे।

## 7300 करोड है साइज

# 14 कंपनियों के आईपीओ इस हफ्ते हो रहे ओपन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीओ के लिहाज से यह हफ्ता काफी बड़ा रहने वाला है। निवेशकों को एक साथ 14 कंपनियों के आईपीओ पर दांव लगाने का मौका इस हफ्ते मिलेगा। प्राइमरी मार्केट से ये कंपनियों 7300 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में है। इसमें कई मेनबोर्ड आईपीओ भी हैं। आइए एक-एक करके जानते हैं इनके विषय में ...

### मेनबोर्ड कंपनियां

- **लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस लिमिटेड -** कंपनी का आईपीओ निवेशकों के लिए 29 जुलाई को खुल जाएगा। यह मेनबोर्ड आईपीओ 31 जुलाई तक खुला रहेगा। कंपनी के आईपीओ का साइज 254.26 करोड़ रुपये है। बता दें, लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस लिमिटेड का प्राइस बैंड 150 रुपये से 158 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। वहीं, 94 शेयरों का एक लॉट साइज तय किया है। इंवेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में यह आईपीओ 13 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है।
- **आदित्य इंफोटेक लिमिटेड -**यह आईपीओ 29 जुलाई को खुलेगा। कंपनी का आईपीओ 31 जुलाई तक ओपन रहेगा। कंपनी के आईपीओ का साइज 1300 करोड़ रुपये है। आदित्य इंफोटेक लिमिटेड का प्राइस बैंड 640 रुपये से 675 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। बता दें, ग्रे मार्केट में यह आईपीओ 210 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है।




- **श्री लोटस डेवलपर्स -**कंपनी ने 140 रुपये से 150 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है। वहीं, 100 शेयरों का एक लॉट बनाया है। यह मेनबोर्ड आईपीओ 30 जुलाई से 1 अगस्त तक ओपन रहेगा। बता दें, इस आईपीओ का जीएमपी 32 रुपये है।
- **एम एंड बी इंजीनियरिंग लिमिटेड-** कंपनी के आईपीओ का साइज 650 करोड़ रुपये है। आईपीओ 30 जुलाई को खुलेगा। निवेशकों के पास 1 अगस्त तक दांव लगाने का मौका रहेगा। कंपनी ने 366 रुपये से 385 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड निर्धारित किया है। बता दें, जीएमपी 50 रुपये आज चल रहा है।
- **5- एनएसडीएल आईपीओ -** निवेशकों को लम्बे समय से इस आईपीओ का इंतजार था। आईपीओ 30 जुलाई को खुल जाएगा। वहीं, 1 अगस्त तक दांव लगाने का मौका निवेशकों के पास रहेगा। कंपनी ने 760 रुपये से 800 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है। बता दें, ग्रे मार्केट में यह आईपीओ 136 रुपये के प्रीमियम पर आज बिक रहा है।
- **रेपोनो लिमिटेड-**आईपीओ 28 जुलाई यानी कल खुल जाएगा। निवेशक 30 जुलाई तक इस आईपीओ को खरीद पाएंगे। कंपनी ने 91 रुपये से 96 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड निर्धारित किया है। वहीं, 1200 शेयरों का एक लॉट बनाया है। ग्रे मार्केट में आईपीओ 21 रुपये के प्रीमियम पर आज ट्रेड कर रहा है।
- **उमिया मोबाइल आईपीओ-**कल यानी 28 जुलाई को यह आईपीओ भी ओपन हो जाएगा। कंपनी ने 66 रुपये आईपीओ के लिए प्राइस बैंड तय किया है। बता दें, निवेशकों के पास 30 जुलाई तक दांव लगाने का मौका रहेगा।
- **केटेक्स फैब्रिक्स आईपीओ-**इस आईपीओ का साइज 69.81 करोड़ रुपये रहा है।

### बी.डी. इंडस्ट्रीज आईपीओ

यह एसएमई आईपीओ 30 जुलाई को ओपन होगा। निवेशकों के पास 1 अगस्त तक दांव लगाने का समय रहेगा। कंपनी ने 102 रुपये से 108 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया है।

**मेहुल कलर्स लिमिटेड -**यह एसएमई सेगमेंट का आईपीओ 30 जुलाई को खुलेगा। और 1 अगस्त तक निवेशकों को दांव लगाने का मौका रहेगा। कंपनी ने 68 रुपये से 72 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया गया है। कंपनी ने 1600 शेयरों का एक लॉट बनाया है।

**टाक्योन नेटवर्क्स आईपीओ-**कंपनी ने 51 रुपये से 54 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है। वहीं, 2000 शेयरों का एक लॉट बनाया है। आईपीओ 30 जुलाई को खुल जाएगा। निवेशकों के पास 1 अगस्त तक दांव लगाने के लिए ओपन रहेगा।

**कैश यूआर ड्राइव मार्केटिंग आईपीओ-**कंपनी ने आईपीओ के लिए 123 रुपये से 130 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है। इस आईपीओ का लॉट साइज 1000 शेयरों का है। आईपीओ 31 जुलाई को खुलेगा। रिटेल निवेशकों के पास 4 अगस्त तक दांव लगाने का समय रहेगा।

## भारत की शर्तों पर हुआ ब्रिटेन से समझौता

# गोयल बोले- कई क्षेत्रों में अब भी बंद हैं यूके के लिए दरवाजे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। व्यापार एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस समझौते को भारत के किसानों, व्यापारियों, एमएसएमई क्षेत्रों, युवाओं और मछुआरों के लिए परिवर्तनकारी बताया।

गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि अब तक हस्ताक्षरित सभी एफटीए में से भारत-ब्रिटेन एफटीए सबसे बड़ा, सबसे व्यापक और सबसे महत्वपूर्ण है। यह अब तक का व्यापक समझौता है, जिसमें 30 अध्याय शामिल हैं। मुझे याद नहीं आता कि किसी अन्य एफटीए में इतने सारे अध्याय हों। गोयल ने कहा, भारत में कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। अब इस समझौते को ब्रिटेन में संसदीय मंजूरी की प्रतीक्षा है। इसके लागू होने पर, 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात ब्रिटेन में शुल्क-मुक्त पहुंच सकेंगे, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा मिलेगा।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की मजबूत और निर्णायक नेतृत्व क्षमता, तेजी से बढ़ता मध्यम वर्ग और लोगों की बढ़ती आय ने भारत को वैश्विक साझेदार के रूप में एक पसंदीदा देश बना दिया है।

### कई क्षेत्रों में अब भी बंद हैं ब्रिटेन के लिए दरवाजे

गोयल ने कहा, कुछ गलत धारणाएं फैली हैं, जिन्हें मैं स्पष्ट करना चाहता हूं। हमने भारत के सभी संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा की है। हर देश के कुछ क्षेत्र होते हैं जो संवेदनशील होते हैं, और वन साइज फिट्स ऑल का सिद्धांत यहां लागू नहीं होता। उदाहरण के तौर पर, हमने डेयरी, चावल और चीनी जैसे क्षेत्रों को ब्रिटेन के लिए नहीं खोला है। उन्होंने कहा, यह समझौता निवेश को भी प्रोत्साहित करेगा। भारत- ब्रिटेन के लिए टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में साझेदार बन सकता है।

# कोटक महिंद्रा बैंक ने जारी किए तिमाही नतीजे

## क्यू1 में 3282 करोड़ का नेट प्रॉफिट, सोमवार को फोकस में रहेंगे शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोटक महिंद्रा बैंक ने तिमाही नतीजों का ऐलान कर दिया है। बैंक की तरफ से दी जानकारी में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कुल नेट प्रॉफिट 3282 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 7 प्रतिशत कम हुआ है। एक साल पहले इसी तिमाही में कोटक महिंद्रा बैंक का नेट प्रॉफिट 3520 करोड़ रुपये रहा था।




**एनआईएम में इजाफा-** बैंक का नेट इंटरेस्ट इनकम जून तिमाही के दौरान 7259 करोड़ रुपये रहा है। सालाना आधार पर एनआईआई में 7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं, एनआईएम में 4.65 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। कॉस्ट टू इनकम रेशियो 46.19 प्रतिशत रहा है। वहीं, रिटर्न ऑन इक्विटी 10.94 प्रतिशत रहा है। बीते वर्ष की पहली तिमाही में यह 13.91 प्रतिशत रहा था। ग्रॉस नॉन परफॉर्मिंग एसेट 1.48 प्रतिशत रहा है। बीते वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 1.39 प्रतिशत रहा था। नेट एनपीए की बात करें तो यह 0.34 प्रतिशथ रहा है। बता दें, कस्टमर एसेट 13 प्रतिशत के इजाफे के साथ 4,92,972 करोड़ रुपये रहा है। वहीं, नेट एंडवांस 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद 4,44,823 करोड़ रुपये रहा है।

- रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन के शेयरों को खरीदने की सलाह दे रहे 3-3 एक्सपर्ट्स

# क्यू1 में 4466 करोड़ रहा नेट प्रॉफिट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महारत्न कंपनी रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन ने तिमाही नतीजों का ऐलान कर दिया है। कंपनी की तरफ से 24 जुलाई को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजों की जानकारी एक्सचेंज के साथ साझा किया है। कंपनी ने बताया है कि नेट प्रॉफिट में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी सालाना आधार पर हुई है। आइए जानते हैं कि मौजूदा समय में इस कंपनी पर दांव लगाना सही रहेगा या नहीं

**रेवन्यू भी बढ़ा-** आरईसी ने बताया है कि अप्रैल से जुलाई 2025 के दौरान कुल नेट प्रॉफिट 4466 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 29 प्रतिशत अधिक है। एक साल पहले इसी तिमाही में आरईसी का नेट प्रॉफिट 3460 करोड़ रुपये रहा था। रेवन्यू की बात करें तो सालाना आधार पर यह 13 प्रतिशत बढ़ा है। महारत्न कंपनी का कुल रेवन्यू जून क्वार्टर में 14737 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 13079 करोड़ रुपये रहा था।

**डिविडेंड का ऐलान-**कंपनी ने तिमाही नतीजों के साथ ही डिविडेंड का भी ऐलान किया है। इस पीएसयू ने 4.60 रुपये का अंतरिम डिविडेंड देने का फैसला किया है। कंपनी ने इस डिविडेंड के लिए 1 अगस्त 2025 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है।

### क्या दांव लगाना रहेगा सही

मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार ब्रोकरेज मॉर्गन स्टेनली ने इस स्टॉक को ओवरवेट रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस की तरफ से 485 रुपये का टारगेट प्राइस दिया गया है। सीएलएसए ने 525 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। वहीं, ब्रोकरेज हाउस यूबीएस ने क्व्क्ष कॉल दिया है। इस ब्रोकरेज हाउस ने 550 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है।

## कभी स्कूल ट्रिप पर जाने के लिए नहीं थे पैसे

# आज संभाल रही हैं 18.8 बिलियन की कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मूल की दिव्या सूर्यदेवरा अमेरिका में यूनाइटेडहेल्थ ग्रुप की कंपनी ऑप्टम इनसाइट एंड फाइनेंशियल की सीईओ हैं। बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली दिव्या आज 18.8 अरब डॉलर की कंपनी चला रही हैं। उनके लिए यहां तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था। बचपन में ही उनके सिर से पिता का साया उठ गया था। सिंडिकेट बैंक में काम करने वाली उनकी मां ने नौकरी के साथ-साथ तीन बच्चों की परवरिश की। दिव्या ने अपनी मेहनत और लगन से जो मुकाम हासिल किया, उसकी मिसाल कम ही देखने को मिलती है। उनकी सफलता देश और दुनिया के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा है। 42 साल की दिव्या का जन्म तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में हुआ था। उन्होंने कम उम्र में ही अपने पिता को खो दिया था। उनकी परवरिश उनकी मां ने की, जो सिंडिकेट बैंक में काम करती थीं। दिव्या ने मद्रास यूनिवर्सिटी से बिजनेस, फाइनेंस और इकनॉमिक्स में डिग्री हासिल की है। इसके बाद उन्होंने सीएफए और सीए की डिग्री ली। 22 साल की उम्र में उन्होंने अमेरिका का रुख किया और वहां हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए किया।

### कितनी है नेटवर्थ



दिव्या ने अपने करियर की शुरुआत पी2सी से की और बाद में उन्होंने वर्ल्ड बैंक के साथ इंटर्नशिप की। इसके बाद वह यूबीएस इन्वेस्टमेंट बैंक में एसोसिएट डायरेक्टर के रूप में शामिल हुईं। साल 2005 में उन्होंने अमेरिका की सबसे बड़ी ऑटो कंपनी जनरल मोटर्स को जॉइन किया। इस कंपनी उनका कार्यकाल सबसे लंबा रहा। वहां उन्होंने 16 साल तक काम किया। इस दौरान वह सीनियर फाइनेंशियल एनालिस्ट से लेकर चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर तक के पद पर पहुंचीं। 2018 में उन्हें सीएफओ बनाया गया। वह जनरल मोटर्स के 110 साल के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला बनीं। इसके बाद दिव्या ने मल्टीनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज एंड सॉफ्टवेयर कंपनी स्ट्राइप का रुख किया जहां उन्हें सीएफओ बनाया गया। मार्च 2024 में दिव्या ऑप्टम इनसाइट एंड फाइनेंशियल को बतौर सीईओ जॉइन किया।

### शिक्षा का महत्व

एक इंटरव्यू में दिव्या ने कहा, मेरी मां को अकेले ही तीन बच्चों की परवरिश करनी पड़ी। खासकर भारत में ऐसा करना मुश्किल है। उन्होंने हमारी शिक्षा में कोई कमी नहीं छोड़ी। उन्हें हमसे काफी उम्मीदें थीं और इसी बात ने हमें बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। हमने सीखा कि कुछ भी आसानी से नहीं मिलता है। आपको जो चाहिए उसे पाने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होती है। अमेरिका जाने के अपने अनुभव के बारे में उन्होंने कहा, यह बहुत मुश्किल था। मैं घर से बहुत दूर थी और निश्चित रूप से यह मेरे लिए एक कल्चरल शॉक था। उस समय मेरे पास ज्यादा पैसे भी नहीं थे। मैं कॉलेज ट्रिप पर जाना अफोर्ड नहीं कर सकती थीं। सब कुछ स्टूडेंट लोन से फंड किया गया था जिसे मुझे चुकाना था। ऐसे स्थिति में आप पर नौकरी खोजने के लिए एक अलग तरह का दबाव होता है।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 27-07-2025 21:28 Page 1



### थाने में हुआ हाईवोल्टेज ड्रामा

# युवक ने दी एसआई को वर्दी उतरवाने की धमकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड मुक्ति मोर्चा महानगर इकाई के एक नेता प्रेम कुमार गुप्ता ने अपने साथियों के साथ शनिवार की शाम महिला थाना धनबाद के एक एसआई अशोक मंडल की वर्दी उतरवाने की धमकी दिया था।
इसके साथ ही थाने में जमकर हंगामा किया। इस दौरान उसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया, वहीं दूसरा एक अन्य फरार हो गया। पुलिस ने प्रेम कुमार गुप्ता की कार को भी जब्त कर रखा है। इस कार पर झामुमो का झंडा लगा हुआ है।
प्रेम नगर हीरापुर के रहने वाली प्रिया साव ने अपने पति मुन्ना साव पर प्रताड़ित करने और जीवन यापन के लिख खर्च नहीं देने संबंधी आरोप लगाया था। इसी मामले को लेकर शनिवार को मुन्ना साव को महिला थाना धनबाद बुलाया गया था। मुन्ना अपने स्वजनों के साथ थाना पहुंचा था। देर शाम महिला थाना की पदाधिकारियों की ओर से दोनों से पूछताछ की ही जा रही थी कि तभी प्रेम कुमार गुप्ता अपनी कार संख्या जेएच10सीटी-5555 से एक अन्य साथी उत्तम झमपट के साथ पहुंचा।

### गाड़ी पर लगा था झारखण्ड मुक्ति मोर्चा का झंडा

थाना में प्रवेश करते ही सामने बैठे एसआई अशोक मंडल से हाथापाई कर बैठा और वर्दी उतरवाने की धमकी दी। हाथापाई होता देख थाने की अन्य महिला पुलिस पदाधिकारियों ने तत्काल धनबाद पुलिस को सूचना दी।
सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को पकड़ कर अपने साथ थाना ले गई। दोनों युवकों को बाहर बैठाया गया। इस दौरान उत्तम झमपट शौच जाने का बहाना बनाकर वहां से भाग गया। वहीं, प्रेम कुमार गुप्ता से पुलिस पूछताछ कर रही है।
इधर झामुमो धनबाद महानगर इकाई के अध्यक्ष मंटू चौहान ने कहा कि इन दोनों से पार्टी का कोई वास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई भी व्यक्ति झामुमो से संबंधित नहीं है। जबकि उत्तम ने महिला थाना में अपने आप को झामुमो महानगर का संगठन सचिव बताया था। वहीं, घटना के बाद महानगर अध्यक्ष मंटू चौहान को भी थाना बुलाया गया था।

# दीक्षांत समारोह में एक घंटे रूकेंगी राष्ट्रपति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** एक अगस्त को आईआईटी आईएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। 12 बजे आइएसएम में राष्ट्रपति आएंगी और एक बजे तक यहां रुकेंगी। 60 मिनट में राष्ट्रपति का भाषण तकरीबन 20 मिनट का होगा।
वहीं, शेष 40 मिनट में राष्ट्रपति विशेष अवार्ड से छात्रों और अन्य खास अतिथियों को सम्मानित भी करेंगी। शनिवार को आईआईटी आईएसएम में दीक्षांत समारोह को लेकर समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा की गई।
जिसमें सुरक्षा, कितने कैमरे लगेंगे, मेडल, छात्रों व अभिभावकों की संख्या समेत तमाम बिंदुओं पर चर्चा की गई।
बैठक में निर्णय लिया गया कि दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए समर समेस्टर के छात्रों को मौका दिया जा रहा है।
उनके लिए फिर से 24 घंटे के लिए पोर्टल खुलेगा जहां वह रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। वहीं, दीक्षांत का कार्यक्रम 11 बजे से शुरू हो जाएगा। हालांकि राष्ट्रपति भवन से अभी तक मिनटस नहीं आया है। मिनटस आने का इंतजार हो रहा है। उसके बाद आईएसएम प्रबंधक आगे की रणनीति मिनटस के अनुरूप तैयार करेगा। वहीं, दूसरी ओर आईएसएम प्रबंधन दीक्षांत समारोह की तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। लोअर ग्राउंड में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है।
एयरपोर्ट से लेकर आईएसएम जाने वाले रास्ते पूरी तरह से चकाचक नजर आने लगे हैं। सड़क किनारे की दीवारों पर झारखंड की कलाकृति और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को पेंटिंग के माध्यम से दर्शाया गया है।

# पलामू के पत्रकार की चोरी गई मोटरसाइकिल औरंगाबाद से बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पत्रकार रंजीत कुमार की चोरी गई मोटरसाइकिल औरंगाबाद जिले के सिमरा थाना पुलिस ने बरामद कर कानूनी प्रक्रिया के बाद उन्हें सौंप दिया है। पत्रकार की मोटरसाइकिल पिछले साल 26 जुलाई 2024 को महिंद्रा आर्केट के पास से चोरी चली गई थी.26 जुलाई 2025 को उनकी मोटरसाइकिल मिल गई।
जानकारी के मुताबिक 14 जून की शाम सिमरा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल से शराब बेचते हुए पकड़ा था। बिहार में शराबबंदी है और वहां शराब बेचना या पीना अपराध माना जाता है। आरोपी कानून को नजर अंदाज करते हुए गैर कानूनी काम कर रहा था। सिमरा थाना पुलिस ने इस घर कानूनी के खिलाफ का एक्शन लेते हुए युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छान बीन के क्रम में मोटरसाइकिल में जो नंबर लिखा था वह जमशेदपुर का था। चेचिस नंबर और इंजन नंबर के आधार पर सिमरा थाना पुलिस ने पता लगाया कि यह मेदनीनगर के रंजीत कुमार का है। सिमरा थाना प्रभारी प्रशांत कुमार ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल इसकी जांच शुरू की।
जांच के आधार पर सत्यापन होने के बाद मेदिनीनगर शहर थाना को सूचना दी गई। शहर थाना से पत्रकार रंजीत कुमार को सूचना आई कि आपकी चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद हो गई है। सिमरा थाना के आईओ मोहन पासवान का नंबर मिला। मोहन पासवान से बातचीत करने पर पता चला कि यह गाड़ी आपके नाम से रजिस्टर्ड है। यदि आपके पास चोरी गई गाड़ी का सनहा या एफआईआर है तो आप उसे लेकर के थाना में आए। सूचना के आधार पर पत्रकार रंजीत सिमरा थाना में पहुंचे। जहां सनहा की कॉपी दिया। उन्होंने बताया कि आपकी गाड़ी को हम लोग एक व्यक्ति को शराब बेचते हुए पकड़े हैं। गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर और नाम से सत्यापन हुआ यह गाड़ी रंजीत कुमार का है जो पलामू के मेदिनीनगर के रहने वाले हैं। चूकी चोरी गए गाड़ी जो बरामद हुई। उसे पर जो व्यक्ति चल रहा था। वह शराब का कारोबार करता था और बिहार में शराब बंद है। वह घर-घर होम डिलीवरी करता था। कानूनी प्रक्रिया के अनुसार सिमरा थाना प्रभारी प्रशांत कुमार के आदेश अनुसार औरंगाबाद न्यायालय से गाड़ी का बिल लेने का आदेश हुआ। रंजीत प्रयासरत थे, औरंगाबाद न्यायालय में रंजीत गाड़ी के बेल के लिए आवेदन दिया। वहां के प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी राजीव कुमार ने जांचों उपरांत हमारे मोटरसाइकिल को रिलीज होने का आदेश जारी किया। कुछ परेशानियां जरूर आई, लेकिन न्यायालय के विश्वास के कारण ही रंजीत 26 जुलाई 20 25 को चोरी हुई मोटरसाइकिल वापस लेकर घर आ गए। दिलचस्प बात यह है कि 26 जुलाई 2024 को हमारी गाड़ी महिंद्रा मार्केट के पास से चोरी हुई थी। संजोग कहिए की 26 जुलाई 2025 को रंजीत अपना मोटरसाइकिल लेकर घर आ गए। पत्रकार रंजीत ने कहा कि पलामू पुलिस और बिहार पुलिस और न्यायालय पर गर्व है। साथ ही पलामू पुलिस एवं औरंगाबाद पुलिस को धन्यवाद दिया।पुलिस अगर सक्रिय नहीं रहती तो मोटरसाइकिल नहीं मिलता।

# भारी बारिश ने लायी बाढ़ जैसी हालत

- जनजीवन अस्त व्यस्त
- हजारों घरों में पानी घुसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में भारी वर्षा से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। स्वर्णरेखा व खरकई नदी खतरे से ऊपर बह रही है। गाजिया बराज डैम के फाटक खोल दिए गए है। चांडिल डैम के आठ रेडियल गेल खोल दिए गए है। जमशेदपुर शहर की बात करें तो 82.6 मिमी वर्षापात दर्ज किया गया।वहीं, सबसे ज्यादा वर्षा की बात करें तो वह घाटशिला में दर्ज की गई है। घाटशिला में कुल 192.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग ने रविवार को भारी वर्षा की चेतावनी दी है। इसके लिए विभाग की ओर से ओरेंज अलर्ट भी जारी किया गया।
आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मानगो, बागबेड़ा, कदमा, शास्त्रीनगर, जुगसलाई के निचले इलाके सैकड़ों घर डूब गए है। इन क्षेत्रों में एक हजार से अधिक घरों में वर्षा का पानी घुस गया है। कुल मिलाकर शहर में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए है। जिला प्रशासन ने गंभीरता को समझते हुए सभी विभाग को हाई अलर्ट पर रखा है तथा एनडीआरएफ की टीम को तैनात किया गया है।लोगों को राहत शिविरों में रखा जा रहा है। इस बीच पोटका में दीवार ढहने से एक पांच वर्षीय बच्ची की भी मौत हो गई है।

### राष्ट्रपति के कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर

**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन युद्ध स्तर पर तैयारी कर रहा है। एक अगस्त को यहां राष्ट्रपति दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। कार्यक्रम को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी सरकारी अफसर और कर्मचारियों की छुट्टी 27 जुलाई से लेकर 2 अगस्त तक रद कर दी है।

# ऐसे पहुंच रहे छिलका पुल पार कर श्रद्धालु रजरप्पा मंदिर

### थोड़ी सी चूक भी ले सकती है श्रद्धालुओं की जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** पिछले एक माह से लगातार हो रही बारिश से प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां छिन्नमस्तिका रजरप्पा मंदिर की दामोदर-भैरवी नदी के छिलका पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। नदी की तेज धारा में आसपास के सैकड़ों दुकानें बह गई हैं।
गोला की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं को छिलका पुल की ओर से आने-जाने से रोक लगा दिया गया है। पुलिस-प्रशासन व रजरप्पा मंदिर न्यास समिति की ओर से भी श्रद्धालुओं को छिलका पुल के उपर से बह रहे पानी से मां छिन्नमस्तके मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए नहीं आने की अपील की जा रही है।



पिछले एक माह के अंदर छिलका पुल के पास नहाने के क्रम में पटना के एक युवक की पानी के तेज बहाव में डूबकर मौत हो चुकी है। जबकि दो लोगों को पानी के तेज बहाव से डूबने से स्थानीय लोगों ने बचा लिया है।
इसके बाद भी श्रद्धालु अपनी जान जोखिम में डालकर छिलका पुल के उपर से बह रहे पानी के बीच से पार कर मां छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए आ रहे हैं। इससे भैरवी नदी पर बने छिलका पुल में घटना की संभावनाएं बनी हुई है।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पिपरवार।** खलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनी राय गांव में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से 81 वर्षीय वृद्ध महिला जाशो देवी (पति-लक्ष्मीनाथ महतो) की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा बॉम्बे होटल के समीप उस समय हुआ, जब तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो ने सड़क पार कर रही महिला को जोरदार टक्कर मारा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि महिला को संभलने का मौका तक नहीं मिला।
टक्कर के बाद महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतका ग्राम पुरनी राय की निवासी थीं। घटना की खबर फैलते ही गांव में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए और वाहन चालकों की लापरवाही के खिलाफ रोष जताया।
ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं घट रही हैं,



लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने खलारी पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में वाहनों की गति सीमा निर्धारित किए जाने, सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाने और ट्रैफिक की नियमित निगरानी किए जाने की मांग की जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।
इधर, खलारी थाना इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया है। साथ ही स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

# फ्लैटों से चल रहे धर्मांतरण के खेल का हुआ भंडाफोड़, सात हिरासत में

### कई राज्यों से जुड़ी है कड़ियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के औद्योगिक नगर जमशेदपुर में धर्मांतरण से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने पूरे शहर को हिलाकर रख दिया है। गोलमुरी थाना क्षेत्र स्थित दो फ्लैटों में गुपचुप तरीके से धर्मांतरण की गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। जहां करीब 70 लोगों को विभिन्न प्रलोभनों के जरिए धर्मांतरण के लिए बरगलाया जा रहा था।
यह खुलासा तब हुआ जब स्थानीय लोगों को इन फ्लैटों में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली। इसके बाद हिंदू संगठनों द्वारा विरोध जताया गया और मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल छापेमारी कर सात लोगों को हिरासत में ले लिया। फिलहाल इन सभी से थाने में पूछताछ की जा रही है।
पुलिस जांच में सामने आया है कि धर्मांतरण की यह पूरी प्रक्रिया एक संगठित नेटवर्क के तहत संचालित हो रही थी, जिसमें न केवल झारखंड के चाईबासा और सरायकेला जिले बल्कि पड़ोसी राज्यों ओड़िशा और पश्चिम बंगाल से भी कुछ लोग जुड़े हुए थे।
ध्यान देने वाली बात यह है कि इसमें बड़ी संख्या में नाबालिग बच्चों को भी शामिल किया गया था। बताया जा रहा है कि इन बच्चों और अन्य लोगों को झूठे सपने,



आर्थिक सहायता और बेहतर जीवनशैली का लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए बरगलाया जा रहा था।
स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह गुप्त गतिविधि काफी समय से संचालित हो रही थी, लेकिन इसकी भनक अब जाकर लगी। कुछ लोगों को फ्लैटों में बार-बार जुट रही भीड़ और बाहरी लोगों की आवाजाही पर शक हुआ, जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ा। स्थानीय संगठनों के विरोध और सूचना के बाद पुलिस ने सख्ती दिखाई और गोलमुरी क्षेत्र के दो फ्लैटों पर छापा मारा, जिससे इस पूरी साजिश का पदार्फाश हो गया।
फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है और अन्य संलिप्त लोगों की तलाश कर रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रथम द्दष्टया मामला बेहद गंभीर और योजनाबद्ध प्रतीत होता है। पूछताछ के आधार पर कुछ और ठिकानों की पहचान की जा रही है जहां ऐसी गतिविधियां संचालित हो सकती हैं।

### ट्रक एवं बस में टक्कर, एक की मौत


**सिमडेगा।** कोलेबिरा-सिमडेगा रोड में सरईपानी के समीप रविवार को ट्रक एवं बस में भीषण टक्कर हो गई, जिससे खलासी रोशन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बस के चालक समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। बताया गया कि सिमडेगा से रांची जा रही मूनलाइट नामक बस एक ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।
आनन-फानन में घायलों को अस्पताल ले जाया गया। खलासी की पहचान किनकेल करंगागुडी निवासी रोशन मिंज के रूप में हुई। सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायलों में चालक अनूप सहित बस का कंडक्टर सुरजीत सिंह, यात्री क्रिस्टीना बा, इशिका डुंगडुंग, कार्नेलियुस डुंगडुंग, रूक्मणि कुमारी सहित एक बच्ची घायल है। हादसे की वजह से आवागमन भी बाधित हो गया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

# लंगूर वाइल्डलाइफ के हैं पार्ट, इन पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं : डॉ. डीएस श्रीवास्तव

### मामले को चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन के समक्ष उठाएंगे, दोषियों को दिलाएंगे सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** ।बोकारो में लंगूर को पकड़ने के लिए बोकारो वन विभाग द्वारा उठाए गए कदम की जितनी भी निंदा की जाए वह कम होगी। लंगूर वाइल्ड लाइफ के पार्ट हैं। इन पर हो रहे अत्याचार को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। इस मामले को वे चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन के समक्ष उठाएंगे व दोषियों को सजा दिलाएंगे। उक्त बातें नेचर कंजर्वेशन सोसायटी के सचिव सह वाइल्ड लाइफ बोर्ड के पूर्व सदस्य डॉ डीएस श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि वे केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री को भी इस संबंध में पत्र लिखेंगे। डॉ डीएस श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी वन्य प्राणी के खिलाफ अत्याचार को वे बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। कहा कि लंगूर



की धर पकड़ के लिए उनकी पिटाई में लगे सभी स्टाफ का सस्पेंशन होना चाहिए। घटना पर इंक्वारी सेटअप होनी चाहिए।
श्री श्रीवास्तव ने कहा कि जिन पदाधिकारी ने लंगूरों को धर पकड़ के लिए पिटाई का ऑर्डर दिया होगा उन पर त्वरित एक्शन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस घटना से वे काफी आश्चर्यचकित है कि आखिर वन विभाग के कर्मचारी पदाधिकारी भी वन्यजीवों के साथ ऐसा क्रूर व्यवहार कैसे कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वन्य जीव बंदर, लंगूर सहित अन्य जंगली जानवर अपने भोजन की तलाश में जंगल पर आश्रित रहते हैं। लेकिन जब से जंगल में बाहरी लोगों का अतिक्रमण हुआ है वन्य जीव गांव व शहर की ओर भोजन की तलाश में आने लगे हैं।
उन्होंने प्रश्न उठाया कि वन्य जीवों के खाने-पीने वाले फल, फूल, मधु, बेल, तुलसी, वन तुलसी आदि पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। ऐसे में वन्य जीव जाएंगे कहां। वन्य जीव को जंगल में खाने-पीने की चीज नहीं मिलेगी तो वे निश्चित रूप से गांव व शहर की ओर अपना रुख करेंगे। लेकिन उन्हें पकड़ने के लिए अपनाएं गए हथकंडे गैर जिम्मेदाराना व मानवता को शर्मसार करने वाला है।
बताया जाता है कि बोकारो में एक लंगूर को काबू में करने के लिए उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। बताया जाता है कि बंदर ने कुछ लोगों को काट लिया था। इसके बाद उसे पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम पहुंची थी। आरोप है कि वन विभाग की टीम ने बंदर को पकड़ने के लिए लाठी- डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई की। इससे वह घायल हो गया। इसके बाद बंदर को पिंजरे में कैद कर लिया गया। लंगूर की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया । इसमें वन विभाग के कर्मचारी बंदर को लाठी-डंडों से पीट रहे हैं। इस घटना ने वन्यजीव प्रेमियों सहित आम जनता में आक्रोश पैदा कर दिया है।

# गुस्साये लाभुकों ने की डीलर का लाइसेंस रद्द करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत डोंकी पंचायत स्थित पगार गांव में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार सिकंदर सिंह के द्वारा राशन कार्डधारियों से अंगूठा लगवाकर पर्ची निकालने के बाद भी 3 महीने का राशन नहीं देने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में जोगेंद्र सिंह, सिलवंती देवी, बीरेंद्र सिंह, मुकेश लोहरा, नितेश लोहरा, नाकोईय कुंवर, अशोक सिंह, भुनेश्वर लोहरा, फिरंगी लोहरा, पानपति देवी, पुनीता देवी, लिटू सिंह और कलावंती देवी शामिल हैं।
इसके अलावा, ननदेव सिंह, मुनिया देवी, गिरवर सिंह, जगरनाथ सिंह, अनीता देवी, आशा देवी, राजो कुंवर, जितेंद्र सिंह, मानती देवी, दिलबाशा देवी, ललिता देवी समेत कई कार्डधारियों ने बताया कि पगार गांव के डीलर सिकंदर सिंह के द्वारा उन सभी का पर्ची निकालने के बाद भी 3 महीने का राशन नहीं दिया गया है।
कार्डधारियों ने कहा कि जो सरकार के द्वारा मिलने वाले राशन पर अपना गुजारा करते है। ऐसे में 3 महीने का राशन नहीं मिलने से हमलोगों के जीवन-यापन में काफी परेशान उत्पन्न हो रही है। जबकि जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी के निदेर्शानुसार जून, जुलाई व अगस्त महीने का राशन जून महीने में ही सभी कार्डधारियों को उपलब्ध कराना था। ताकि बरसात के दिनों में लोगों को राशन लेने जाने की परेशानी से राहत मिल सके। लेकिन इस निर्देश का डीलर के ऊपर कोई प्रभाव पड़ते नहीं देखा जा रहा है। लोग अभी भी राशन लेने के लिए परेशानी झेल रहे है।
इस संबंध में एजीएम ने कहा कि डीलर को सभी कार्डधारियों का आवंटन उपलब्ध करा दिया गया है।
वहीं, इस मामले में जब दूरभाष के माध्यम से प्रखण्ड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी जितेंद्र कुमार से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया है।
मामले की जांच कर कार्डधारियों को राशन उपलब्ध करवाते हुए, उक्त डीलर पर विधि समस्त कारवाई की जाएगी।

# कला महोत्सव में बच्चों ने लिया भाग

### प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने लता मंगेशकर के गाए गीत

### फाइनल प्रतियोगिता तीन अगस्त को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** आर्ट एजुकेशनल एंड स्कील्ड सोसायटी के तत्वावधान में रविवार को संस्कृति कला महोत्सव का आयोजन किया गया। स्थानीय बाई पास रोड स्थित उत्सव भवन में आर्ट एंड टैलेंट के तहत कला के रंग की सांस्कृतिक प्रस्तुति की गई।
कार्यक्रम का शुभारंभ लता मंगेशकर चौक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने लता मंगेशकर के गीत गाकर समां बांध दिया। तत्पश्चात सत्कार भवन में प्रथम मेयर ने द्वीप प्रज्वलित कर कला महोत्सव का शुभारंभ लता मंगेशकर के गीत गाकर सुनाए।
छोटे -छोटे बच्चे- बच्चियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक गीत, संगीत व नृत्य की प्रस्तुति दी।बच्चों



की प्रतिभा को निखारने के लिए आर्ट एजुकेशनल एंड स्कील्ड सोसायटी के द्वारा आडिशन के अवसर पर आयोजित भव्य कला महोत्सव कार्यक्रम में काफी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। मौके पर सोसायटी के विजय कुमार दूबे ने कहा कि कार्यक्रम में चयनित बच्चों का फाइनल प्रतियोगिता तीन अगस्त को आयोजित की जाएगी। कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए इस तरह का आयोजन किया गया है। आज के आयोजन में जज की भूमिका में शालिनी श्रीवास्तव, कुंदन डिसूजा व सुरज मिश्रा मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आकाश राज, अनिषा तिवारी, पवन कुमार, संजीत कुमार, रौशन कुमार, प्रियांशु दूबे व राहुल राज ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी, अजीत पाठक, अजीत कुमार, मनोज झा, चंदा झा, पवन कुमार व सच्चिदा सहित कई मौजूद थे।

# अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने पर भाजपा मचा रही हाय तौबा

### कांग्रेस ने भाजपा पर साधा निशाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू )।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रिजवान खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने पर भाजपा वाले हाय तौबा मचाया है । अटल क्लिनिक नाम बदलकर मदर टेरेसा मोहल्ला क्लीनिक किए जाने के फैसले पर भाजपा का विरोध दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही उसे मानवीय भावना का भी अपमान है ।
उन्होंने कहाकि मदर टेरेसा ने जीवन भर कोई राजनीति नहीं की वरना अपना संपूर्ण जीवन मानवता को समर्पित कर अनाथ बच्चों के लिए पालन घर, अनाथ रोगियों के लिए देश भर में आश्रय बनवाकर सेव किया । अटल बिहारी वाजपेई सत्ता सुख में जीवन व्यतीत किया और संसद से प्रधानमंत्री पद का सुख प्राप्त किया।
श्री खान ने कहा कि मदर टेरेसा के द्वारा संचालित आश्रय गिरी एवं चिकित्सा संस्थान आज भी जरूरतमंदों के लिए आशा की किरण है । मदर टेरेसा को नोबेल शांति पुरस्कार एवं भारत रत्न से सम्मानित किया गया था । सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर सियासत करने वाली भाजपा ने उनका ही नाम हटाकर नरेंद्र मोदी स्टेडियम रख दिया तब बीजेपी वाले ने उस वक्त हाय तौबा क्यों नहीं मचाया । उन्होंने कहा कि भाजपा ओछी राजनीति करना बंद करें सस्ती लोकप्रियता के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर रहे हैं ।जनता ने इनको नजरअंदाज कर दिया इसलिए बौखलाहट में अनाप-शनाप बोल रहे हैं।

C M Y K

## दीक्षा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ के कट में प्रवेश करने वाली इकलौती भारतीय



**नॉर्थ आयशर (स्कॉटलैंड), एजेंसी।** दीक्षा डागर संयुक्त रूप से 59वें स्थान के साथ 2025 आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय रही। दीक्षा ने पार-72 के कोर्स पर दूसरे दिन चार ओवर 76 का कार्ड खेल कुल एक ओवर के स्कोर के साथ कट में प्रवेश किया। कट में कुल 71 खिलाड़ियों ने जगह बनाई। दीक्षा ने पहले दिन तीन अंडर 69 के कार्ड के साथ अच्छी शुरुआत की थी लेकिन दूसरे दिन लय बरकरार नहीं रख सकी। पेशेवर गोल्फ में पदार्पण कर रही इंग्लैंड की लॉटी वोड दूसरे दिन 65 का कार्ड खेलने के बाद कुल 12 अंडर के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। दीक्षा आखिरी दो होल में बर्डी लगाकर कट में प्रवेश करने में सफल रही। इस दौर के 16वें होल तक उनका स्कोर छह ओवर का था। टूर्नामेंट में खेल रही दो अन्य भारतीय खिलाड़ी प्रणवी उर्स (75-73) और त्वेसा मलिक (77-77) कट से चूक गईं।

**डीसी ओपन टेनिस:**

## लेलाह फर्नांडिज और अन्ना कालिन्सकाया फाइनल में, राडुकानू और रिबाकिना हारीं

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** कालिन्सकाया ने हालांकि फर्नांडिज से आधे से भी कम समय में ऐमा राडुकानु को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।



फाइनल में जगह बनाने वाली फर्नांडिज और कालिन्सकाया दोनों गैरवरीय खिलाड़ी हैं। लेलाह फर्नांडिज हार्ड कोर्ट टेनिस प्रतियोगिता डीसी ओपन के फाइनल में सत्र का पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने उतरेंगी जबकि अन्ना कालिन्सकाया की नजरें करियर के पहले खिताब पर होंगी।



अमेरिकी ओपन 2021 की उप विजेता फर्नांडिज ने 12 ऐस लगाते हुए सेमीफाइनल में शनिवार को 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना को तीन घंटे और 16 मिनट में 6-7, 7-6, 7-6 से हराया। कालिन्सकाया ने हालांकि फर्नांडिज से आधे से भी कम समय में ऐमा राडुकानु को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में जगह बनाने वाली फर्नांडिज और कालिन्सकाया दोनों गैरवरीय खिलाड़ी हैं। पुरुष एकल में सातवें वरीय एलेक्स डि मनोर ने कोरेंटिन मोटेट को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत चौथे वरीय बेन शेल्टन और 12वें वरीय एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी।

# इस क्रिकेटर का कब होगा डेब्यू?

## 2021 में हुए टीम इंडिया में शामिल, तब से 16 प्लेयर कर चुके करियर शुरू



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेटर अभिमन्यु ईश्वरन का भारतीय टीम के लिए डेब्यू का इंतजार जारी है. अभिमन्यु का ये इंतजार चार साल का हो चुका है. अभिमन्यु साल 2021 में पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल हुए थे और इंग्लैंड दौरे पर गए. लेकिन तब रोहित शर्मा और केएल राहुल ने ओपनिंग की जिम्मेदारी संभाली, जिसके चलते उन्हें मौका नहीं मिला. अब रोहित शर्मा टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं और भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है, फिर भी इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में अभिमन्यु ईश्वरन अब तक बेंच पर ही बैठे हैं. दाएं हाथ के बल्लेबाज अभिमन्यु भारतीय टीम के साथ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी (2024-25) के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी गए थे, लेकिन वो पांचों टेस्ट मैच में प्लेइंग-11 का हिस्सा नहीं बन पाए. इन चार सालों में 16 नए खिलाड़ियों ने भारत के लिए टेस्ट डेब्यू किया, लेकिन अभिमन्यु ईश्वरन का इंतजार खत्म नहीं हुआ है. इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर मैच में तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज भी डेब्यू करने में कामयाब रहे, जो चंद दिनों पहले ही टीम से जुड़े थे. अंशुल के अलावा श्रेयस अय्यर, केएस भरत, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल, ईशान किशन, मुकेश कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, आकाश दीप, देवदत्त पडिक्कल, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा और साई सुदर्शन भी इस पीरियड में अपना टेस्ट डेब्यू करने में सफल रहे.

### अभिमन्यु इस टीम के लिए खेलते हैं घरेलू क्रिकेट

अभिमन्यु ईश्वरन का जन्म 6 सितंबर, 1995 को उत्तराखंड के देहरादून में हुआ था. अभिमन्यु घरेलू क्रिकेट में अपने घरेलू राज्य की बजाय बंगाल टीम के लिए खेलते हैं. उनके पिता आरपी ईश्वरन ने कई साल पहले पुरकुल गांव में अभिमन्यु क्रिकेट एकेडमी की स्थापना की थी. इसी एकेडमी में अभिमन्यु ने क्रिकेट के गुर सीखे थे. अभिमन्यु ईश्वरन का फर्स्ट क्लास करियर काफी शानदार रहा है. अभिमन्यु ने अब तक 103 फर्स्ट क्लास मैच खेले, जिसमें उन्होंने 48.70 की औसत से 7841 रन बनाए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से 27 शतक और 31 अर्धशतक निकले. इस खिलाड़ी ने 89 लिस्ट-ए मैच खेले हैं, जिसमें 47.03 की औसत से 3857 रन बनाए. लिस्ट-ए क्रिकेट में अभिमन्यु ने 9 शतक और 23 अर्धशतक लगाए. अभिमन्यु ने 34 टी20 मैच भी खेले हैं, जिसमें उनके नाम पर 37.53 के एवरेज से 973 रन दर्ज हैं. टी20 क्रिकेट में अभिमन्यु के बल्ले से एक शतक और 5 अर्धशतक निकले. अभिमन्यु ईश्वरन ने हाल ही में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ दो फर्स्ट क्लास मुकाबलों में इंडिया-ए की कप्तानी की थी. दोनों ही फर्स्ट क्लास मैचों में अभिमन्यु अर्धशतकीय पारियां खेलने में कामयाब रहे थे।

### कब खत्म होगा अभिमन्यु का इंतजार?

टीम मैनेजमेंट का मानना है कि बल्लेबाजों को नेट्स में तेज गेंदबाजों के खिलाफ प्रदर्शन के आधार पर परखा जाता है. जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज जैसे गेंदबाजों को फेस करते समय बल्लेबाजों की तकनीक की परीक्षा होती है. ऐसा लगता है कि अभिमन्यु ईश्वरन भारतीय टीम मैनेजमेंट को प्रभावित नहीं कर पाए. 29 साल के अभिमन्यु के पास अब भी वक्त है, लेकिन इतना लंबा इंतजार एक क्रिकेट के लिए मनोबल गिराने वाला होता है..

## टीम इंडिया से बाहर होते ही नीतीश रेड्डी पर केस दर्ज

### करोड़ों की धांधली का लगा आरोप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी चोट लगने की वजह से इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गए हैं. इस झटके से अभी वो उबर भी नहीं पाए थे कि उनको एक और बड़ा झटका लगा है. उन पर 5 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया भुगतान नहीं करने का आरोप लगा है. इस मामले में उन पर केस दर्ज कर लिया गया है. उन पर ये आरोप बेंगलुरु स्थित टैलेंट मैनेजमेंट एजेंसी स्क्वायर द वन ने लगाया. इस दौरान उसने याचिका दायर की है, जिसकी सुनवाई दिल्ली हाई कोर्ट में होगी. नीतीश रेड्डी को इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैच में खेलने का मौका मिला था, लेकिन ट्रेनिंग के दौरान चोटिल होने पर उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया. अब वो एक नई मुसीबत में फंस गए हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक नीतीश रेड्डी और उनकी पूर्व मैनेजमेंट एजेंसी स्क्वायर द वन के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया था. इसके बाद टीम इंडिया के इस ऑलराउंडर ने टीम के एक क्रिकेटर की मदद से एक नए मैनजमेंट एजेंसी से कॉन्ट्रैक्ट कर लिया, जबकि स्क्वायर द वन से नीतीश का 3 साल का करार था. रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले को लेकर स्क्वायर द वन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक शिव धवन ने नीतीश रेड्डी पर समझौते का उल्लंघन करने और बकाया भुगतान न करने का आरोप लगाते हुए याचिका दायर कर दी ।

**एशिया कप में वैभव सूर्यवंशी...**

## पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू से लेकर बाबर आजम को पछाड़ने तक की पूरी कहानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 का आगाज होने जा रहा है. 8 टीमों के बीच ये टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होकर 28 सितंबर के बीच,श्व में खेला जाएगा. एशिया कप से ही 14 साल की क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने भी व्हाइट बॉल क्रिकेट में टीम इंडिया की जर्सी पहनी



थी. हालांकि, वो एशिया कप सीनियर टीम का नहीं बल्कि अंडर 19 टीम का था, जिसका आयोजन भी पिछले साल,श्व में ही हुआ था. वैभव सूर्यवंशी ने उस अंडर 19 एशिया कप में ना सिर्फ पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू किया था, बल्कि टूर्नामेंट में इतने रन और इतने छक्के ठोक डाले थे कि बाबर आजम तक को पछाड़ डाला था. 30 नवंबर, 2024. ये वही तारीख है जिस दिन व्हाइट बॉल क्रिकेट में वैभव सूर्यवंशी ने डेब्यू किया था. उन्होंने अपना पहला मैच अंडर 19 एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था. हालांकि, अंडर 19 एशिया कप की अपनी डेब्यू इनिंग में वो 1 रन से ज्यादा नहीं बना पाए थे. पाकिस्तान के खिलाफ डेब्यू तो अच्छा नहीं रहा मगर आगे वो ना सिर्फ उस टूर्नामेंट में भारत के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज बनकर उभरे बल्कि अपना पहला ही अंडर 19 एशिया कप खेलते हुए बाबर आजम को भी पीछे छोड़ दिया.

वैभव सूर्यवंशी का 19 एशिया कप में रिकॉर्ड

वैभव सूर्यवंशी ने अंडर 19 एशिया कप 2024 में फाइनल को मिलाकर कुल 5 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 44 की औसत और 145.45 की स्ट्राइक रेट से 2 अर्धशतक के साथ 176 रन बनाए. इसमें उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 76 रन का रहा. अंडर 19 एशिया कप 2024 में वैभव सूर्यवंशी ने 14 चौके और 12 छक्के लगाए थे.

**बाबर आजम को वैभव सूर्यवंशी ने पछाड़ा** - पाकिस्तान के बाबर आजम ने भी साल 2012 के अंडर 19 एशिया कप में 5 मैच खेले थे, जहां उन्होंने 32.60 की औसत और 69.36 की स्ट्राइक रेट से 1 अर्धशतक के साथ 163 रन बनाए थे. उनका बेस्ट स्कोर 68 रन का रहा था. बाबर आजम ने अंडर 19 एशिया कप 2012 में 20 चौके और 1 छक्का लगाया था. मतलब वैभव सूर्यवंशी ने बाबर आजम से सिर्फ 13 रन ही ज्यादा नहीं बनाए हैं बल्कि उनसे 11 छक्के भी ज्यादा जमाए हैं.

**वैभव सूर्यवंशी के निशाने पर एशिया कप का रिकॉर्ड** - अंडर 19 एशिया कप के इतिहास में सबसे ज्यादा 840 रन बनाने का रिकॉर्ड भी पाकिस्तान के समी असलम के नाम है. उन्होंने ये रन 2012 और 2014 के एशिया कप को मिलाकर खेले कुल 10 मैचों में 93.33 की औसत से 4 शतक और 4 अर्धशतक के साथ बनाए हैं. वैभव सूर्यवंशी की उम्र अभी 14 साल है. यानी, पाकिस्तान के समी असलम के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए फिलहाल उनके पास पूरा मौका है.

# WWE में आएगी इन रेसलर्स की शामत

### ब्रॉक लेसनर वापसी पर मचाएंगे तबाही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रॉक लेसनर जब तक आधिकारिक तौर पर रिटायर नहीं हो जाते, तब तक डब्ल्यूडब्ल्यूई में उनकी वापसी की चर्चा हमेशा बनी रहेगी। विंस मैकमैहन के वे पसंदीदा थे और उन्होंने पार्ट-टाइम प्रदर्शन करते हुए कई टाइटल जीते। पिछले छह सालों में द बीस्ट के नाम से मशहूर ब्रॉक लेसनर ने मनी इन द बैंक लैडर मैच, एलिमिनेशन चैंबर मैच और रॉयल रंबल जीता है। अपनी उपलब्धियों के बावजूद, उन्होंने दो साल पहले समरस्लैम में कोडी रोड्स के साथ हुए मैच के बाद से रेसलिंग नहीं की है। लेसनर अभी भी अच्छी शेप में हैं और उनके सामने नई चुनौतियां हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि ब्रॉक लेसनर वापसी करते ही किसके खिलाफ मुकाबला कर सकते हैं।



### 1. गुंथर

गुंथर लेसनर की शारीरिक क्षमता से टक्कर ले सकते हैं। लेसनर और गुंथर 2023 रॉयल रंबल के दौरान एक-दूसरे के सामने आए थे। उस समय दर्शकों ने इस टकराव को देखकर खूब तालियां बजाई थीं। अगर ब्रॉक लेसनर एक्शन में लौटते हैं और अच्छी शेप में रहते हैं, तो गुंथर एक बेहतरीन प्रतिद्वंद्वी होंगे। चाहे उनके पास वर्ल्ड हैवीवेट चैंपियनशिप हो या न हो।

### 2. कोडी रोड्स

कोडी रोड्स आखिरी व्यक्ति थे जिन्होंने ब्रॉक लेसनर से रेसलिंग की थी। ब्रॉक लेसनर ने दो साल पहले कोडी रोड्स से हारने के बाद उन्हें समर्थन दिया था। कोडी रोड्स आखिरी बार ब्रॉक लेसनर के सामने डब्ल्यूडब्ल्यूई रिंग में खड़े थे। समरस्लैम 2023 में उनके मुकाबले के बाद ब्रॉक लेसनर ने रोड्स का हाथ जीत के लिए ऊपर उठाया था। कोडी रोड्स ने लेसनर के कई दुश्मनों से लड़ाई की है, जिनमें रोमन रेंस और जॉन सीना शामिल हैं। चूंकि रोड्स आखिरी व्यक्ति थे जिनसे उनका सामना हुआ था, इसलिए वापसी करके कोडी को टारगेट करना बनता है।

### 3. ब्रॉक लेसनर

लेसनर ने डब्ल्यूडब्ल्यूई में अपनी पहली वापसी में जॉन सीना को टारगेट किया था। लेसनर की डब्ल्यूडब्ल्यूई में पहली बड़ी वापसी 2012 में हुई थी। उन्होंने उस समय के चैंपियन जॉन सीना पर हमला किया था। ब्रॉक लेसनर की यह वापसी लगभग एक दशक के बाद कंपनी में पहली उपस्थिति थी। सीना अपने रिटायरमेंट टूर पर हैं और उन्होंने अपने अतीत के कई नामों का सामना किया है। सीएम पंक, कोडी रोड्स और रैंडी ऑर्टन ने 2025 में जॉन सीना का विरोध किया है। चूंकि लेसनर सीना के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वियों में से एक थे, इसलिए दोनों के लिए एक और मुकाबला करना बनता है।

# दोहरे मापदंड नहीं होने चाहिए, कभी हां, कभी ना एशिया कप में भारत-पाक मैच पर बोले कनेरिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व पाकिस्तानी स्पिनर दानिश कनेरिया ने लंबे समय से विवादों और बहसों में घिरे एशिया कप के कार्यक्रम पर अपनी राय साझा करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान मुकाबला संभवतः एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद हुआ है। एसीसी द्वारा शनिवार को घोषित विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार भारत और पाकिस्तान 14 सितंबर को एशिया कप के ग्रुप चरण के मुकाबले में आमने-सामने होंगे। यह घोषणा भारतीय चैंपियंस टीम से जुड़े एक बेहद संवेदनशील प्रकरण के कुछ ही दिनों बाद आई है, जिसने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में पाकिस्तान चैंपियंस के खिलाफ निर्धारित मुकाबले से अपना नाम वापस ले लिया था। कनेरिया ने कहा, (दोनों देशों के बीच) क्रिकेट होना चाहिए... लोग इस बारे में इसलिए बात कर रहे हैं क्योंकि हाल ही में एक घटना हुई थी जहां वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ़ लीजेंड्स में भारत-पाकिस्तान का मैच होना था, लेकिन पूर्व भारतीय क्रिकेटरों ने मैच का बहिष्कार कर दिया। इस कदम से संकेत मिला कि शायद भारत भविष्य में एशिया कप या आईसीसी टूर्नामेंट जैसे आयोजनों में भी पाकिस्तान के साथ नहीं खेलेगा। इस बहिष्कार ने सुर्खियां बटोरीं और इसके बाद कई बयान आए, जिससे यह धारणा बनी कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ मैचों में हिस्सा नहीं लेगा। उन्होंने कहा, लेकिन फिर एक ऑनलाइन बैठक हुई जिसमें पीसीबी अध्यक्ष और एशियाई क्रिकेट परिषद के प्रमुख मोहसिन नकवी और बीसीसीआई के प्रतिनिधि मौजूद थे। एसीसी को बीसीसीआई से हरी झंडी मिल गई होगी, इसीलिए भारत-



पाकिस्तान मैच निर्धारित किया गया। कनेरिया का मानना है कि बीसीसीआई को इतने बड़े मुकाबले के लिए हामी भरने से पहले और समय लेना चाहिए था और शीर्ष नेतृत्व से सलाह लेनी चाहिए थी। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि बीसीसीआई को इस पर और विचार करना चाहिए था और कोई फैसला लेने से पहले समय लेना चाहिए था। दोहरे मापदंड नहीं होने चाहिए - कभी हां, कभी ना। कनेरिया ने कहा, अगर आप देशभक्ति की बात कर रहे हैं, तो आपको उस पर लगातार कायम रहना होगा। अभी से लेकर उस मैच वाले दिन तक, आप देखेंगे कि प्रचार और हंगामा बढ़ता ही जाएगा। और फिर लोग क्रिकेटरों के पहले के रुख पर सवाल उठाने लगेंगे। उन्होंने कहा, या तो साफ कह दीजिए कि खेल और राजनीति अलग-अलग हैं, या फिर हर मोर्चे पर अपना रुख मजबूत बनाए रखिए। कोई दोहरा मापदंड नहीं। अगर ना है, तो ना ही रहने दीजिए। अगर हां है, तो हां कह दीजिए और उस पर अड़े रहिए।

कनेरिया ने कहा कि किसी टूर्नामेंट में भारत की अनुपस्थिति हर चीज को प्रभावित करती है - टीवी अधिकारों और प्रायोजनों से लेकर वैश्विक दर्शकों तक। उन्होंने कहा, %आखिरकार, बीसीसीआई को इससे क्या फर्क पड़ता है? वे क्रिकेट से होने वाले राजस्व का लगभग 99 प्रतिशत कमाते हैं। शीर्ष क्रिकेट खेलने वाले देश - ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड - सभी भारत के साथ खेलना चाहते हैं क्योंकि उनके खिलाड़ी आईपीएल का हिस्सा हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे आकर्षक लीग है। मान लीजिए~ अगर भारत भाग नहीं लेता है, तो टीवी अधिकार नहीं बिकते, विज्ञापन कम हो जाते हैं, और दर्शकों की संख्या कम हो जाती है। सिर्फ एक भारत-पाकिस्तान मैच ही दर्शकों की संख्या में भारी वृद्धि कर देता है।

उन्होंने अंत में कहा कि बीसीसीआई को एक पारदर्शी और सुसंगत दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा, जब आप सत्ता में होते हैं, तो आपको यह समझने और परिभाषित करने में सक्षम होना चाहिए - या तो क्रिकेट अलग है, या नहीं। अगर देशभक्ति मायने रखती है, तो यह सुसंगत होनी चाहिए। एक दिन के लिए नहीं, एक हफ्ते के लिए नहीं, बल्कि हमेशा। आप हर कुछ हफ्तों में अपना रुख नहीं बदल सकते। एक बार फैसला हो जाने के बाद उस पर अडिग रहें। यही बात मुझे समझ नहीं आई - यह फैसला इतनी जल्दी क्यों लिया गया?

# आम लोगों के लिए खुल रहा रोशनआरा क्लब; टेनिस क्रिकेट- फुटबॉल जैसे खेलों का ले सकते हैं मजा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली का सौ साल से ज्यादा पुराना और प्रतिष्ठित रोशनआरा क्लब फिर से लोगों के लिए खुलने जा रहा है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की तरफ से रविवार को इस क्लब का औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। जिसके बाद आम लोग भी यहां आकर यहां मौजूद विभिन्न खेल सुविधाओं का मजा ले सकते हैं। हालांकि इसके लिए उन्हें निश्चित समय के अनुसार निर्धारित शुल्क भी देना होगा। अधिकारियों ने बताया कि लोग इस क्लब में क्रिकेट, मिनी फुटबॉल, टेनिस, बास्केटबॉल जैसे तमाम खेलों का मजा ले सकते हैं। इसके साथ ही इस क्लब में लोग पैसे देकर विश्वस्तरीय खान-पान की सुविधा का मजा भी ले सकेंगे। इस क्लब का निर्माण ब्रिटिश काल में हुआ था और बीते कई सालों तक यह क्लब निजी प्रबंधन के जरिए चलाया जा रहा था, लेकिन सितंबर 2023 में क्लब की 90 वर्ष की लीज खत्म होने के बाद डीडीए प्रशासन ने उसे अपने अधीन ले लिया और इसे पुनर्विकसित करने का काम शुरू किया। रीडेवलपमेंट का यह काम लगभग दो वर्ष तक चला। काम पूरा होने के बाद डीडीए प्रशासन ने ऐतिहासिक रोशनआरा क्लब को उसके पुराने गौरव में बहाल करने की तैयारी शुरू की। इस दौरान जनवरी 2024 से डीडीए ने क्लब में विभिन्न खेलों की सुविधाएं भी शुरू कर दीं। इस क्लब से क्रिकेट का भी गहरा नाता रहा है। 22 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला यह क्लब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के गठन के लिए की गई बैठक का भी साक्षी रहा है। डीडीए ने जनवरी 2024 से रोशनआरा क्लब में विभिन्न आउटडोर खेल सुविधाएं शुरू की हैं। इसमें टाइम लिमिट के साथ एक तय शुल्क देकर नागरिक सुबह 7 से शाम 5 बजे के बीच विभिन्न खेल सुविधा का मजा ले सकते हैं। लोग इस क्लब में इतने खेलों का मजा ले सकते हैं। क्लब से जुड़े लोगों ने बताया कि कई दिग्गज क्रिकेट



खिलाड़ी भी रोशनआरा क्लब के क्रिकेट मैदान में मैच खेल चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह क्लब दिल्ली की ऐतिहासिक धरोहरों में से एक है। इस क्लब में भारतीय क्रिकेट जगत का भी इतिहास मौजूद है। अब इसे लोग और भी करीब से जान सकेंगे। क्लब की मुख्य इमारत में खानपान की सुविधा भी मिलेगी। क्लब में रेस्तरां सेवाओं के लिए कई कदम कदम उठाए गए हैं। क्लब से जुड़े प्रतिनिधियों ने बताया कि कई दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ी रोशनआरा क्लब के क्रिकेट ग्राउंड में मैच खेल चुके हैं। उन्होंने बताया कि इस मैदान पर भारत के पूर्व कप्तान नवाब मंसूरी अली खान पटौदी, मोहिंदर अमरनाथ, बिशन सिंह बेदी, वीरेंद्र सहवाग, युवराज सिंह, विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ी क्रिकेट खेल चुके हैं। वहीं साल 2020 व 2021 में कोरोना काल में आईपीएल की चार टीमों के खिलाड़ियों ने क्लब के क्रिकेट ग्राउंड में अभ्यास भी किया था। अधिकारियों के अनुसार इस क्लब के पूरी तरह से शुरू होने के बाद इसमें कई वार्षिक टूर्नामेंटों का भी आयोजन किया जाएगा। इस क्लब में कई खेलों की सुविधाएं उपलब्ध हैं। कई खिलाड़ी भी क्लब में अभ्यास के लिए आते हैं। पूर्व में साल में कई खेलों के टूर्नामेंट भी यहां पर आयोजित किए गए हैं। इस क्लब में क्रिकेट, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बिलियर्ड्स, स्वैश, स्विमिंग, टेबल टेनिस और योग की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# दिल्ली में आवारा कुत्तों का आतंक, छह साल की बच्ची की दर्दनाक मौत

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के सुल्तानपुर के पुठ खुर्द गांव में आवारा कुत्ते के काटने के 24 दिन बाद एक छह साल की बच्ची की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि बच्ची को जारी मृत्यु प्रमाण पत्र में रेबीज संक्रमण को दर्ज किया गया। परिजनों के अनुसार यह घटना 30 जून को घटी। बच्ची अपनी ताई के घर से मौसी के घर जा रही थी। सुल्तानपुर सड़क के पुठ खुर्द गांव के क्षेत्र में शाम के समय छच्ची पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। बच्ची को कई कई गंभीर चोटें आई। इसके बाद तुरंत परिजन बच्ची को आंबेडकर अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर बच्ची को कुत्ते के काटने के बाद दो इंजेक्शन लगाए गए। इस दौरान फिर बच्ची को दूसरे सरकारी अस्पताल रेफर किया गया।

बच्ची की मौसी ने बताया कि इसके बाद नई दिल्ली के सरकारी अस्पताल रेफर किया गया। फिर वहां पर पहुंचने के बाद दूसरे सरकारी अस्पताल रेफर किया गया। बच्ची की बीस दिन बाद हालत बिगड़ने लगी। उसे उल्टी हुई। फिर दोबारा नई दिल्ली के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर डॉक्टरों की जांच में बच्ची को रेबीज संक्रमण का पता चला। कृष्ण देवी का आरोप है कि इसके बाद बच्ची का इलाज नहीं किया गया। इसे लेकर फिर एक निजी अस्पताल लेकर गए। जहां पर 23 जुलाई को बच्ची ने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद बच्ची के मृत्यु प्रमाण पत्र में मौत की वजह रेबीज संक्रमण दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि बच्ची के पिता कानपुर रहते हैं और किसान हैं। बच्ची की मां की मृत्यु कोरोना के समय हुई थी। जब वह सात महीने की थी। बच्ची अपने ताऊ और ताई के साथ रहती थी और निगम के स्कूल में तीसरी कक्षा में पढ़ रही थी।कृष्ण ने बताया कि इस घटना के संबंध में एमसीडी और दिल्ली पुलिस को शिकायत दर्ज नहीं कर सके। हमारा ध्यान



बच्ची के इलाज में ही था। दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन में यह दूसरा मामला एक ही हफ्ते में सामने आया है। इससे पहले अलीपुर में एक तीन साल की बच्ची पर आवारा कुत्तों ने हमला किया था। यह घटना बीते सप्ताह बुधवार को दर्ज हुई थी।

दिल्ली में लगातार कुत्तों के काटने के हमले दर्ज हो रहे हैं। इसे लेकर लोग निगम पर लापरवाही का लगातार आरोप लगा रहे हैं। निगम के अधिकारियों के अनुसार दिल्ली में नरेला जोन समेत सभी जोन में कुत्तों की समस्या को नियंत्रित करने के लिए लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। निगम विभिन्न पशु कल्याण संगठनों के साथ मिलकर दिल्ली में 20 डॉग सेंटर चला रहा है। इन केंद्रों में आवारा कुत्तों के बंध्याकरण और उन्हें एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाने का काम करते हैं। आवारा कुत्तों की समस्या का मुद्दा निगम की स्थायी समिति की दो बैठकों मे भी उठाया गया। इसके बाद निगम ने हर जोन में एक डॉग शेल्टर होम बनाने के लिए एक उप समिति का गठन कर दिया है। इसके तहत दिल्ली में हर जोन के मद्देनजर कुल 12 डॉग शेल्टर होम बनाने की योजना है। दिल्ली के आरडब्ल्यूए संगठन ऊर्जा के अध्यक्ष अतुल गोयल ने कहा कि दिल्ली में लगातार आवारा कुत्तों के काटने के मामले सामने आ रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुष्मान भारत योजना से क्यों दूर भाग रहे प्राइवेट अस्पताल? आईएमए ने बताई वजह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** संसद के मानसून सत्र में बीते दिन सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जुड़े आंकड़े पेश किए हैं। सरकार ने संसद में बताया कि इस योजना के तहत 9.84 करोड़ अस्पतालों को 1.40 लाख करोड़ रुपये अदा किए गए हैं। आयुष्मान भारत योजना देश की 40 फीसदी आबादी को 5 लाख तक का सालान इलाज मुफ्त करवाने की गारंटी देती है। इससे लगभग 55 करोड़ लोगों को फायदा होने का अनुमान है। अब तक कुल 41 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं, जिनमें सबसे ज्यादा (5.33 करोड़) उत्तर प्रदेश में जारी हुए हैं। इसके बाद मध्य प्रदेश, बिहार और ओडिशा का टॉप 4 में शामिल है। आयुष्मान भारत योजना में देश के 31,466 अस्पतालों को शामिल किया गया है। इनमें 14,000 प्राइवेट अस्पताल भी मौजूद हैं। हालांकि, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने योजना से जुड़ी कुछ खामियों पर सवाल खड़े किए हैं। आईएमए का दावा है कि आयुष्मान योजना के तहत पेमेंट में देरी होती है और यह प्रक्रिया बेहद जटिल है। गुजरात में 2021-2023 के बीच अस्पतालों के 300 करोड़ रुपये का भुगतान अभी बकाया है। केरल में 400 करोड़ और पूरे देश में लगभग 1.21 लाख करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया गया है। आईएमए के अनुसार, यही वजह है कि ज्यादातर प्राइवेट अस्पताल आयुष्मान योजना से नहीं जुड़ना चाहते हैं।

### दिल्ली में खान मार्केट के सभी दुकानदानरों को 2 महीने में करना होगा यह काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में से एक खान मार्केट में सभी दुकानों के बाहर लगे बोर्ड जल्द ही एक जैसे आकार में दिखाई देंगे। इससे पूरे बाजार को एक नया और मानकीकृत रूप मिलेगा। इसको लेकर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने नोटिस जारी कर दुकानदारों को दो महीने के अंदर एक जैसे आकार के बोर्ड लगाने का निर्देश दिया है। खान मार्केट को दिल्ली के सबसे महंगे बाजारों में शामिल किया जाता है। आसपास वीआईपी और दूतावास क्षेत्र होने के चलते यहां पर गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ विदेशी नागरिक भी बड़ी संख्या में खरीदारी करने के लिए आते हैं।

# दिल्ली को मिलेगा एक और टूरिस्ट स्पॉट; मुनक नहर के किनारे बनेगा नया रिवरफ्रंट

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली को जल्द ही एक नया टूरिस्ट प्लेस मिल सकता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा है कि मुनक नहर के किनारे नया रिवरफ्रंट बनाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि शालीमार बाग विधानसभा स्थित मुनक नहर के ऊपर जल्द ही एलिवेटेड कॉरिडोर बनना शुरू हो जाएगा। इसके पूरा होने के बाद इलाके के लोगों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल जाएगी। मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र स्थित पीतमपुरा के अलग-अलग ब्लॉक में नई सीवर लाइन के निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया, जिसकी लागत 60 लाख रुपये है। इसके अलावा कॉलोनी की एक सड़क का उद्घाटन भी किया। रेखा गुप्ता ने बताया कि 91 लाख रुपये की लागत से एसपी-टीपी की अन्य गलियों का निर्माण जल्द शुरू होगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रेमबाड़ी पुल से सिंगलपुर गांव तक सड़क चौड़ीकरण परियोजना का निरीक्षण किया और इसे जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। सीएम



रेखा गुप्ता ने मुनक नहर से जुड़ी एलिवेटेड सड़क परियोजना के बारे में बताते हुए कहा कि यह सड़क इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन से लेकर दिल्ली बॉर्डर तक बनेगी और आउटर एवं इनर रिंग रोड के बीच की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी। उन्होंने कहा कि इस रोड के बन जाने से ट्रैफिक की समस्या बहुत हद तक कम होगी। इस योजना में नहर के दोनों ओर सड़क और ऊपर एलिवेटेड रोड का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे यह क्षेत्र दिल्ली के सबसे सुंदर इलाकों में गिना जाएगा।

# दिल्ली में गाड़ी बैन पर रेखा सीएम गुप्ता लाई नया फॉर्मूला, दूर हो सकती है लाखों लोगों की दिक्कत

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में पुराने वाहनों पर लगे प्रतिबंध को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर जनहित याचिका पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक बार फिर अपना स्पष्ट रुख जाहिर किया है। उन्होंने एक नया फॉर्मूला देते हुए सुप्रीम कोर्ट से गुजारिश की है कि सिर्फ उम्र देखकर किसी गाड़ी को बैन ना किया जाए। यदि सर्वोच्च अदालत ने दिल्ली सरकार की इस दलील को स्वीकार किया तो ऐसे लाखों लोगों को राहत मिल जाएगी जिनकी गाड़ी उम्र पूरी कर चुकी है, लेकिन बहुत कम इस्तेमाल होने की वजह से अभी भी फिट है और प्रदूषण नहीं फैला रही है।

सीएम रेखा गुप्ता ने जोर देकर कहा कि अगर कोई वाहन





प्रदूषण फैला रहा है, तो उसे 5 साल के भीतर ही बंद कर देना चाहिए, लेकिन जो वाहन प्रदूषण नहीं कर रहे, उन पर कोई पाबंदी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा है और उम्मीद जताई कि कोर्ट दिल्ली की जनता के अधिकारों का सम्मान करेगा।

इस मुद्दे पर पिछले कुछ समय से काफी बहस चल रही है। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर पुराने वाहनों पर लगे बैन को चुनौती दी है, जिसमें 10 साल से पुराने डीजल और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों पर पाबंदी शामिल है। इससे पहले, रेखा गुप्ता ने यह भी कहा था कि पिछली सरकारें पर्यावरण पर कोई काम नहीं कर पाईं और जनता को प्रदूषण की मार झेलनी पड़ी। उन्होंने जोर दिया कि उनकी सरकार पर्यावरण के प्रति पूरी तरह सजग है और लगातार प्रयास कर रही है। असल में पिछले दिनों जब गाड़ियों को बैन किया गया था तो अधिकतर लोगों ने नाराजगी जताते हुए यही दलील दी थी कि यदि कोई गाड़ी फिट है प्रदूषण नहीं फैला रही है तो सिर्फ उम्र देखकर उसे क्यों बैन कर दिया जाए। बहुत से लोगों का कहना था कि उनकी गाड़ी 10-15 साल पुरानी हो गई है, लेकिन बहुत कम यूज कर पाएं हैं इसलिए गाड़ी एकदम फिट है और प्रदूषण नहीं फैल रहा है।

# अमेरिका जाने वाले सावधान! इस मामूली गलती पर चुकाना पड़ सकता है भारी जुर्माना; सीबीपी ने दी चेतावनी

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
कस्टम एंड बॉर्डर पुलिस ने अमेरिका जाने वाले यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। अमेरिका जाने वाले लोगों को अपने सामान की हर एक जानकारी देना आवश्यक होगा। मसलन मीट से लेकर फल, सब्जियां या अन्य चीजें ले जाने पर इसकी लिस्ट सीबीपी को देनी होगी। यह जानकारी छिपाने वाले यात्रियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है। सीबीपी ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अपने साथ मीट, फल, सब्जी, पौधे, बीज, मिट्टी, कोई भी जानवर या पौधे और जानवरों से बनी चीजें अमेरिका ले जाने पर इसकी जानकारी देना आवश्यक होगा। ऐसा न करने पर जुर्माना या जेल हो सकती है। इस पोस्ट के साथ सीबीपी ने एक तस्वीर भी साझा की है, जिसमें कुत्ता एक मीट की शिनाख्त करते देखा जा



रहा है। मीट के रूप में सुअर का सिर रखा है, जिसे एल्युमिनियम फॉयल में लपेटा गया है। सीबीपी के नियम के अनुसार, अमेरिका आने वाले सभी यात्रियों को अपने साथ लाए गए मीट, फल, सब्जी, पौधे, जानवरों, मिट्टी और बीज की जानकारी साझा करनी होगी। यात्रियों के बैग, लगेज और गाड़ी में शामिल सभी चीजों की जानकारी देना जरूरी है। इसके बाद सीबीपी के अधिकारी निर्धारित करेंगे कि यह सामान ले जाने देना या नहीं? अगर किसी यात्री ने सीबीपी के नियमों का उल्लंघन किया तो उसे भारी जुर्माना चुकाना पड़ सकता है। बैग में मौजूद सामान की जानकारी छिपाने पर पहली बार में 1000 डॉलर (लगभग 84,000 रुपये) का जुर्माना देना पड़ सकता है। इसी साल मार्च में अमेरिका के छ्व्यस्न्न एअरपोर्ट से ऐसा ही एक मामला सामने आया था। सिंगापुर से अमेरिका पहुंचे एक टिकटॉकर ने कस्टम को बताया कि उसके बैग में कोई भी ऐसी चीज मौजूद नहीं है। हालांकि, एअरपोर्ट से बाहर निकलते समय बॉर्डर एजेंट के डॉग स्क्वाड ने उसका बैग सूंघना शुरू कर दिया। बैग की तलाशी लेने पर एक केला निकला। टिकटॉकर का कहना था कि उसने इसके बारे में बिल्कुल याद ही नहीं था। इस दौरान सीबीपी ने उसपर जानकारी छिपाने के लिए 500 डॉलर (लगभग 42,000 रुपये) का जुर्माना लगाया था।

# न्यू मेक्सिको यूनिवर्सिटी के छात्रावास में गोलीबारी, वीडियो गेम खेलने को दौरान हुआ झगड़ा; एक की मौत

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका के अल्बुकर्क इलाके में न्यू मेक्सिको यूनिवर्सिटी के छात्रावास में शुक्रवार की सुबह गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी में 14 वर्षीय छात्र की मौत हो गई है। वहीं 19 वर्षीय एक अन्य छात्र घायल है। गोलीबारी के बाद सैंकड़ों छात्रों को यूनिवर्सिटी परिसर से सुरक्षित निकाला गया और संदिग्ध की तलाश की गई। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद छात्रों को सिर्फ मेस में खाना खाने जाने की इजाजत है और छात्रों को घटनास्थल से दूर रहने के निर्देश दिए गए हैं। दोपहर लगभग 2:30 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। संदिग्ध की पहचान 18 वर्षीय जॉन फ्यूंएटेस के रूप में हुई है। न्यू मेक्सिको राज्य पुलिस के अनुसार, 18 वर्षीय जॉन फ्यूएंटेस पर प्रथम श्रेणी की हत्या, मारपीट, गंभीर हमले और सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। फ्यूएंटेस को बिना जमानत के हिरासत में रखा जाएगा और वह तब तक हिरासत में रहेगा जब तक कि जिला अदालत उसकी रिहाई की शर्तें तय नहीं कर देती। पुलिस अधिकारियों ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जब गोलीबारी शुरू हुई, तब संदिग्ध समेत चार लोग अपने छात्रावास के कमरे में वीडियो गेम खेल रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध ने गोलीबारी की।

# ताइवान में चीन समर्थक सांसदों को हटाने की कोशिश नाकाम, उलटा पड़ा मतदान का दांव, बढ़ेंगी सरकार की मुश्किलें

**ताइपे एजेंसी।**
ताइवान के मतदाताओं ने शुरुआती रुझानों के मुताबिक चीन समर्थक करीब 20 प्रतिशत सांसदों को वापस बुलाने के प्रस्ताव को शनिवार को हुए मतदान में खारिज कर दिया। ताइवान की संसद से जिन सांसदों को वापस बुलाने का प्रस्ताव किया गया था, वे विपक्षी नेशनलिस्ट पार्टी के सदस्य हैं। इसी के साथ सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा स्व-शासित द्वीप की विधायिका में शक्ति संतुलन को बदलने की कोशिशें असफल हो गई हैं। स्वतंत्रता समर्थक सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी ने पिछले वर्ष राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज की थी। लेकिन चीन समर्थक राष्ट्रवादी, जिसे केएमटी के नाम से भी जाना जाता है, तथा ताइवान पीपुल्स पार्टी के पास संसद में बहुमत के लिए पर्याप्त सीट हैं।

आधिकारिक प्रारंभिक रुझानों के मुताबिक



दो दर्जन केएमटी सांसदों में से किसी को भी वापस बुलाने के प्रयास विफल रहे। सांसदों की संख्या के लिहाज से वापस बुलाने के लिए कराया गया मतदान अभूतपूर्व है। वहीं 23 अगस्त को सात और केएमटी सांसदों को इसी तरह के मतदान का सामना करना पड़ेगा। केएमटी के पास वर्तमान में 52 सीटें हैं, जबकि सत्तारूढ़ डीपीपी के पास 51 सीटें हैं। डीपीपी को विधायी बहुमत हासिल करने के लिए, केएमटी के कम से कम छह सांसदों की सदस्यता को समाप्त कराना होगा। सत्तारूढ़ पार्टी को उपचुनाव जीतना होगा, जो नतीजों की घोषणा के तीन महीने के भीतर होने चाहिए। किसी सांसद को वापस बुलाने के प्रस्ताव के पारित होने के लिए निर्वाचन क्षेत्र के एक-चौथाई से अधिक पात्र मतदाताओं को इसके पक्ष में मतदान करना होगा, तथा समर्थकों की कुल संख्या, इसके विरोध में मतदान करने वालों से अधिक होनी चाहिए। मतदान स्थानीय समयानुसार शाम चार बजे समाप्त हुआ। ताइवान का केंद्रीय चुनाव आयोग एक अगस्त को आधिकारिक तौर पर नतीजों की घोषणा करेगा। यदि अगले महीने के चुनाव परिणाम भी डीपीपी के प्रतिकूल रहे।

# ऑस्ट्रेलियाई सांसद ने 2 आदमियों के साथ किया बलात्कार, अदालत ने तीन मामलों में पाया दोषी

**केपटाउन , एजेंसी।**
ऑस्ट्रेलिया के सांसद ने दो अलग-अलग घटनाओं में एक शख्स के साथ बलात्कार किया और एक अन्य शख्स का यौन उत्पीड़न किया। ये दोनों ही घटनाएं दो साल के अंतराल में हुई। न्यू साउथ वेल्स के कियामा से 44 साल के सांसद गैरेथ वार्ड को शुक्रवार को डाउनिंग सेंटर जिला अदालत में जूरी ने दोषी ठहराया।

द इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, अदालत ने 2013 में एक 18 साल के शख्स के खिलाफ अभद्र हमले के तीन मामलों में और 2015 में एक 24



साल के शख्स के साथ बिना सहमति के यौन संबंध बनाने के एक मामले में दोषी पाया।

अभियोजन पक्ष ने कहा कि दोनों अजनबी व्यक्तियों की गवाही आश्चर्यजनक रूप से एक जैसी थी। हालांकि, बचाव पक्ष का कहना था कि आरोप मनगढ़ंत थे। क्राउन प्रॉसिक्यूटर मोनिका नोल्स ने कहा, समान व्यवहार, समान परिस्थितियां, एक ही व्यक्ति, एक ही निष्कर्ष। यह कोई संयोग नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी 2013 में सांसद ने कथित तौर पर नशे में धुत किशोर को अपने साउथ कोस्ट स्थित घर पर बुलाया और पीड़ित के विरोध के बावजूद एक ही रात में तीन बार उस पर हमला किया। दो साल बाद, इसी तरह की एक घटना में एनएसडब्ल्यू संसद भवन में एक कार्यक्रम के बाद नशे में धुत एक कर्मचारी के साथ बलात्कार किया गया। वार्ड ने 2015 में कथित बलात्कार की घटना से इनकार किया है और तर्क दिया है कि दूसरा शिकायतकर्ता 2013 की घटना को गलत तरीके से याद कर रहा है। उन्हें सशर्त जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

# केन्द्रीय रिजर्व पुलिस ने मनाया अपना 87वां स्थापना दिवस






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यालय, 26वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, चास, बोकारो (झारखण्ड) के तत्वाधान में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 87वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम की शुभारम्भ प्रातः Khelo India Schem's FIT India initiative के अन्तर्गत Cycle Campaign से किया गया । जिसमें बल के अधिकारियों एवं जवानों ने सड़को पर साइकिल मार्च निकाला एवं लोगों को 'स्वस्थ भारत' का संदेश दिया। इसके पश्चात श्री प्रकाश चन्द्र बादल, द्वितीय कमान अधिकारी 26वीं वाहिनी ने वाहिनी मुख्यालय में स्थापित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ाकर शहीदों को नमन किया, तत्पश्चात उनके द्वारा क्वार्टर गार्ड में सलामी ली गई। इस अवसर पर बटा. मुख्यालय में सैनिक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। जिसमें श्री बादल ने जवानों को संबोधित किया तथा बल के गठन से लेकर अभी तक बल द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों का जिक्र किया तथा बल के गौरव को बनाए रखने के लिए जवानों का प्रेरित किया। साथ ही साथ श्री बादल ने बताया कि के.रि.पु.बल का ध्येय है संविधान को सर्वोपरि बनाये रखते हुए, प्रभावशाली एवं दक्षतापूर्ण तरीके से विधि-व्यवस्था, लोक व्यवस्था एवं आन्तरिक सुरक्षा को कायम रखने में सरकार को समर्थ बनाये, ताकि राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता अक्षुण्ण बनी रहे और सामाजिक-सौहार्द तथा विकास का मार्ग प्रशस्त हो। वाहिनी मुख्यालय के साथ-साथ सभी कम्पनियों में सायं काल मे वॉली-वॉल मैच का आयोजन किया गया एवं विजेता, उप-विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके उपरांत बडे. खाने के आयोजन के साथ इस समारोह का समापन किया गया। इस अवसर पर श्री प्रकाश चन्द्र बादल, द्वितीय कमान अधिकारी, श्रीमति प्रतिभा यादव, उप कमाण्डेंट एवं डॉ ऋषभ शेखर, वरीय चिकित्सा अधिकारी के साथ-साथ बटालियन के अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

## अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलकर झारखंड सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री का अपमान किया : अर्जुन सिंह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड सरकार के द्वारा अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलने के बाद खासकर भाजपाइयों में आक्रोश देखा जा रहा है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री ने आज जैनामोड स्थित अपने कार्यालय ने प्रेस वार्ता आयोजित कर झारखंड सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान किया। उन्होंने कहा, झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने कैबिनेट में पास कर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के सम्मान में चलने वाले अटल मोहल्ला क्लीनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा हेल्थ सेंटर करने का जो काम किया है, यह श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई का अपमान है। अटल बिहारी वाजपेई झारखंड राज्य के निमार्ता हैं, जिनके सम्मान में यह अटल मोहल्ला क्लीनिक 2019 में प्रारंभ किया गया था। ताकि पूरे राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों में उत्तम स्वास्थ्य की व्यवस्था उपलब्ध करा सके। श्री सिंह ने कहा अटल बिहारी वाजपेई भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री थे।



भारत ही नहीं विदेशों में भी उनका सम्मान है। विकट परिस्थिति में भी कई दलों को मिलाकर बखूबी देश चलाने का मिसाल कायम किया। आज उनके नाम का क्लीनिक का नाम बदलकर इंडिया गठबंधन की सरकार पूर्व प्रधानमंत्री का अपमान कर रही है। श्री सिंह ने झारखंड सरकार से पूछा कि मदर टेरेसा का इस राज्य में क्या योगदान है। मूल रूप से वह एक ईसाई महिला थी जो सेवा की आड़ में पूरे देश में कथित धर्मांतरण का नेटवर्क चल रही थी। हजारों नहीं लाखों भोली भाली जनता को ईसाई बनाने का काम की थी। आज उसके नाम पर मोहल्ला क्लीनिक बनाकर इस राज्य में फिर हेमंत सोरेन सरकार ईसाई धर्म को एक बार प्रचार प्रसार का मौका दे रही है जो भोली भाली जनता के साथ छलावा है। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा सरकार से मांग करती है कि अपनी निर्णय को वापस ले। अटल जी को सम्मान दे। सरकार अपनी नीतियों में परिवर्तन नहीं करती है तो भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा पूरे राज्य में आंदोलन करेगी। सरकार के कृत को जन-जन तक पहुंचाएगी। तुष्टिकरण की राजनीति, धर्मांतरण की राजनीति, लैंड जेहाद की राजनीति, लव जिहाद की राजनीति के साथ घुसपैठियों का संरक्षण की राजनीति नहीं चलेगी। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता शंकर रजक, जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र मुर्मू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अफीम तस्करों से साठ गांठ के आरोप में थाना प्रभारी निलंबित

**डालटनगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पंजाब के अफीम तस्करों से साठ गांठ रखना पिपराटांड़ थाना प्रभारी राजवर्धन को काफी महंगा पड़ गया। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने थाना प्रभारी की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए शनिवार रात तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। मेदिनीनगर शहर थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर सुबोध कुमार को पिपराटांड़ का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। साथ ही पूरे मामले की जांच करने का निर्देश लेस्लीगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दिया है। एसडीपीओ की जांच रिपोर्ट के बाद बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जाएगी। बताते चले कि पलामू पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए आठ अंतरराज्यीय अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार तस्करों में चार पंजाब के रहने वाले हैं, जबकि चार पलामू के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इनमें एक स्थानीय चौकीदार का बेटा भी शामिल है। गिरफ्तार तस्करों के पास से पुलिस ने 32 लाख 90 हजार 400 रुपए, तीन किविंटल 14 किलो अफीम डोडा, चार वाहन बरामद किया था।

## बीएसएल विस्तारीकरण को ले कुमार अमित द्वारा चलाए जा रहे अभियान को मिला कई संगठनों का साथ

### पूर्व सैनिकों ने प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिख कर किया अभियान की शुरूआत



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के प्रस्तावित विस्तारीकरण और बीजीएच को सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने के समर्थन में चलाए जा रहे अभियान को अनेक सामाजिक संगठन अपना समर्थन दे रहे हैं। इस क्रम में झारखण्ड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के बोकारो ईकाई, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, निजी विद्यालयों का संगठन सहोदया, बोकारो मजदूर समाज और अयप्पा सेवा संगम ने अभियान को समर्थन दिया है। पूर्व सैनिकों ने पत्र लिख कर इन मांगो के समर्थन में प्रधानमंत्री को दस हजार पोस्टकार्ड लिखे जाने वाले अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के संयोजक कुमार अमित ने पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राकेश मिश्रा, दिनेशवर सिंह, संजीव कुमार, सहोदया के अध्यक्ष श्री सुरज शर्मा, अयप्पा सेवा संगम के अध्यक्ष पी. राजा गोपाल, मोहन नायर, बोकारो मजदूर समाज के अध्यक्ष और विस्थापित नेता राजेश महतो, होमगार्ड वेलफेयर के जिला अध्यक्ष अमरेन्द्र द्विवेदी, जयप्रकाश यादव, उमेश पांडेय आदि से मिल कर इस अभियान में समर्थन देने के लिए आभार जताया एवं आगामी 3 अगस्त को विस्तारीकरण के जनसमर्थन हेतु आयोजित सेमिनार में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। कुमार अमित ने कहा कि यह विस्तारीकरण बोकारो के उज्ज्वल भविष्य एवं झारखण्ड के विकास के लिए नितांत आवश्यक है। समाज के सभी वर्गो को इसका समर्थन करना चाहिए। इस अभियान के जनसमर्थन के लिए बोकारो के सभी सामाजिक संगठनों से मिलने का क्रम जारी रहेगा। इस दौरान अभियान से जुड़े अतुल सिंह, योगेन्द्र कुमार, शशि सिंह, सुनील महतो, चंद्रप्रकाश, निवारण महतो आदि भी उपस्थित थे।

## लोहरदगा में मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन

**लोहरदगा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोहरदगा सिविल कोर्ट परिसर स्थित सभागार में एक दिवसीय मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे जिले में प्रतिनियुक्त विभिन्न थानों के पुलिस अधिकारी, एनजीओ प्रतिनिधि एवं अर्ध न्यायिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। वहीं कार्यशाला में सिविल जज सीनियर डिविजन टू सह जेएम प्रथम क्लास ने कहा कि पॉक्सो के मामले के आईओ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि पीड़िता की पहली मुलाकात आईओ से होती है। वहीं आईओ की पीड़िता के प्रति रवैया और व्यवहार केस को नई दिशा देती है।

**अच्छे से साक्ष्य संग्रह करने व एफआईआर को सही और अच्छे ढंग से लिखने की बात कही**


वहीं उन्होंने केस पर चिकित्सक, न्यायालय, लोक अभियोजक, डालसा सहित अन्य एजेंसियों की भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सखी वन स्टॉप सेंटर काफी अच्छी विचार है। वहीं जांच के क्रम में पीड़िता को कई दिक्कतों से गुजरना पड़ता है। यदि सखी वन स्टॉप सेंटर में ही पीड़िता की जांच की सभी प्रक्रिया की जाए तो काफी अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि हमें पीड़िता के पुनर्वास के बारे में भी ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इस तरह के राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिसमें साल भर के किए गए कार्यो का डाटा तैयार किया जाता है। जिसे लेकर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सभी राज्य से पदाधिकारी पहुंचते है। जहां सर्वोच्च न्यायालय के तत्वाधान में सभी विषयों पर विचार करते हुए चर्चा की जाती है कि पोक्सो एक्ट को कैसे अच्छी तरह से बेहतर कर सकते है। साथ ही जेजे एक्ट में कैसे अच्छी तरह से कार्य कर सकते है। वहीं डा दीप्ति मल्लिका कुजूर ने कहा कि घटना के तुरंत बाद यदि पीड़िता को चिकित्सीय जांच के लिए लाया जाता है तो अधिक से अधिक साक्ष्य एकत्र हो पाता है। वहीं किसी कारणवस चिकित्सीय जांच के लिए देर से लाने पर साक्ष्य सही से एकत्र नहीं हो पाता है। इसलिए प्रयास किया जाए कि पीड़िता को चिकित्सीय जांच के लिए जल्द से जल्द लाया जाए। कार्यशाला में उपस्थित आईओ को पॉक्सो मामले में पुलिस द्वारा किए जाने वाले अनुसंधान के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही मामले पर अच्छे से साक्ष्य संग्रह करने व एफआईआर को सही और अच्छे ढंग से लिखने की बात कही। ताकि मामले को लेकर किसी प्रकार की समस्या नहीं हो। मौके पर विभिन्न थानों के पुलिस अधिकारी, पीएलवी उपस्थित थे।

## बस्ताकोला गौशाला से काँवरियों का जत्था रवाना



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेवा में अग्रणी युवा संघर्ष मोर्चा की टीम धनबाद से देवघर नगरिया तक काँवरियों की सेवा में लगातार लगी हुई है।इसी क्रम में रविवार को बस्ताकोला गौशाला से देवघर के लिए निकले काँवरियों के जत्थे के बीच युवा संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष दिलीप सिंह एवं झारखंड किन्नर समाज सचिव सह पूर्व निगम ब्रांड एंबेसडर श्वेता किन्नर द्वारा संयुक्त रूप से फल और जूस का वितरण किया गया।दिलीप सिंह और श्वेता किन्नर ने सभी यात्रियों को उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं। समाजसेवी दिलीप सिंह द्वारा सुल्तानगंज में भी डाक बम सेवा के तहत मणियां मोड़,सुइयां पहाड़,ईनारा और बरन क्षेत्र में लगातार सेवा का कार्य जारी है।इस अवसर पर दिलीप सिंह ने कहा कि सेवा सबसे बड़ो धर्म है और हमारे सभी कार्यकताओं ने बिना किसी भेदभाव के समाज के अंतिम व्यक्ति की मदद करने का संकल्प लिया है।जिसके तहत लगातार सेवा कार्य जारी है।वही श्वेता किन्नर ने कहा कि बाबा भोलेदानी सभी कांवरियों की यात्रा को सफल बनाएंगे और उनके इस निःस्वार्थ भक्ति भाव की सेवा का फल भी उन्हें अवश्य देंगे। बातदें की सावन के शुरूआत से ही बाबा नगरी की सेवा में दिलीप सिंह और उनकी संस्था लगे हुए हैं। श्री सिंह ने कांवरियों को किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर युवा संघर्ष मोर्चा से संपर्क करने का आग्रह किया है।मौके पर टाइगर चौरसिया, सुजीत कुमार, राम लखन,टार्जन भुईया,रामआशीष चौरसिया,गोलू , कुंदन सिंह और अनिल अग्रवाल उपस्थित थे।

### आम्रेश्वरधाम में रविवार को भी उमड़े कांवरिए



**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खूंटी के प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वरधाम में रविवार की सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। स्कूल, कॉलेज, दफ्तर और कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बंद रहने के कारण आम्रेश्वरधाम में हजारों कांवरियों की भीड़ जलाभिषेक के लिए पहुंची। बाबा आम्रेश्वरधाम प्रबंध समिति द्वारा भक्तों के जलार्पण के लिए मुकम्मल व्यवस्था की गई। जलार्पण के बाद जलनिकासी के लिए स्वयंसेवकों तत्पर रहते हैं। जलाभिषेक के लिए मंदिर के अंदर ही स्वच्छ जल की व्यवस्था की गई है। महिला और पुरुषों के लिए अलग अलग लाइन लगाई गई ताकि कांवरियों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। जलार्पण के बाद निकास द्वार से भक्तों के निकलने की व्यवस्था भी की गई है। बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक के बाद बाबा आम्रेश्वरधाम प्रबंध समिति ने भोग प्रसाद की भी व्यवस्था की और भक्तों ने कतारबद्ध होकर भोग प्रसाद ग्रहण किया। रविवार छुट्टी का दिन होने के कारण अधिकतर कांवरिए परिवार के साथ और दोस्तों के साथ जलाभिषेक के लिए आम्रेश्वरधाम पहुंचे। आज जनजातीय समूह भी आम्रेश्वरधाम में बाबा का जलाभिषेक

## ठेका मजदूरों ने बाइक रैली निकाल बीएसएल प्रबंधन को किया आगाह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट में ठेका मजदूर के रूप में काम करने वाले मजदूरों ने आज बाइक रैली निकालकर जन जागरण अभियान चलाया। मजदूर एकता का प्रदर्शन कर बोकारो स्टील प्रबंधन को आगाह करने का काम किया। एटक के बैनर तले ठेका मजदूरों ने महुआर गांव से बाइक रैली निकाली जो बोकारो स्टील के प्रशासनिक भवन सहित अन्य मार्गी पर घूम कर मजदूरी की गारंटी, न्यूनतम मजदूरी सहित अन्य मांगों पर प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट करानेबकी कोशिश की। एटक नेता रामाश्रय प्रसाद सिंह ने कहा कि अगर सेंट्रल यूनियन मजदूरों के हितों की रक्षा नहीं करेगी तो उन्हें भी मजदूरों का तिरस्कार झेलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बोकारो स्टील में ना तो मजदूर को न्यूनतम मजदूरी मिल रही है ना मजदूरी की गारंटी है और नहीं उन्हें अन्य सुविधाएं मिल रही है। ऐसे में जब तक एनआईटी में मजदूरी का प्रावधान बोकारो स्टील नहीं करती है तब तक ठेका मजदूरों को मजदूरी की गारंटी भी नहीं मिलेगी और उन्हें सभी लाभ भी नहीं मिल पाएगा। इसीलिए एनआईटी में मजदूरी का प्रावधान करने की जरूरत है। तभी ठेका मजदूरों का कल्याण हो पाएगा नहीं तो जिस तरह शोषण प्रबंधन ठेकेदारों के साथ मिलकर कर रहा है। ऐसे आगे भी उनका शोषण होता रहेगा।



## जानलेवा हमले में एक ग्रामीण घायल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भोजूडीह ओपी क्षेत्र के लंकाटांड में 52 वर्षीय कल्याण ठाकुर पर गांव के ही लोगों ने धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। इस जानलेवा हमले में कल्याण ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिनका इलाज सदर अस्पताल बोकारो में चल रहा है। भोजूडीह ओपी पुलिस ने घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल कल्याण ठाकुर ने बताया कि वह पूजा पाठ का काम करते हैं। उनका पूजा पाठ का काम अच्छा चलता है। लेकिन आरोपियों को गांव के लोग पूजा पाठ के लिए नहीं बुलाते हैं। जिस कारण हमारे विरोधियों के साथ मिलकर मुझे जान से मारने की धमकी दे रहे थे। आज जब चंदनकियारी से लौट रहे थे। इस दौरान सिद्धार्थ ठाकुर रोहिणी ठाकुर और कमल ठाकुर ने हमारे ऊपर हमला कर दिया। पीड़ित का कहना है कि धारदार हथियारों से जान मारने की नीयत से उसके ऊपर हमला किया गया है। इस जानलेवा हमले को अंजाम दिया है।

## साहू समाज की महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साहू समाज महिला संगठन के तत्वावधान में रविवार को मनईटांड़ स्थित साहू धर्मशाला में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद सांसद दुलू महतो की धर्मपत्नी सावित्री देवी उपस्थित हुई। महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पारंपरिक नृत्य ग्रुप व एकल, गायन, रैंप वाक का आयोजन किया गया। इसमें दो कैटिंगरियां 40 वर्ष से ऊपर व दूसरा 40 वर्ष से कम में बांटा गया था। दोनों कैटेगरीयों में से एक सावन क्वीन बनी। महोत्सव में समाज की महिलाओं ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। सभी ने भरपूर आनंद लिया।अध्यक्ष रीना साहू ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को उनकी प्रतिभाओं का आभास कराना है। सभी के लिए लजीज व्यंजन का व्यवस्था किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष नीतू साहू, कोषाध्यक्ष गीता देवी, पम्मी साहू, सीता साहू, प्रीति गुप्ता, आर्ची साहू, बबीता देवी, कुंती देवी, मौना देवी, सुधा देवी, मिनी देवी, पुतुल देवी, श्वेता भारती, रूपा देवी, अर्पण साव ज्योति देवी, इंदु देवी, रीना देवी आदि शामिल थे।

## अवैध कोल माइनिंग चंद पूंजीपतियों का एक बड़ा व्यवसाय हो गया है : ए के झा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री ए के झा ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा है कि अवैध कोल माइनिंग भारतीय जनता पार्टी शासनकाल में चंद पूंजीपतियों का एक बड़ा व्यवसाय हो गया है जिसे सत्ताधारी दल का पूर्ण राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। जब से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है उसकी पूंजीवादी नियत और नीति ने धनबाद झारखंड का सबसे बड़ा लाभकारी लाइफलाइन पब्लिक सेक्टर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को पूर्णरूपेण आउटसोर्सिंग कंपनी/ एमडीओ की भेंट चढ़ा दी है। बेरोजगारी बढ़ गई है। रोजगार के सारे दरवाजे बंद कर दिए गए। झारखंड के गरीब किसान मजदूर को चंद पूंजीपत्ति शोषण का शिकार बनाकर इलीगल माइनिंग के रूप में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के समानांतर एक नया निजी उद्योग चालू कर दिया है। एक तरफ बेरोजगारी, महंगाई और बेबसी के शिकार मजदूर अपनी जान जोखिम में रखकर इलीगल माइनिंग कर रहे हैं जिससे प्रतिवर्ष हजारों मजदूर जमींदोज होकर मौत का शिकार हो रहे है।

## ग्रामीण युवा अरविंद महतो का जेपीएससी में शानदार प्रदर्शन

**चंदनकियारी (बोकारो)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सपने अगर सच्ची मेहनत से जुड़े हों, तो वह हकीकत में जरूर बदलते हैं। इसी कहावत को चरितार्थ किया है चास प्रखंड के पोखन्ना गांव निवासी अरविंद महतो ने। उन्होंने झारखंड प्रशासनिक सेवा की परीक्षा में शानदार 41वीं रैंक हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे गाँव और समाज को गौरवान्वित किया है। अरविंद महतो, जो धीरेन्द्र महतो के सुपुत्र हैं, की यह सफलता उनकी लगन, अनुशासन और सतत परिश्रम का प्रमाण है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर प्रशासनिक सेवा तक पहुँचने का यह सफर हर युवा के लिए एक प्रेरणा बन गया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में आज एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहाँ मानवाधिकार मिशन के हजारीबाग प्रण्डलीय अध्यक्ष कर्ण सिंह चौधरी, बोकारो जिलाध्यक्ष-सह झामुमो बुद्धिजीवी मोर्चा जिलाध्यक्ष किरण चंद्र बाउरी, अताउद्दीन अंसारी, मुखिया कुम्हारदागा पशुपति कुम्हार, पंचानंद महतो, और प्रेम कर्मकार अरविंद के आवास पर पहुँचे और उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सभी गणमान्य लोगों ने अरविंद की सफलता को समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बताते हुए कहा कि ऐसे युवाओं से समाज को नई दिशा और ऊर्जा मिलती है। गाँववासियों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है और हर कोई अरविंद को एक आदर्श युवा और भविष्य के योग्य प्रशासनिक अधिकारी के रूप में देख रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com